

उत्तरप्रदेश ,मध्यप्रदेश,छत्तीसगढ़,नई दिल्ली व राजस्थान से एक साथ प्रकाशित

# सांध्य पहल

उत्तरप्रदेश में सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला हिन्दी दैनिक

आज का तापमान
अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 16 डिग्री

**संक्षिप्त समाचार**

## जम्मू-कश्मीर के कठुआ में सेना की आतंकियों से मुठभेड़ बंद-हीरानगर सेक्टर के सान्याल में 4-5 आतंकियों को घेरा

**जम्मू,एजेंसी।** जम्मू के कठुआ में नियंत्रण रेखा (LoC) के पास हीरानगर सेक्टर में रविवार शाम करीब 6:30 बजे आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ हुई। करीब तीन घंटे चले एनकाउंटर में 7 साल की बच्ची घायल हो गई। विजिबिलिटी कम होने की वजह से एनकाउंटर रोक दिया गया। सुबह होते ही ऑपरेशन फिर से शुरू किया जाएगा। सुरक्षाबलों को 4-5 आतंकी होने की खबर है। इलाके में अतिरिक्त सुरक्षाबल तैनात किया गया है। साथ ही पंजाब के पड़ोसी जिलों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। अधिकारियों ने बताया कि LoC से करीब 5 km दूर इलाके के सान्याल गांव में सर्च ऑपरेशन चल रहा था, तभी आतंकियों ने फायरिंग की। सेना ने इलाके की घेराबंदी कर रखी है।

## सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट-सुशांत केस में हत्या के सबूत नहीं: रिया के वकील बोले-झूठी कहानियां बनाई गईं

**मुंबई,एजेंसी।** सुशांत सिंह राजपूत डेथ केस में सीबीआई ने 4 साल 6 महीने 15 दिन बाद फाइनल क्लोजर रिपोर्ट फाइल की है। जिसमें जांच एजेंसी ने कहा है कि आत्महत्या के लिए सुशांत को उकसाने का कोई सबूत नहीं मिला है। सुशांत सिंह राजपूत 14 जून 2020 को बांद्रा में अपने घर पर रहस्यमय तरीके से मृत पाए गए थे। मीडिया और विपक्षी दलों के प्रेशर की वजह से इस मामले की जांच को सीबीआई को सौंपा गया। अब सीबीआई की आखिरी रिपोर्ट में मौत की असल वजह सुसाइड ही बताई गई है। इस मामले में रिया चक्रवर्ती को 27 दिन जेल में रहना पड़ा था। सीबीआई की तरफ से फाइनल रिपोर्ट सामने आने के बाद रिया के वकील सतीश मानेशिंदे ने बयान जारी कर कहा कि इस मामले में कई झूठी कहानियां बनाई गईं। इसके बावजूद रिया और उनका परिवार चुप रहकर सब सहता रहा।

**विश्व क्षय रोग दिवस की पूर्व संध्या पर अपने संदेश में राष्ट्रपति ने कहा:**

# भारत को टीबी-मुक्त बनाने के लिए मिलकर करें काम



**नई दिल्ली,एजेंसी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि टीबी (क्षय रोग) ने दुनिया भर में करोड़ों लोगों को सामाजिक और आर्थिक रूप से प्रभावित किया है। उन्होंने सभी लोगों से मिलकर काम करने की अपील की ताकि भारत को टीबी-मुक्त बनाया जा सके। विश्व क्षय रोग दिवस की पूर्व संध्या पर अपने संदेश में राष्ट्रपति ने कहा कि राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत किए गए संयुक्त प्रयासों से देश में टीबी के मामलों में कमी आई है।

### सभी हितधारक मिलकर काम करें: राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा, मैं सभी हितधारकों और लोगों से अपील करती हूं कि वे मिलकर काम करें और भारत को टीबी-मुक्त बनाएं। राष्ट्रपति ने टीबी को एक राष्ट्रीय और वैश्विक स्वास्थ्य चुनौती बताया।

उन्होंने कहा कि यह बीमारी न केवल सेहत पर असर डालती है बल्कि लोगों के जीवन और आजीविका को भी प्रभावित करती है।

### पूरी दुनिया को एकजुट होकर काम करना होगा

इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस साल के विश्व क्षय रोग दिवस की थीम हां, हम टीबी को खत्म कर सकते हैं।

संकल्प लें, निवेश करें और पूरा करें इस बात को दर्शाती है कि टीबी को खत्म करने के लिए पूरी दुनिया को एकजुट होकर काम करना होगा।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर बनेंगे केरल भाजपा के नए अध्यक्ष, के. सुरेंद्रन की लेंगे जगह

**तिरुवनंतपुरम,एजेंसी।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और बीजेपी नेता राजीव चंद्रशेखर केरल बीजेपी के नए प्रदेश अध्यक्ष बनने जा रहे हैं। वह इस पद के लिए एकमात्र उम्मीदवार हैं, इसलिए उनकी नियुक्ति तय मानी जा रही है। पार्टी के सूत्रों के मुताबिक, इसकी आधिकारिक घोषणा सोमवार को राज्य परिषद की बैठक के बाद होगी। पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर केरल भाजपा के नए अध्यक्ष होंगे। रविवार को पर्यवेक्षक केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी, राज्य के प्रभारी पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर और सह प्रभारी सांसद अपराजिता सारंगी की की मौजूदगी में हुई राज्य कोर कमेटी की बैठक में ये फैसला लिया गया है। राजीव चंद्रशेखर ने वर्तमान अध्यक्ष के सुरेंद्रन की जगह लेंगे।

**अध्यक्ष पद के लिए अकेले भरा था नामांकन**

इससे पहले रविवार को राजीव चंद्रशेखर ने भाजपा



मुख्यालय में अध्यक्ष पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया।

इस मौके पर वर्तमान अध्यक्ष के सुरेंद्रन, कुन्नमम राजशेखरन, वी मुरलीधरन, पीके कृष्णदास, एमटी रमेश, केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी और जॉर्ज कुरियन मौजूद रहे।

## दुर्घटना रोकने के लिए यातायात नियमों का पालन जरूरी



**नई दिल्ली,एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने रविवार को सड़क सुरक्षा के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह हर नागरिक के लिए यह एक गंभीर चिंता का विषय है। एक समाचार एजेंसी से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यातायात नियमों का पालन करना बहुत जरूरी है, क्योंकि भारत में दुनिया भर में सबसे अधिक सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। उन्होंने कहा कि जब हम सड़क पर होते हैं, तो हमें कई नियमों का पालन करना चाहिए ताकि दुर्घटनाएं रोकी जा सकें। रिजिजू ने सड़क दुर्घटनाओं को एक बड़ी चिंता का विषय बताते हुए कहा कि हमारे देश में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या सबसे ज्यादा है।

## संभल हिंसा: जामा मस्जिद के सदर को जेल भेजा

**जफर अली को सुबह घर से उठाया, 4 घंटे पूछताछ; बोले- मैंने भीड़ को नहीं भड़काया**



**संभल,एजेंसी।** संभल हिंसा के 4 महीने बाद जामा मस्जिद के सदर जफर अली को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उन पर भीड़ को भड़काकर दंगा कराने का आरोप है। हालांकि चंदौसी कोर्ट में पेशी के दौरान जफर अली ने कहा, मैंने कोई हिंसा नहीं भड़काई है। इससे पहले पुलिस ने जफर अली को रविवार सुबह 11 बजे घर से उठाया। करीब 4 घंटे कोतवाली में पूछताछ की। पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। इस पर उनके साथी अधिवक्ता पुलिस की गाड़ी के पीछे भागने लगे। लोगों ने जफर अली जिंदाबाद के नारे लगाए। जफर अली का घर मस्जिद से 100 मीटर दूर है। तनाव को देखते हुए इलाके में 200 से ज्यादा जवान तैनात किए गए हैं। 5 थानों की फोर्स भी जामा मस्जिद इलाके में तैनात है। स्क्र केके बिश्नोई, ष्ट्ठ अनुज चौधरी फ्लैग मार्च कर रहे हैं। संभल में 24 नवंबर को जामा मस्जिद सर्वे के दौरान हिंसा हुई थी। इसके एक दिन बाद (25 नवंबर को) पुलिस ने जफर को उठाया था और कोतवाली में उनसे पूछताछ की थी।

## जज कैश केस: घर के बाहर रू.500 के नोट मिले

**कल सुप्रीम कोर्ट ने वीडियो जारी किया, स्टोररूम की बोरियों में थे अधजले नोट**

**नई दिल्ली,एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा के बंगले के बाहर रविवार को सफाई के दौरान सफाई कर्मचारियों को 500-500 रुपए के अधजले नोट मिले। सफाईकर्मियों ने बताया कि 4-5 दिन पहले भी हमें ऐसे नोट मिले थे। ये नोट सफाई के दौरान सड़क पर पत्तों में पड़े हुए थे। इससे पहले 21 मार्च को जस्टिस वर्मा के बंगले से 15 करोड़ रुपए कैश मिलने की बात सामने आई थी। 14 मार्च को होली के दिन उनके घर में आग लग गई थी।

फायर सर्विस की टीम जब उसे बुझाने गई तो स्टोर रूम में उन्हें बोरियों में भरे 500-500 रुपए के अधजले नोट मिले थे। 22 मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस वर्मा के लुटियंस दिल्ली के घर से मिले कैश की जांच रिपोर्ट सार्वजनिक कर दी है।

इसमें कैश का वीडियो भी है। साथ ही तीन तस्वीरें भी जारी की गई हैं। इसमें 500 रुपए के जले हुए नोटों के बंडल दिखाई दे रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि 14 मार्च को जस्टिस के घर आग लगने के बाद फायर ब्रिगेड की टीम वहां पहुंची थी। आग पर काबू पाने के बाद 4-5 अधजली बोरियां मिलीं, उनके अंदर नोट भरे हुए थे।

इस पर जस्टिस वर्मा ने कहा कि ये नोट उन्होंने या उनके परिवार के लोगों ने नहीं रखे। स्टोर रूम में कोई भी आ जा सकता है। मुझे फंसाया जा रहा है। 21 मार्च को दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस डीके उपाध्याय ने इंटरनल इन्क्वायरी के बाद सुप्रीम कोर्ट को रिपोर्ट सौंपी थी। सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस वर्मा को ज्यूडिशियल काम देने से मना कर दिया है। अब जस्टिस वर्मा के 6 महीने की कॉल डिटेल्स की जांच की जाएगी।

## मोहन भागवत से मिले भाजपा अध्यक्ष नड्डा

**औरंगजेब पर RSS बोला- आक्रांता हमारे आइकॉन नहीं हो सकते, धार्मिक आरक्षण नामंजूर**



**बेंगलुरु,एजेंसी।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष की चुनावी प्रक्रिया के बीच रविवार को जेपी नड्डा ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) प्रमुख मोहन भागवत से मुलाकात की। सूत्रों के मुताबिक ये बैठक बेंगलुरु में हुई। यहां 21 मार्च से RSS की सर्वोच्च संस्था अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक चल रही थी।

बैठक का आज आखिरी दिन था। सूत्रों के मुताबिक भागवत के साथ हुई मुलाकात में नड्डा ने पार्टी संगठन के चुनाव को लेकर चर्चा की। नड्डा 2020 में पूर्णकालिक अध्यक्ष बनाए गए थे। उनका कार्यकाल जनवरी 2023 में खत्म हो गया था। इसके बाद लोकसभा, आंध्र, अरुणाचल, सिक्किम, ओडिशा, जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखंड और दिल्ली विधानसभा चुनाव की वजह से उन्हें एक्सटेंशन दिया गया।


लोकसभा चुनाव में पार्टी की लगातार तीसरी जीत के बाद नड्डा केंद्र सरकार में मंत्री बनाए गए। एक व्यक्ति एक पद के मुताबिक उनकी जगह अब नया अध्यक्ष चुना जाना है।

पार्टी के संविधान के मुताबिक 50 प्रतिशत राज्यों के संगठनात्मक चुनाव पूरा हो जाने के बाद नए अध्यक्ष का चुनाव होता है। अभी 36 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों में से 13 में ही प्रदेश अध्यक्ष चुने गए हैं।

# सौरभ हत्याकांड : मेरठ की जेल में बंद मुस्कान ने मांगा सरकारी वकील

**मेरठ ,एजेंसी।** मेरठ के चौधरी चरण सिंह जिला कारागार में बंद सौरभ हत्याकांड की आरोपी मुस्कान ने जेल अधीक्षक से गुहार लगाई है। उसने अपने केस को लड़ने के लिए सरकारी वकील की मांग की है।

मुस्कान ने जेल अधीक्षक वीरेश राज शर्मा को लिखित प्रार्थना पत्र सौंपकर यह मांग की है। जेल अधीक्षक ने बताया कि मुस्कान ने शनिवार को उनसे मिलने की इच्छा जाहिर की थी। मुलाकात के दौरान उसने अपनी परेशानी बताई और सरकारी वकील के बारे में बात की। वीरेश राज शर्मा ने कहा कि बंदी का यह अधिकार है कि अगर उसके पास निजी वकील नहीं है, तो उसे सरकारी वकील दिया जाए। इसी के तहत मुस्कान का प्रार्थना पत्र कोर्ट में भेजा जा रहा है। वहीं, इस मामले में सह-आरोपी साहिल ने अभी सरकारी वकील लेने पर कोई फैसला नहीं लिया है। उसका कहना है कि वह पहले अपने परिवार वालों से बात करेगा। अगर वे उसका केस नहीं लड़ते, तभी वह आगे निर्णय



लेगा। जेल अधीक्षक ने बताया कि रविवार होने के कारण कोर्ट में अर्जी सोमवार को दी जाएगी। मुस्कान और साहिल दोनों नशे की लत से जूझ रहे हैं।

चिकित्सा परीक्षण में यह बात सामने आई है कि दोनों नशे के आदी हैं। जेल प्रशासन ने इनकी स्थिति को देखते हुए इलाज शुरू कर दिया है। जेल अधीक्षक और डॉक्टरों की निगरानी में दोनों का उपचार चल रहा है। नशे से छुटकारा दिलाने के लिए दवाइयों के साथ-साथ काउंसलिंग भी की जा रही है। जेल में चल रहे नशा मुक्ति केंद्र के जरिए दोनों को योग, ध्यान और शारीरिक गतिविधियों में शामिल किया गया है। वीरेश राज शर्मा ने बताया कि नशे के कारण होने वाले %विड्रॉल सिम्टम्स% (नशा छोड़ते वक्त होने वाले शारीरिक और मानसिक बदलाव) को रोकने के लिए भी दवाएं दी जा रही हैं। केंद्र 10 से 15 दिनों में दोनों को नशे से मुक्त कराने की कोशिश में है। जेल अधीक्षक ने यह भी कहा कि मेरठ जिला कारागार में कई बंदी नशे की समस्या के साथ आते हैं। समाज में नशे की बढ़ती समस्या को देखते हुए जेल में नशा मुक्ति केंद्र चलाया जाता है। यहां काउंसलिंग, योग और अन्य गतिविधियों के जरिए बंदियों को नशे से दूर करने की कोशिश की जाती है। मुस्कान और साहिल के मामले में भी यही प्रयास जारी है।

**मणिपुर हिंसा पर चर्चा हो तो समाधान दूर नहीं:जस्टिस गवई बोले-**

## राज्य में हर कोई शांति चाहता है, मौजूदा हालात पर किसी की दिलचस्पी नहीं

**इंफाल,एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बीआर गवई ने रविवार को कहा कि संवैधानिक तरीकों से सभी समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। जब संवाद होता है तो समाधान आसानी से मिल जाता है। जस्टिस गवई ने कहा, मणिपुर में जातीय संघर्ष से वहां के लोग बहुत परेशान हैं। हर को शांति बहाली चाहता है।

कोई भी मौजूदा स्थिति को जारी रखने में दिलचस्पी नहीं रखता। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के जजों के लिए उस राज्य (मणिपुर) का दौरा करना बहुत खुशी की बात है, जहां नेताजी सुभाष चंद्र बोस और भारतीय राष्ट्रीय सेना ने देश की आजादी के लिए लड़ाई लड़ी थी। जहां 1944 में पहली बार भारतीय ध्वज फहराया गया था। दरअसल,



जस्टिस गवई ने इंफाल में मणिपुर हाईकोर्ट की स्थापना की 12वीं वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम में यह बात कही। शनिवार को सुप्रीम कोर्ट के 6 जज जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस एमएम सुंदरेश, जस्टिस केवी विश्वनाथन और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह वाला प्रतिनिधिमंडल मणिपुर पहुंचा था।

## जबलपुर में यात्रियों से भरी बस अनियंत्रित होकर पलटी, तीन लोगों की मौत और 25 घायल

**जबलपुर ,एजेंसी।** मध्य प्रदेश के जबलपुर में रविवार को एक यात्रियों से भरी बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई और 25 घायल हुए हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा बरगी थाना क्षेत्र के अंतर्गत रमनपुर घाटी में हुआ। बस यात्रियों को लेकर अयोध्या से नागपुर जा रही थी। सुबह लगभग 4.45 बजे रमनपुर घाटी के पास बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 25 लोग घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा। वहीं, तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस हादसे की जांच कर रही है। बता दें कि इससे पहले 13 मार्च को मध्य प्रदेश के धार जिले के बदनावर-उज्जैन फोरलेन पर सड़क दुर्घटना में कई लोगों की मौत हो गई थी और तीन गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पुलिस ने छह लोगों की मौत की पुष्टि की थी। रिपोर्ट के अनुसार, मृतक सीतामऊ थाना क्षेत्र के मंदसौर के निवासी थे। वे इंदौर से उज्जैन होते हुए मंदसौर लौट रहे थे। पुलिस ने बताया था कि पिकअप में सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि दूसरे को अस्पताल भेजा गया था।

# प्रदेश में हो रहा है तेजी से विकास : मुख्यमंत्री डॉ.यादव

**मुख्यमंत्री ने जामसांवली में की चमत्कारिक हनुमानजी की पूजा-अर्चना**

**भोपाल,ब्यूरो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कुशल निर्देशन में सभी क्षेत्रों में विकास के कार्य तेजी से हो रहे है। विकास के कीर्तिमान स्थापित हुये हैं मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जामसांवली सहित प्रदेश में 13 अलग-अलग लोक के निर्माण कार्य से धार्मिक एवं पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा। हनुमान लोक का प्रथम चरण का कार्य मई तक पूर्ण करने का लक्ष्य है और द्वितीय चरण में शीघ्र ही हनुमान लोक के विकास के कार्य होंगे। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में प्रत्येक वर्ग के कल्याण के कदम उठाए गए हैं। पांढुर्णा में सभी विकास कार्य होंगे, जिससे जिले में औद्योगिक विकास होगा और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुड़ी पडवा (नये विक्रम संवत) की शुभकामनाएँ देते हुये कहा कि नये साल में पांढुर्णा के विकास को प्राथमिकता से किया



जाएगा। । मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को पांढुर्ना में चमत्कारिक हनुमानजी के मंदिर परिसर जामसांवली में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए।

**सभी वर्गों के कल्याण के लिये प्रतिबद्ध सरकार : मुख्यमंत्री डॉ.यादव**

मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में लगातार विकास हो रहे हैं और सभी वर्गों के कल्याण के लिये सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि किसान, युवा, महिला और गरीबों के लिये सरकार प्राथमिकता से कार्य कर रही है। इस बार किसानों से 2600 रूपये प्रति क्विंटल गेहूं खरीदी जायेगी। साथ ही धान उत्पादन पर भी प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में रोजगार देने का लक्ष्य है। लोकसेवा आयोग की परीक्षाएं जो रुकी थीं, वे सभी हो रही हैं। इसी प्रकार गरीबों के हित लिये भी लगातार कार्य किये जा रहे हैं।

## अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी से शिक्षा में बदलाव की नई पहल : विधायक खण्डेलवाल

### आगरा के 2077 विद्यालयों में मेगा अभिभावक-शिक्षक बैठक का सफल हुआ आयोजन
### न्यू आगरा कंपोजिट स्कूल में श्री पुरुषोत्तम खंडेलवाल जी ने किया अभिभावकों से संवाद






सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और निपुण भारत मिशन को गति देने के उद्देश्य से आगरा ज़िला प्रशासन और बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा जिले के 2492 सरकारी विद्यालयों में मेगा अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) का आयोजन किया गया। इस बैठक में 15 हजार से अधिक अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि शिक्षा को लेकर समुदाय में जागरूकता और भागीदारी लगातार बढ़ रही है। बैठक में अभिभावकों को निपुण भारत मिशन की गतिविधियों, शिक्षण में नवाचार, और टीचिंग-लर्निंग मैटेरियल (TLM) के प्रभावी उपयोग की जानकारी दी गई। साथ ही, बच्चों की शिक्षा में अभिभावकों की भूमिका और विद्यालयों में उनकी उपस्थिति बढ़ाने पर भी चर्चा हुई। आयोजन में जिला प्रशासन के तमाम अधिकारियों के साथ जन प्रतिनिधियों ने भी बढ़-चढ़कर सहभाग किया। मेधावी बच्चों को सम्मानित करना और उन अभिभावकों को भी सम्मानित करना, जो बच्चों को नियमित विद्यालय भेजते हैं, इस आयोजन का मुख्य आकर्षण रहा। इसकी तैयारियों के लिए विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रदर्शनियाँ लगाकर विद्यालय को सुसज्जित किया गया था। इस अवसर पर न्यू आगरा कंपोजिट स्कूल में मा.श्री पुरुषोत्तम खंडेलवाल जी ने अभिभावकों से संवाद करते हुए कहा कि माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बेसिक शिक्षा के लिए विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है, जिसमें निःशुल्क गणवेश और पाठ्यपुस्तकों के वितरण के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना मुख्य है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए यह अत्यंत आवश्यक है कि बच्चे नियमित रूप से विद्यालय आएँ और इसमें अभिभावकों की बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने का आह्वान किया और प्रेरित किया। मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती प्रतिभा सिंह ने बताया कि शासन की मंशा यही है कि हर बच्चा निपुण बने और इसके लिए अभिभावकों को साथ लाना होगा। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हर अभिभावक से हम पीटीएम बैठकों के माध्यम से संवाद स्थापित करें। इस संदर्भ में, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि यह हमारा विशेष अभियान था, जिसमें जिला स्तर से हर अधिकारी ने एक विद्यालय में पीटीएम में भाग लिया और बच्चों की प्रगति के बारे में अभिभावकों से चर्चा की। यह बैठक का एक मुख्य बिंदु रहा। आगे के सत्रों में भी हम नियमित पीटीएम आयोजित करेंगे और अधिक से अधिक अभिभावकों को प्रेरित करेंगे। इस पीटीएम बैठक में कंपोजिट विद्यालय सरदार पटेल, नगर क्षेत्र में भाग लेने वाली अभिभावक श्रीमती शाजिया ने बताया कि पीटीएम का आयोजन पहले भी किया जाता रहा है, लेकिन इस बार का आयोजन हमारे लिए खास था क्योंकि सभी अभिभावकों को न सिर्फ आमंत्रित किया गया, बल्कि हमारे बच्चों की शैक्षणिक दक्षताओं के बारे में भी हमें जानकारी दी गई।

## दूसरे समुदाय के युवक ने दलित किशोरी के साथ किया दुष्कर्म, दी जान से मारने की धमकी

**कुरावली।** नगर के एक मोहल्ले में एक विशेष समुदाय के दबंग युवक ने दलित समुदाय की किशोरी के साथ दुष्कर्म कर दिया तथा अपने साथी के साथ मिलकर एक युवक की मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी घटना की रिपोर्ट थाना में दर्ज कराई गई। नगर के एक मोहल्ले निवासी दलित विधवा पति की मृत्यु के बाद अपनी 14 वर्षीय पुत्री के साथ मजदूरी पर पूड़ी वेलने का काम करके गुजारा अपने परिवार का करती है। बीती 11 मार्च की रात लगभग 9 बजे विधवा मजदूरी करने गई थी उसकी नाबालिग पुत्री गाँव मे दुकान से सामान लेकर घर लौट रही थी। उसी समय युवक फैजान पुत्र मुहम्मदीन ने रास्ते में किशोरी को डरा धमकाकर व बहला फुसला कर शेर सिंह के खाली पडे मकान मे ले जाकर दुष्कर्म कर दिया। इसके बाद बीते गुरुवार की शाम 4 बजे आरोपी फैजान ने अपने साथी इरफान पुत्र अलाउद्दीन के साथ जमादार कठेरिया के घर के अन्दर घुसकर जमादार के नाती विजय कुमार के साथ फैजान व इरफान ने लात घूसो से मारपीट की और कहा कि किशोरी को मेरे साथ भेज दे। नही तो तुझे गाँव में नही रहने देंगे। इसके साथ ही दोनों आरोपियों ने विधवा तथा मोहल्ले के कई लोगों को जान से मारने की धमकी दी। घटना की रिपोर्ट विधवा ने थाना में दर्ज कराई पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## बालू पर बाइक रपटने से युवक गंभीर घायल

**कुरावली।** रविवार को नगर के घिरोर मार्ग पर सड़क के किनारे पड़ी बालू पर बाइक रपटने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जिला चिकित्सालय रैफर कर दिया गया। थाना भोगांव के ग्राम नरेनीपुर निवासी युवक विनय कुमार पुत्र श्री कृष्ण रविवार की जनपद एटा के थाना सकीट क्षेत्र मैं अपनी रिश्तेदारी से घर वापस लौट रहा था। जैसे ही वह घिरोर मार्ग पर थाना क्षेत्र में पहुंचा तभी अचानक बाइक सड़क के किनारे पड़ी बालू पर चढ़ गई और अनियंत्रित होकर रपट गई। जिससे बाइक सवार विनय गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों द्वारा घायल युवक को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां उसे प्राथमिक उपचार देकर जिला चिकित्सालय रैफर कर दिया गया।

## तीन घण्टे में पुलिस ने दुष्कर्म करने वाले को किया लंगड़ा



**हाथरस।** पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के लंगड़ा अभियान ने रफ्तार पकड़ ली है, दुष्कर्म व छेड़खानी करने वाले आरोपी को मात्र तीन घण्टे के अंदर मुठभेड़ में किया लंगड़ा। पुलिस अधीक्षक ने कहा इस केश को फास्ट ट्रेक कोर्ट में चला आरोपी को जल्द सजा दिलायेंगे। हाथरस की सासनी कोतवाली क्षेत्र के गांव जरैया में बच्चियों के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को पकड़ने पहुंची कोतवाली पुलिस के साथ हुई आरोपी की मुठभेड़ में आरोपी बोबी पुत्र मुख्तार घायल हो गया, आरोपी के दोनों पैरों में मुठभेड़ में गोली लगने के बाद उसे गिरफ्तार कर उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा है। पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया कि सूचना मिली की कोतवाली सासनी क्षेत्र के गांव जरैया में एक व्यक्ति बोबी जो सासनी के मोहल्ला कस्साबान का रहने वाला है, जो कबाडे की दुकान का काम करता है, उसने गांव की एस बच्ची के साथ दुष्कर्म किया व दूसरी के साथ छेड़खानी की है। जिसमें हमने उसे पकड़ने के लिए तीन टीमों का गठन किया, मुखबिर से सूचना मिली की आरोपी एक जगह पर छुपा हुआ है, जब टीम ने इसे पकड़ने की कौशिश की तो उसने टीम पर फायर करना शुरू कर दिया। जबाबी कार्यवाही में दुष्कर्म व छेड़खानी की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी बोबी पुत्र मुख्तार कुरैशी से के पैरों में गोली लग गयी, उसे घायल अवस्था में जिला अस्पताल भेजा है। मात्र तीन घण्टे के अन्दर पुलिस ने मुठभेड़ में दुष्कर्म के आरोपी को पकड़ा है, उन्होंने कहा इस केश को फास्टट्रेक में ले जायेगं।

## क्रांतिकारियों को माला पहना कर पालिकाध्यक्ष ने नम आखों से की श्रद्धांजलि अर्पित




**हाथरस।** नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता चौधरी ने शहीद पार्क एवं वसुन्धरा एन्क्लेव स्थित अपने केम्प कार्यालय पर भारत के महान क्रांतिकारियों भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की शहादत के दिन श्रद्धांजलि अर्पित की। नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि वीर सपूतों ने देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। आज के दिन हम उनके साहस, बलिदान और उनके आदर्शों को याद करते हैं, जो हमें हमेशा देश सेवा और समाज के लिए काम करने की प्रेरणा देते हैं। पालिकाध्यक्ष श्वेता चैधरी ने कहा, भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव ने हमारे देश के लिए जो संघर्ष किया, वह प्रेरणादायक है। उनकी शहादत हमें यह सिखाती है कि स्वतंत्रता और न्याय की प्राप्ति के लिए हमें हर मुश्किल का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए। हम सबको उनके आदर्शों का पालन करते हुए अपने कर्तव्यों को निभाना चाहिए, हमें अपने देश के प्रति सम्मान और प्रेम को बनाए रखना चाहिए, ताकि उनके बलिदान को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की जा सके। शहीदों की कुर्बानी को याद करते हुए पालिकाध्यक्ष श्वेता चैधरी ने हाथरस नगर वासियों से अपील की कि वे हमेशा अपने देश के विकास और समाज में समरसता के लिए काम करें और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें। इस अवसर पर सभासद धीरज जैन, सभासद दिनेश सिंह (नन्ने), ब्रजेश गौतम, देवेन्द्र चैहान, ठाकुर जोगिन्दर सिंह, बाबा ट्रांसपोर्ट, आदि गणमान्य की उपस्थिति रही !

## नकली दवा तैयार करने वाले गैंग पर शिकंजा, सरगना विजय गोयल सहित 11 पर गैंगस्टर की कार्रवाई



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** नकली दवा बनाने वालों पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। गैंग के लीडर समेत 11 पर गैंगस्टर में मुकदमा दर्ज किया है। करीब दो वर्ष पहले पुलिस ने नकली दवा बनाने वाली फैक्टरी पकड़ी थी। नकली दवा बनाने वालों पर पुलिस ने शिकंजा कस दिया है। गैंग के लीडर विजय गोयल समेत 11 पर गैंगस्टर में कार्रवाई की गई है। वर्ष 2023 में पुलिस ने छापेमारी के दौरान नकली दवा की फैक्टरी का भंडाफोड़ किया था। वर्ष 2023 में आठ जुलाई को पुलिस और एएनटीएफ ने जगदीशपुरा और सिकंदरा क्षेत्र में छापेमारी की थी। यहां नकली दवा बनाने की फैक्टरी का पर्दाफाश हुआ था। नकली दवा तैयार करने का काम करने वाले गैंग के लीडर के रूप में विजय गोयल का नाम सामने आया था। थाना जगदीशपुरा पुलिस ने विजय गोयल समेत 11 पर गैंगस्टर में कार्रवाई की है। गैंगस्टर एक्ट में विजय गोयल उर्फ बंटी पुत्र राजेश गोयल, राजकुमार उर्फ बन्टू पुत्र राकेश, नरेन्द्र शर्मा पुत्र जनक सिंह, दीपक उर्फ अमन गुप्ता उर्फ प्रिन्स गुप्ता उर्फ हर्ष गुप्ता पुत्र राजकुमार गुप्ता, कल्याण सिंह पुत्र गिर्राज सिंह, रोहित कुशवाह पुत्र विजयपाल सिंह, मुकेश कुमार पुत्र साहब सिंह, शनि राज पुत्र हरीश चन्द्र, रेखा गोयल पत्नी विजय गोयल, दीवान सिंह पुत्र राधेश्याम, अजीत पाराशर पुत्र किशन स्वरुप पर कार्रवाई की गई है।

## कमलेश चुने गए अंबेडकर जयंती मेला कमेटी अध्यक्ष



**कुरावली।** नगर के मोहल्ला भीम नगर स्थित अंबेडकर पार्क में आयोजित बैठक के दौरान सर्वसम्मति से कमलेश कुमार इंजीनियर को अंबेडकर जयंती मेला कमेटी अध्यक्ष चुना गया। इस दौरान चुने गए अध्यक्ष का लोगों द्वारा माल्यार्पण करते हुए स्वागत किया गया। बैठक के दौरान उपाध्यक्ष सुशील कुमार, कोषाध्यक्ष महावीर सिंह, उप कोषाध्यक्ष महेश सिन्हा, महामंत्री अरुण कुमार, मेला प्रबंधक सुनील कुमार राना, मंत्री राजू अध्यापक, संगठन मंत्री नितिन सिद्धार्थ, महासचिव हेमसिंह,झांकी प्रबंधक रविन्द्र कुमार, दीपक, भोले, लेखापरीक्षक कमल किशोर, राकेश कुमार, जुलूस संचालक वेदप्रकाश, हरिनंदन, रोहित कुमार, सचिन, चंदन सिंह, बॉबी, स्वागत अध्यक्ष पूर्व सभासद रनवीर सिंह, संरक्षक रमेश चंद्र इंजीनियर, दुलारेलाल प्रेमी को चुना गया।

## एक सटोरिया गिरफ्तार

कुरावली। कोतवाली के उप निरीक्षक रईस पाल सिंह ने पुलिस कर्मियों के साथ मुखबिर की सूचना पर कुरहट मंदिर से घनराजपुर मार्ग पर पार्क के निकट से आशु उर्फ आसिफ पुत्र टिंकू निवासी मोहल्ला धनराजपुर को 570 रुपए तथा सट्टा पर्ची के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

## सपा के संस्कारों की खुली पोल, हिंदू समाज के खिलाफ बोलने वाला हिंदू विरोधी सपा नेता के खिलाफ होना चाहिए देशद्रोह का मुकदमा दर्जः रेखा

**हाथरस /सादाबाद।** आदर्श महिला एवं बाल कल्याण संस्थान राष्ट्रीय अध्यक्ष रेखा राणा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपने कार्यालय पर संबोधित करते हुए कहा कि विगत शनिवार को राज्यसभा सदन में समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद ने कार्रवाई के दौरान समस्त भारत के हिंदुओं को राणा सांगा की औलाद और गद्दार संबोधित करने को लेकर पूरे देश में विरोध की लहर दौड़ गई है। देश के समस्त राज्य व जनपदों में क्षत्रिय समाज ने उक्त बयान को लेकर विरोध प्रदर्शन के साथ पुतला दहन किए। उन्होंने कहा कि ऐसे वरिष्ठ नेता को ऐसी भाषा का प्रयोग नहीं करना चाहिए। ऐसे बयान देकर यह साबित कर दिया के समाजवादी पार्टी देश के हिंदू समाज के लिए घातक है और ऐसे नेताओं के खिलाफ देशद्रोही का मुकदमा दर्ज होना चाहिए। प्रदेश उपाध्यक्ष जानू चौधरी ने कहा कि समाजवादी पार्टी की पोल खुल चुकी है और कहा कि सपा के संरक्षक मुलायम सिंह यादव ने 1992 में अयोध्या में श्री राम भक्तों पर गोलियां चलवाई और राम भक्तों को प्रदेश के समस्त जिले में राम भक्तों को मुर्गा बनवाया गया था और कहा कि समाजवादी पार्टी के संरक्षक ऐसा करते हैं तो उनकी पार्टी के नेता ऐसा कह तो कोई बड़ी बात नहीं है। ऐसे लोगों के खिलाफ देश द्रोही मुकदमा के अलावा उपसभापति को तुरंत बर्खास्त कर देना चाहिये। संगठन की जिला अध्यक्ष अनिल चौधरी ने कहा के सुमन ने तो जनपद की जनता को जातिवाद में विभाजन किया और उन्होंने हमेशा मुसलमानो को बढ़ावा दिया और हिंदुओं का हमेशा विरोध किया है । प्रेस कॉन्फ्रेंस में संगठन की समस्त महिला पदाधिकारी व पुरुष पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

## राष्ट्रवादी प्रताप सेना ने सांसद रामजीलाल सुमन का पुतला फूंका

**हाथरस।** तालाब चौराहे पर राष्ट्रवादी प्रताप सेना के युवा प्रदेश अध्यक्ष नितिन सिंह शेखावत के लिए नेतृत्व में राष्ट्रवादी क्रांतिकारी सेना कार्यकर्ता एकत्रित हुए और राज्यसभा सांसद राम जी लाल सुमन का पुतला फूंकते हुए रामजीलाल सुमन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए, भारत व प्रदेश सकरार से कठोर कार्यवाही की मांग की। प्रदेश अध्यक्ष नितिन सिंह शेखावत ने बताया संसद में रामजीलाल सुमन द्वारा महाराणा सांगा के ऊपर गंदा बयान दिया है, जिसकी राष्ट्रवादी प्रताप सेना घोर निंदा करती है और राज सभा सांसद रामजी लाल सुमन राज्यसभा के सांसद पद से बर्खास्त कर देना चाहिए । और वहां मौजूद राजपूत सांसदो को इस्तीफा दे देना चाहिए क्योंकि वह भी संसद में मूक दर्शक बनकर यह सब सुनते रहे। अन्यथा राष्ट्रवादी प्रताप सेना एक बड़ा जन आंदोलन करेगी और ऐसे निकम्मे सांसदो को जनता के प्रति उत्तरदाई होने पर मजबूर करेंगी। पुतला दहन करने वालों में सुनील परमार जिलाध्यक्ष विजय सिंह सतेंद्र ठाकुर बॉबी ठाकुर नवीन सिसोदिया दिनेश कुशवाहा रणवीर सिंह सुरेश अध्यक्ष बीर सिंह अनिरुद्ध राणा आदि।

## ट्रक की टक्कर से ई रिक्सा सवार दो की मौत

**हाथरस।** सिकन्द्राराऊ कोतवाली क्षेत्र में फिर दिखा रफ्तार का कहर हाइवे पर स्थित बिलार के पास ई रिक्शा में टक्कर मारकर ट्रक खाई में पलटा, ई-रिक्शा सवार दो की हुई मौत ट्रक चालक घायल। सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हाथरस के सिकन्द्राराऊ कोतवाली क्षेत्र से होकर गुजर रहे दिल्ली कानपुर हाईवे पर स्थित बिलार के पास एक ई रिक्शा को तेज रफ्तार अनियंन्त्रित ट्रक ने टक्कर मार दी जिसके चलते ई रिक्सा खाई में पलट गया। इस दुर्घटना में ई रिक्शा चालक सहित दो व्यक्तियों की मौत हो गई और ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस के द्वारा दोनों मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और घायल ट्रक चालक को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया है। मृतकों की पहचान की जा रही है।

## 30 लीटर अवैध कच्ची शराब सहित युवक गिरफ्तार

**कुरावली।** थाना क्षेत्र में अवैध कच्ची शराब का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। कोतवाली के उप निरीक्षक रामेश्वर दयाल ने पुलिसकर्मियों के साथ मुखबिर की सूचना पर ग्राम नगला उसर से नवीन कृषि मंडी की तरफ जाने वाले मार्ग से सुल्तान पुत्र मनीराम निवासी ग्राम नगला उसर को 30 लीटर अवैध कट्टी शराब सहित गिरफ्तार करते हुए कार्रवाई की।

## जस्टिस यशवंत वर्मा के सरकारी आवास में करोड़ों की नगदी मिलने से भारतीय जनमानस में आक्रोश : दिनेश भारद्वाज

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** विश्व हिन्दू परिषद् के वरिष्ठ नेता लोकतंत्र सैनानी प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक कवि एवं साहित्यकार दिनेश भारद्वाज ने दिल्ली उच्च न्यायालय के जस्टिस यशवंत वर्मा के सरकारी आवास में करोड़ों रुपए की नगदी बरामद होने पर न्याय व्यवस्था में भ्रष्टाचार को लेकर भारतीय जनमानस में भारी आक्रोश बताया है। इस प्रकरण को लेकर दिनेश भारद्वाज ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए आरोपी जस्टिस यशवंत वर्मा को तुरंत बर्खास्त कर कठोर कार्रवाई की मांग की है। फिरोजाबाद स्थित अपने निज निवास पर मीडिया से रू-ब-रू होते हुए श्री भारद्वाज ने कहा कि उन्हें बर्खास्त करने के स्थान पर केवल उनका स्थानांतरण करना न्याय संगत नहीं, इस प्रकरण के सामने आने से देश के करोड़ों लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। उन्हें तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर आगे की जांच शुरू करनी चाहिए। उन्होंने इलाहाबाद बार एसोसिएशन का समर्थन करते हुए कहा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय कोई कूड़ेदान नहीं है, जहां भ्रष्ट न्यायाधीशों के हाथ न्याय व्यवस्था सौंप दी जाये। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के लिए उच्च न्यायालय तथा सर्वोच्च न्यायालय के न्यायधीशों की नियुक्ति प्रक्रिया को पारदर्शी और प्रतियोगी परीक्षा पर आधारित रखा जना जरूरी है।

## बीच सड़क चीख चीख कर रोने लगी महिला : बोली मेरी मदद करो, मेरी कोई नहीं सुन रहा

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** थाना जगदीशपुरा की बिचपुरी चौकी के बाहर एक महिला ने सड़क पर हंगामा किया। वो बीच सड़क पर बैठकर रोने लगी। महिला का आरोप है कि पुलिस उसकी सुनवाई नहीं कर रही। महिला का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। हालांकि पुलिस का कहना है कि महिला के आरोप निराधार है। उसकी शिकायत पर एफआईआर दर्ज हो चुकी है। आरोपी का चालान भी किया जा चुका है। वायरल वीडियो में एक महिला सड़क पर बैठकर रो रही है। वो कह रही है कि पुलिस रुपए खाकर बैठी है। मुझे बचा ओ। पुलिस मुझे मरने पर मजबूर कर रही है। मैं जीना चाहती हूं। मेरी मदद करो। मेरी कोई नहीं सुन रहा। वहीं, लोगों का कहना है कि महिला और उसके पति झगड़ालू किस्म के हैं। महिला के पति पर कई मामले दर्ज हैं।

**पुलिस बोली महिला की शिकायत पर एफआईआर दर्ज है।**

एसीपी लोहामंडी मयंक तिवारी ने बताया कि वीडियो में दिख रही महिला का नाम रिया शुक्ला है। इनका अपने पड़ोस में रहने वाले व्यक्ति से विवाद है। पूर्व में इनकी तहरीर पर मुकदमा दर्ज हुआ था। उसमें चार्जशीट लग चुकी है। पिछले दिनों महिला का पड़ोसी से फिर से कोई विवाद हुआ। शिकायत पर पुलिस गई। आरोपी पक्ष 5 दिन से घर पर ताला लगाकर कहीं चला गया है। शनिवार को चौकी से दरोगा मौके पर नक्शा बनाने गए थे। महिला के सभी आरोप निराधार हैं।

## संत श्री गोपाल नंदी जी महाराज के श्रीमुख से कठवारी में आरंभ हुआ श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ अमृत वर्षा का आयोजन

### कलश यात्रा निकालकर धर्म रक्षा और राष्ट्र रक्षा का किया आह्वान

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** अछनेरा ब्लॉक के गाँव कठवारी में कल रविवार से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन प्रारम्भ हुआ। कलश यात्रा एवं प्रभातफेरी के बाद कल दोपहर से कथा प्रारंभ हुई जो कि 29 मार्च तक चलेगी। कथावाचक संत श्री गोपाल नंदी जी महाराज हैं। उन्होंने जागरूक समाज से धर्म रक्षा और राष्ट्र रक्षा का आव्हान किया है। 31 मार्च सोमवार को प्रसादी भंडारे का आयोजन होगा। मुख्य यजमान श्रीमती वीरमती देवी एवं केशव सिंह हैं । भाई गोविंद सिंह, गोपाल सिंह सरपंच, वीरेन्द्र सिंह प्रधान, प्रीतम सिंह, क्षेत्रपाल सिंह, दिलीप सिंह। पुत्रगण विजयपाल नरवार, तेजवीर सिंह, अजयपाल सिंह । कार्यक्रम का आयोजन प्रधान फार्म हाउस कठवारी पर हो रहा है। शिक्षक नेता विजयपाल नरवार एवं सरपंच गोपाल सिंह ने गांव एवं क्षेत्र वासियों से बड़ी संख्या में उपस्थित होकर भागवत कथा श्रवण करने एवं प्रसादी एवं भंडारे में शामिल होने की अपील की है।

## एन.एस.एस. स्वयंसेवकों ने दयानतपुर गाँव में साक्षरता जागरूकता रैली निकाली



**हाथरस।** सेठ पी.सी. बागला पी.जी. कॉलेज, के एन.एस.एस. विशेष शिविर के पाँचवें दिन स्वयंसेवकों ने दयानतपुर गाँव में साक्षरता जागरूकता रैली निकाली। इस रैली का आयोजन प्राचार्य प्रो. (डॉ.) महावीर सिंह छोंकर के मार्गदर्शन में तथा कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. विनय कुमार वर्मा, डॉ. योगेश कुमार और डॉ. अंकिता मैडम के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। रैली के दौरान स्वयंसेवकों ने ÷श्ड्डुष्द्ध श्ठ्ठद्द, ह्लद्दड्डुष्द्ध श्ठ्ठद्द,÷ ÷शिक्षा हम सबका अधिकार, इसके बिना जीवन बेकार,÷ और ÷आधी रोटी खाएंगे, बेटी को पढ़ाएंगे÷ जैसे प्रभावी नारे लगाते हुए गाँववासियों को शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया। स्वयंसेवकों ने गाँव के बुजुर्गों और अशिक्षित लोगों को शिक्षित करने का प्रयास किया और उन्हें अपना नाम लिखना सिखाया। रैली से लौटने के पश्चात बौद्धिक सत्र की शुरुआत माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और सरस्वती वंदना के साथ हुई। सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत देवांशी, राधा, ज्योति, चित्रा और मीनू द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसमें रिंकी, दीपेश, नेहा, अवंतिका, मुस्कान और अंजलि सहित अन्य स्वयंसेवकों की प्रेरक सहभागिता रही। बौद्धिक सत्र में ब्रह्मकुमारी प्रजापिता विश्व विद्यालय से वंदना दीदी, अमित भाई और दिनेश भाई मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने स्वयंसेवकों को नशामुक्ति, आत्म-नियंत्रण, जीवन के लक्ष्यों, आत्म-चेतना और परमात्मा के महत्व पर प्रेरणादायक विचार प्रस्तुत किए। नशामुक्ति पर विशेष रूप से रोचक उदाहरणों और प्रेरक कहानियों के माध्यम से बताया गया, साथ ही विभिन्न पैंफलेट और पोस्टरों के माध्यम से धूम्रपान, शराब और अन्य मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों को समझाया गया। स्वयंसेवकों ने गाँववासियों को नशे के कारण होने वाले सामाजिक, पारिवारिक और व्यक्तिगत जीवन पर पड़ने वाले प्रभावों के प्रति जागरूक किया। यह सत्र स्वयंसेवकों और गाँववासियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक रहा, जिससे सभी को शिक्षा और नशामुक्ति के प्रति एक नई दृष्टि प्राप्त हुई।

# झूलेलाल जयंती से पूर्व निकाली वाहन रैली: आयोजन को ऐतिहासिक बनाने का किया आह्वान

### शहर के कई क्षेत्रों में वाहन रैली में शामिल स्वयंसेवकों का सम्मान किया गया, जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई





**सांध्य पहल संवाददाता**

**आगरा।** पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी झूलेलाल जयंती शोभायात्रा 28 मार्च को पूरी भव्यता के साथ निकाली जाएगी। इसके लिए आज रविवार को वाहन आमंत्रण रैली (दो पहिया वाहन रैली ) निकालकर शहर की जनता को आमंत्रित किया गया और सिंधी समाज को एकता के सूत्र में पिरोने का आव्हान किया। रैली में न सिर्फ सिंधी समाज की एकता दिखाई दी बल्कि झूलेलाल जयंती कार्यक्रम को लेकर काफी उत्साह दिखाई दिया। वाहन रैली में युवाओं के साथ महिलाओं ने भी भागीदारी की। हजारों की संख्या में समाजजन शामिल हुए। आयो लाल झूलेलाल के जयकारों से रैली का संपूर्ण क्षेत्र गुंजायमान होता रहा। रैली में महिला और युवतियों की भागीदारी भी कमाल की रही। सर पर टोपी लगाए और गले में झूलेलाल का दुपट्टा डाले महिलाएं स्कूटी पर सवार होकर रैली में शामिल हुईं। मातृशक्ति ने सभी में उत्साह का संचार किया। इससे पूर्व समाज के लोग बड़ी संख्या में सुबह आठ बजे से बजे से सिंधू भवन, कमला नगर पर एकत्रित हुए, यहां से वाहन रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ सिंधी सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश सोनी ने नारियल फोड़कर किया। शहर के कई क्षेत्रों में वाहन रैली में शामिल स्वयंसेवकों का सम्मान किया गया। जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई और पदाधिकारियों को फूल मालाएं पहनाई गई। मीडिया प्रभारी मेघराज दियालानी ने बताया कि वाहन रैली बल्केश्वर, कृष्णा कॉलोनी, बेलनगंज, दरेसी न 2 कालामहल, छिल्ली ईंट घटिया, कैलाशपुरी, आवास विकास, बोदला मारुति स्टेट चोराहा, रामनगर पुलिया, भोगीपुरा से शाहगंज बाजार, जयपुर हाउस झूलेलाल भवन, पंचकुइयां से होती हुई तहसील चौराहे पर शहीद हेमू कालानी प्रतिमा स्थल पर जन्मदिवस पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होकर वहीं पर समाप्त हुई। इंदु सोनी, मधु मखीजा, अंजु दियालानी, शोभा सोनी , वंदना डोडानी, सोनिया , रशिम बुधरानी, मोहनानी, भविका दियालानी, रजनी आदि के नेतृत्व में महिलाओं का जत्था रैली में शामिल हुआ। वहीं रैली में शामिल प्रमुख लोगों में सिंधी सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश सोनी, महामंत्री हेमंत भोजवानी, घनश्याम दास देवनानी, परमानंद आतवानी, सूर्य प्रकाश, जय राम दास होत्चंदानी, मेघराज दियालानी, किशोर बुधरानी, श्याम लाल रंगनानी, नंदलाल आयलानी, सुशील नोतनानी, जगदीश डोडानी, श्याम भोजवानी, राजीव नागरानी, हरीश ताहिल्यानी, नरेश लखवानी, दौलत खुबनानी, भोजराज लालवानी, कमल जुमानी, राजू खेमानी, नरेंद्र पुरष्णनी, तरुण जुमानी, महेश सोनी, अशोक परवानी, अमृत माखीजा, इंद्र तुलसानी, हरीश मोटवानी, लाल एम सोनी, भजन लाल प्रधान, मेघराज शर्मा, मोंटू करीरा, महेश नारायणी, पुरषोत्तम लाच्वानी, रोहित आयलानी, खेम चंद तेजानी, मनोहर लाल हंस, कपिल पंजवानी, महेश वाधवानी, भाविक कुकरेजा, किशोर मेहता, पंकज जेसवानी, बंटी सत्वानी, ओम प्रकाश विज्वानी, सुमित मदवानी, उमेश पेरवानी आदि मौजूद रहे।

**हेमू कलानी को दी पुष्पांजलि, भावांजलि, श्रद्धांजलि**

तहसील चौराहे पर शहीद हेमू कालानी प्रतिमा स्थल पर जन्मदिवस कार्यक्रम भी धूमधाम से मनाया गया। हेमू कलानी की प्रतिमा पर लोगों ने अपनी पुष्पांजलि, भावांजलि, और श्रद्धांजलि अर्पित की। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में बढ़चढ़ कर भाग लेने वाले अमर शहीद हेमू कलानी के कृतित्व और व्यक्तित्व को याद किया। युवाओं से हेमू कलानी के जीवन से प्रेरणा लेने और समाज हित में कार्य करने की अपील की। सिंधी सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश सोनी और महामंत्री हेमंत भोजवानी ने इस मौके पर लोगों में जोश भरते हुए कहा कि निज़ गौरव का नित ज्ञान रहे, हम भी कुछ हैं यह ध्यान रहे, मरणोंत्तर गुंजित गान रहे, सब जाय अभी पर मान रहे। अंत में फलों का वितरण किया गया।

# 102 वे अवतरण दिवस पर अमर शहीद हेमू कालानी को दी श्रद्धांजलि, भारत माता की जयघोष से गूंजायमान हुआ मार्ग

### तहसील चौराहा पर हेमू कालानी के सौदर्यीकृत प्रतिमा स्थल का कैबिनेट मंत्री श्री योगेन्द्र उपाध्याय और महापौर द्वारा किया लोकार्पण, संगठन के प्रयासों की सराहना की


**सांध्य पहल संवाददाता**

**आगरा।** अमर शहीद हेमू कालानी का 102वां जन्मदिन बुधवार को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सिंधी युवा मंच व पूज्य सिंधी जनरल पंचायत शाहगंज की ओर से तहसील चौराहा स्थित प्रतिमा स्थल पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। साथ ही तहसील चौराहा स्थित शहीद हेमू कालानी की प्रतिमा स्थल व आस-पास किए गए सौन्दर्यीकरण का लोकार्पण करते हुए मेयर हेमलता दिवाकर ने आयोजन समिति व वरिष्ठ समाजसेवी हेमन्त भोजवानी के प्रयासों की सराहना की। अमर शहीद हेमू कालानी के बलिदान को याद करते हुए महापौर हेमलता दिवाकर ने कहा कि आज के युवाओं को उनके जीवन से सीख लेनी चाहिए। जीवन केवल मोबाइल में उलझे रहने का नाम नहीं है। देश भक्ति से बढ़कर और कुछ नहीं है। वहीं कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने वीर सपूत हेमू कालानी के साथ ही अमर शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद किया। कहा आज हम आजादी की सांस ले रहे हैं, लेकिन यह आजादी हमें आसानी से हासिल नहीं हुई है। अमर शहीद हेमू कालानी की तरह ही अनगिनत वीर सपूतों ने प्राणों को बलिदान दिया है। इससे पूर्व तहसील चौराहा स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया और मिठाई बांटी गई। वक्ताओं ने वीर शहीद से जुड़े प्रसंगों को सुनाया और भावी पीढ़ी को उनसे सीख लेने की अपील की। अमर शहीद भगत सिंह को भी याद किया। भारतीय स्वाधीनता संग्राम में शहीद हेमू कालानी की गिनती उन अमर शहीदों में होती है, जिन्होंने अपने बलिदान से युवाओं में देश की स्वाधीनता का बिगुल बजाया। उनका जन्म 23 मार्च 1923 को वर्तमान पाकिस्तान के सिंध प्रांत के सख्खर में हुआ था। छात्र जीवन से ही उन्होंने सिंधी समाज के उदय और भारतीय स्वाधीनता संग्राम में भाग लिया। उन्होंने स्वराज सेना का गठन कर अंग्रेजों को ललकारा। हथियारों से लदी अंग्रेजी की रेलगाड़ी को पटरी पर उतारने की कोशिश में उन्हें



गिरफ्तार किया गया। महज 19 साल की उम्र में अंग्रेजों ने 21 जनवरी 1943 को उन्हें फांसी दे दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी आगरा श्री अरविंद बंगप्पा मलारी जी आगरा के यशस्वी सांसद केंद्रीय राज्य मंत्री प्रोफेसर एस पी सिंह बघेल जी रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन कैबिनेट मंत्री श्री योगेंद्र उपाध्याय जी व आगरा की महापौर श्रीमती हेमलता दिवाकर जी ने किया सानिध्य श्री सोमनाथ धाम के मठाधीश आदरणीय पीर डॉ शंकरनाथ योगी जी संत गुरमुखदास जी दीदी भगवंती साजनानी पंडित भूपेंद्र शर्मा जी का रहा। कार्यक्रम में सिंधी सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष श्रीमान चंद्रप्रकाश सोनी जी महामंत्री हेमंत भोजवानी वरिष्ठ उपाध्यक्ष घनश्यामदास देवनानी जी परमानंद अतवानी जी पंचायत के अध्यक्ष जयप्रकाश धर्मानी युवा मंच के अध्यक्ष नरेश लखवानी डॉ रामबाबू हरित राहुल चतुर्वेदी मीनाक्षी वर्मा अनुराग उपाध्याय कार्यक्रम संयोजक चिम्मन पेरवानी सह संयोजक हरीश टहिल्यानी सुशील नोतनानी महेंद्र खंडेलवाल मीनाक्षी वर्मा प्रदीप उपाध्याय दिनेश अग्रवाल शीतल अग्रवाल श्याम भोजवानी अमृत माखीजा सुधीर भोजवानी श्याम भदौरिया अंजू दयालानी किरन वरयानी सोनिया मोहनानी पूजा भोजवानी वर्षा धर्मानी अनीता जादवानी मानसी जसनानी महक बूलचंदानी हर्षिता ख्यानी नेहा फुलवानी मेघराज दयालानी सुंदरलाल चेतवानी लक्ष्मण भावनानी तीर्थ भावनानी विजय भाटिया उमेश पेरवानी कन्हैयालाल सोनी आनंद नोतनानी मोतीराम अमुलानी विनोद सीतलानी घनश्याम हेमलानी अनूप भोजवानी टेकचंद सुखलानी प्रकाश मंघवानी सुशील नोतनानी टीकम लालवानी राजू लालवानी प्रकाश दरयानी के लाल त्रिलोकानी हरीश लालवानी कन्हैया पारवानी जीवतराम करमचंदानी नरेन्द्र नानू लच्छू भाई आदि काफी संख्या में गणमान्य व सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का सुंदर संचालन पंचायत व युवा मंच शाहगंज के संरक्षक वरिष्ठ समाजसेवी हेमंत भोजवानी जी द्वारा किया गया!

# स्टांप विक्रेता की स्कूटी से रुपए चुराने वाले तीन पकड़े: चोरी की रकम से बाइक खरीदी, अब कार खरीदने आए तो पुलिस ने पकड़ा





**सांध्य पहल संवाददाता**

**आगरा।** थाना सदर बाजार पुलिस टीम व सर्विलांस/एसओजी टीम नगर जोन द्वारा की गयी संयुक्त कार्यवाही में स्टाम्प विक्रेता की स्कूटी में रखा रूपयों का बैग चोरी करने की घटना में संलिप्त एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है।एवं घटना मे उसके सहयोगी दो बाल अपचारी साथियों को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। पुलिस उपायुक्त नगर सोनम कुमार ने बताया कि 27.02.2025 को एक व्यक्ति द्वारा थाना सदर बाजार पर तहरीर दी गई कि व्यक्ति सदर तहसील आगरा में स्टाम्प विक्रेता है और 27.02.2025 की शाम को पीड़ित अपनी स्कूटी से अपने घर आया और स्कूटी में चॉबी लगी छोड़कर घर के अंदर चला गया, जब पीड़ित ने वापस आकर देखा किन्हीं अज्ञात चोरों द्वारा उसकी स्कूटी की डिग्गी खोलकर उसमें रखा रूपयों का बैग चोरी कर लिया। पीड़ित की तहरीर के आधार थाना सदर बाजार पर मुकदमा दर्ज किया गया था। उपरोक्त चोरी की घटना में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु थाना सदर बाजार पर पुलिस टीम का गठन किया गया, 22 मार्च को थाना सदर बाजार पर गठित पुलिस टीम ने मुखबिर द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर स्टाम्प विक्रेता की स्कूटी की डिग्गी में रखे रूपये चोरी करने वाले अभियुक्त रोशन को स्वामी धाम रोड़ से गिरफ्तार किया गया एवं उसके साथी 02 नाबालिग बाल अपचारी साथियों को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। उपरोक्त के कब्जे से चोरी किये गये 4,55,000/ रूपये व 01 अपाचे मोटरसाइकिल बरामद हुई।

**गाड़ी खरीदने आए तो पुलिस ने पकड़ा**

पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त रोशन से बरामद रूपयों और मोटरसाइकिल के सम्बन्ध में पूछताछ करने पर उसने बताया कि 27.02.2025 को वह अपने नाबालिग बाल अपचारी साथियों के साथ कलेक्ट्रेट मे घूम रहा थे तभी उन्होनें एक स्टाम्प विक्रेता को स्कूटी मे बैग मे कुछ रूपये रखते हुये देखा था, तभी से उन तीनों ने स्टाम्प विक्रेता कि स्कूटी का पीछा किया और जैसे ही स्कूटी चालक ने अपनी स्कूटी खडी करके अपने घर के अन्दर घुसा था तभी उन्होनें स्कूटी की डिग्गी खोलकर उसमें रखा बैग चोरी कर लिया व अपनी मोटरसाईकिस से भाग गये और ककुआ में पहुंचकर उन्होनें बैग को खोलकर देखा था तो उसमे उन्हें लगभग सात लाख रूपये मिले थे, जिससे तीनों ने बरामद हुई। मोटरसाइकिल को खरीदा है। 22.03.2025 को तीनों साथ मिलकर गाड़ी खरीदने आये थे परन्तु सौदा नही होने के कारण उन्होने रूपये आपस में बाँट लिये थे। पुलिस ने उन्हे पकड़ लिया। बरामद रूपयें वहीं चोरी किये गये रूपये है जो खर्च करने के बाद शेष बचे है।

**मध्य प्रदेश का है आरोपी**

डीसीपी सिटी सोनम कुमार ने बताया कि स्टांप विक्रेता से हुई चोरी के मामले में तीन लोगों को पकड़ा है। जिसमें से अभियक्त रोशन पुत्र नरेन्द्र निवासी प्रकाश नगर थाना कोतवाली जिला दतिया मध्य प्रदेश को गिरफ्तार किया है। और उसके साथी दो नाबालिग बाल अपचारियों को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है।और अभियुक्त रोशन पर पहले से आगरा में एक और एटा में दो कुल तीन अपराधिक मामले दर्ज है बाल अपचारियों पर भी मुकदमे दर्ज है जिसमें एक बाल अपचारी पर तीन और एक पर दो अपराधिक मामले दर्ज है।

**घटना का सीसीटीवी हुआ था वायरल**

आगरा में स्कूटी की डिग्गी में रखे हुए लाखों रुपए चोरी हो गए थे। जिसका सीसीटीवी भी वायरल हुआ था। स्कूटी में स्टांप विक्रेता के रुपए रखे थे। स्टांप विक्रेता की रेकी की गई थी। कलेक्ट्रेट में चोरों ने स्टांप विक्रेता को रुपए रखते हुए देख लिया था। जिसके बाद उनका पीछा किया गया। जब स्टांप विक्रेता घर में गए तभी चोरों ने कैश पर हाथ साफ कर दिया। रुपयों से भरा बैग लेकर फरार हो गए। ककुआ पर पहुंच कर देखा तो बैग में नोट ही नोट थे। बैग में लगभग 7 लाख रुपए कैश था।

**पुलिस टीम में ये रहे शामिल**

टीम में थाना प्रभारी सदर बाजार बिरेश पाल गिरी सर्विलांस टीम के प्रभारी उप निरीक्षक अंकुर मलिक एसओजी टीम के प्रभारी उप निरीक्षक सुनीत शर्मा उप निरीक्षक प्रविन्द्र कुमार उप निरीक्षक प्रियांशू वर्मा प्रशिक्षु उप निरीक्षक शिवम त्यागी कास्टेबल शिवम खटानिया शिवम सिंह प्रशान्त चौधरी शामिल रहे।

# विद्युत लोको ट्रिप शेड निजामुद्दीन का मंडल रेल प्रबंधक आगरा ने किया निरीक्षण



**सांध्य पहल संवाददाता**

**आगरा।** आगरा मंडल में गाड़ियों के सुरक्षित एवं संरक्षित संचालन सुनिश्चित करने के क्रम में दिनांक- 22.03.2025 को विधुत लोको ट्रिप शेड निजामुद्दीन का मंडल रेल प्रबंधक आगरा श्री तेज प्रकाश अग्रवाल द्वारा निरीक्षण किया गया। आगरा मंडल में परिचालन क्षमता में वृद्धि के क्रम में नए अवसंरचना निर्माण कार्य निरंतर जारी है। निजामुद्दीन ट्रिप शेड में रेलवे विद्युत इंजन का अनुरक्षण किया जाता है। आगरा मंडल में तीन ट्रिप शेड है जिसमें नई दिल्ली, हजरत निजामुद्दीन व आगरा कैंट स्टेशन पर स्थापित हैद्य निरीक्षण के दौरान उन्होंने रेल इंजनों एवं ईएमयू की विश्वसनीयता बढ़ाने पर जोर दिया। इसके साथ ही शेड की कार्यकुशलता बढ़ाने पर भी जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि संरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन किया जाए। कार्यस्थल के दुर्घटना संभावित क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाए। इसके साथ ही मंडल रेल प्रबंधक ने अनुरक्षण कार्य में लगे हुए कर्मचारियों से मुलाकात की और उन्हें कार्य की गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। इस दौरान मंडल रेल प्रबंधक को विभिन्न अनुरक्षण गतिविधियों के बारे में अवगत कराया गयाद्य इस दौरान मंडल के अधिकारीगण व कर्मचारी उपस्थित रहें।

# न्यायाधीश के सरकारी आवास में करोड़ों की नगदी मिलना न्याय-व्यवस्था में सेंध का ज्वलंत प्रमाण: रितेश तौमर

### जस्टिस यशवंत वर्मा के सरकारी आवास में करोड़ों की नगदी प्रकरण पर आंदोलन करेगा राष्ट्रवाद भारत प्रथम, 24 मार्च को जंतर मंतर पर संगठन के सैकड़ों कार्यकर्ता करेंगे प्रदर्शन, हिन्दू महासभा ने किया राष्ट्रवाद भारत प्रथम संगठन का समर्थन : बी एन तिवारी







**सांध्य पहल संवाददाता**

**आगरा/नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय के जस्टिस यशवंत वर्मा के सरकारी आवास में करोड़ों रुपए की नगदी बरामद होने पर न्याय व्यवस्था में भ्रष्टाचार को लेकर भारतीय जनमानस में आक्रोश पनप रहा है। इस प्रकरण को लेकर राष्ट्रवाद भारत प्रथम के राष्ट्रीय अध्यक्ष रितेश तोमर के नेतृत्व में 24 मार्च को जंतर मंतर पर प्रदर्शन किया जा रहा है। राष्ट्रीय संरक्षक डॉक्टर शैलेंद्र ठाकुर प्रदर्शनकारियों का मार्गदर्शन करेंगे। राष्ट्रवाद भारत प्रथम के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी ने कहा कि यह प्रदर्शन जस्टिस यशवंत वर्मा को बचाने का प्रयास करने के तहत उन्हें बर्खास्त करने के स्थान पर केवल उनका स्थानांतरण करने के विरोध में किया जा रहा है। प्रदर्शनकारी दोपहर एक बजे जंतर मंतर पर प्रदर्शन एकत्र होंगे और नारेबाजी करते हुए सर्वोच्च न्यायालय के लिए प्रस्थान करेंगे। सर्वोच्च न्यायालय पर राष्ट्रवाद भारत प्रथम के शीर्ष पदाधिकारियों द्वारा सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधीश की अपनी मांगों का ज्ञापन दिया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी ने कहा कि राष्ट्रवाद भारत प्रथम दिल्ली प्रदेश के कार्यकर्ता भारी संख्या में जंतर मंतर पर पहुंच रहे हैं। दूसरी तरफ अखिल भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता बी एन तिवारी ने राष्ट्रवाद भारत प्रथम के आंदोलन का समर्थन किया है। यह जानकारी बी एन तिवारी ने आज जारी बयान में दी। जारी बयान के अनुसार हिन्दू महासभा दिल्ली प्रदेश प्रभारी सुरेन्द्र स्वामी, प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र सिंह राजू पार्चा और प्रदेश महामंत्री शिवा गोस्वामी ने कहा कि न्यायपालिका को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने और उच्च न्यायालय तथा सर्वोच्च न्यायालय के न्यायधीशों की नियुक्ति प्रक्रिया को पारदर्शी और प्रतियोगी परीक्षा पर आधारित बनाने के लिए राष्ट्रवाद द्वारा जंतर मंतर पर आयोजित हो रहे प्रदर्शन में शामिल होकर अपना योगदान देगी।

# दबंगों का प्रॉपर्टी डीलर के घर पर हमला: पुरानी रंजिश में किया पथराव, हवाई फायर भी किया, 7 के खिलाफ मुकदमा

**सांध्य पहल संवाददाता**



**आगरा।** थाना ट्रांस यमुना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर दबंगो ने प्रापर्टी डीलर के घर हमला कर दिया। ईंट पत्थर फेंके गए। जान से मारने की धमकी देते हुए दबंगो ने फायरिंग भी की। इससे पहले दबंग रात के समय घर मे लगे सीसीटीवी भी तोड़ चुके हैं। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। दबंगो की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। थाना ट्रांसयमुना क्षेत्र के लोकपुरम कालोनी में प्रापर्टी डीलर रमेश चंद्र राठौर का घर है। शनिवार सुबह 7-30 बजे करीब उनके पड़ोस में रहने वाले देवेंद्र उर्फ देवू, संगीता का भाई निकेश, विजय, अजय आदि लोगो ने गाली गलौच करते हुए घर पर हमला बोल दिया। घर मे मौजूद महिलाएं घबरा गई। मना करने पर दबंगो ने परिवारीजनों के साथ मारपीट की। घर के दरवाजे बंद करने के बाद ईंट पत्थर मारे गए। इसके अलावा जाते जाते दबंग फायरिंग कर जान से मारने की धमकी भी देकर गए। पूरी घटना कैमरे में कैद है। घटना के बाद से प्रापर्टी डीलर और परिवार वाले दहशत में हैं। उनका आरोप है कि यह लोग उनसे पहले से रंजिश मानते हैं। साजिश के तहत पिछले रविवार को राजपाल में निकेश के कहने पर रात्रि के समय उनके घर के बाहर लगे सीसीटीवी भी तोड़ दिए थे। कैमरे तोड़ते हुए का वीडियो भी उनके पास मौजूद है। मामले में रमेश द्वारा ट्रांसयमुना थाने पर दबंगो के खिलाफ लिखित में तहरीर दी थी जिसके आधार पर पुलिस ने सात नामजदों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है।

# गंदगी मिलने पर नगर निगम के 2 कर्मचारियों को नोटिस: हलवाई सहित 5 दुकानदारों पर भी कार्रवाई

### स्वच्छ सर्वेक्षण के दौरान लापरवाही न बरतने के दिए निर्देश

**सांध्य पहल संवाददाता**

**आगरा।** स्वच्छ सर्वेक्षण के दौरान भी कार्य में लापरवाही बरतने पर सहायक नगर आयुक्त अशोक प्रिय गौतम ने 2 सीएसएफआई की वेतन वृद्धि अस्थायी रूप से रोकने की संस्तुति की है। इतना ही नहीं, इन्हें कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया है। वहीं, गंदगी करने पर हलवाई सहित 5 दुकानदारों पर भी कार्रवाई की गई है। स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर नगर निगम के आला अधिकारी अलर्ट पर हैं। सुबह शाम सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर अधीनस्थों को दिशा निर्देश दिये जा रहे हैं। सहायक नगर आयुक्त अशोक प्रिय गौतम ने नगर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर सफाई व्यवस्था को परखा। इस दौरान सीएंडडी वेस्ट कलेक्शन सेंटर दहतोरा और ककरैठा में मुख्य मार्ग के साथ अन्य स्थानों पर भी गंदगी और कूड़ा मिला। इस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते इसका कारण पूछा तो सीएसएफआई मनोज पाल और इकबाल कोई जवाब नहीं दे पाये। इस पर उन्होंने दोनों कर्मचारियों की वेतन वृद्धि अस्थाई रूप से रोकने की संस्तुति नगरायुक्त अंकित खंडेलवाल से की है।

**डलावघरों पर बनेंगे सेल्फी प्वाइंट**

सहायक नगर आयुक्त के अनुसार ताजगंज के बसई और तेलीपाड़ा स्थित डलावघरों के समाप्त होने के बाद इन स्थानों पर सेल्फी प्वाइंट बनाने का निर्णय लिया गया है। दोनों सेल्फी प्वाइंट पर सौंदर्यीकरण का कार्य सोमवार से प्रारंभ करने के निर्देश दिये गये हैं।



**नाली में गंदा पानी बहा रहा था हलवाई**

मिठाइयां बनाने के दौरान निकलने वाली गंदगी और पानी को हलवाई सीधे नाली में बहा रहा था। इससे आसपास के इलाके में भारी दुर्गंध हो रही थी। स्थानीय लोगों की शिकायत पर नगर निगम ने कार्रवाई करते हुए नाली को बंद करा हलवाई पर जुर्माना लगाया। नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल से भाग्य नगर, खंदारी के लोगों ने शिकायत की थी कि यहां स्थित भगत हलवाई उद्योग के गोदाम में बनाई जाने वाली मिठाई आदि के दौरान निकलने वाला गंदा पानी सीधे नाली में डाले जाने से आसपास के इलाके बदबू फैल रही है। इस पर नगर निगम ने दुकानदार पर 2 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

**सड़क पर कूड़ा डालने पर दुकानदारों का चालान**

डस्टविन न रखने और सार्वजनिक स्थल पर कूड़ा फेंकने पर 4 दुकानदारों के चालान काटे गए हैं। चेतावनी दी गई कि यदि उन्होंने पुनः सार्वनिक स्थान पर गंदगी की तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# छह अप्रैल को लगेगा किरावली में कंस मेला: मिनी स्टेडियम में पहलवान कुश्ती में आजमाएंगे दांव



**सांध्य पहल संवाददाता**

**आगरा।** आगरा के कस्बा किरावली में आयोजित होने वाले ऐतिहासिक कंस मेला और दंगल की तैयारियां शुरू हो गई हैं। रविवार को क्षेत्र के प्रमुख लोगों की बैठक मौनी बाबा आश्रम पर हुई इस आयोजन के लिए कमेटी का गठन किया गया। कमेटी ने तय किया कि 6 अप्रैल को कंस मेला और 7 अप्रैल को दंगल का आयोजन होगा। कमेटी के अध्यक्ष नरेश इंदौलिया और संयोजक होलू पहलवान हैं। सह संयोजक की जिम्मेदारी हरिभान सिंह, प्रदीप मुखिया और पिंकी मास्टर को दी गई है। कमेटी में उपाध्यक्ष के रूप में गुड्डू प्रधान, वेद आर्य, चंदन काका और कल्ला इंदौलिया को चुना गया है। खजान सिंह कोषाध्यक्ष होंगे। चेयरमैन किरावली प्रवीना सिंह व समाजसेवी भूप सिंह इंदौलिया मेले का उद्घाटन करेंगे। महामंत्री पद पर अश्वनी चौधरी, गिरीश इंदौलिया, मनीष इंदौलिया आर के इंदौलिया वेद इंदौलिया भूपेन्द्र इंदौलिया और केपी इंदौलिया को नियुक्त किया गया है। पूर्व चेयरमैन जगदीश सिंह इंदौलिया, सुखवीर सिंह, धर्म सिंह पप्पू और बसंत इंदौलिया संरक्षक होंगे। डां आरपी परमार को डोला अध्यक्ष बनाया गया है। और मेला संचालक दुर्गा सिंह नेता व प्रदीप मुखिया होगें दंगल में रेफरी की भूमिका मुकेश पहलवान, देवेन्द्र पहलवान, गज्जे पहलवान, जुगे पहलवान अजय वकील रामू पहलवान और कल्ला निभाएंगे। कस्बे के ग्रामीण मिनी स्टेडियम में दूर दराज से आए मशहूर पहलवान अपनी कुश्ती कला का प्रदर्शन करेंगे। सुरक्षा व्यवस्था के लिए थाना प्रभारी किरावली केवल सिंह के नेतृत्व में पुलिस फोर्स तैनात रहेगा। मेला संयोजक के अनुसार यह उत्तर भारत का सबसे बड़ा कंस मेला और दंगल आयोजन है।

## संपादकीय

# एक और जज्बाती मुद्दा

स्टालिन की पहल के साथ लेफ्ट शासित केरल, कांग्रेस शासित कर्नाटक एवं तेलंगाना, आम आदमी पार्टी शासित पंजाब, और उड़ीसा की विपक्षी पार्टी बीजू जनता दल भी जुड़ गए हैं। पश्चिम बंगाल की टीएमसी भी कई मुद्दों पर उनके साथ है। भाषा, परिसीमन, और नई शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत राज्यों की स्वायत्तता के कथित हनन की शिकायत को जोड़ कर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन केंद्र के खिलाफ विपक्षी लामबंदी करने में सफल होते दिख रहे हैं। मकसद बेशक अगले चुनावों के मद्देनजर सियासी गोलबंदी है, फिर भी भाषा जैसे जज्बाती प्रश्नों में छिपी शक्ति को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। धर्म और जाति केंद्रित गोलबंदी की राजनीति ने देश को पहले ही भटका रखा है। अब भाषा और प्रादेशिक पहचान के मुद्दों पर बढ़ रहे तनाव से एक और गंभीर चुनौती खड़ी होती दिख रही है। स्टालिन की पहल के साथ लेफ्ट शासित केरल, कांग्रेस शासित कर्नाटक एवं तेलंगाना, आम आदमी पार्टी शासित पंजाब, और उड़ीसा की विपक्षी पार्टी बीजू जनता दल भी जुड़ गए हैं। पश्चिम बंगाल में सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस भी कई मुद्दों पर उनके साथ है। 22 मार्च को चेन्नई में आयोजित विपक्षी बैठक में इस लामबंदी का अगला एजेंडा जाहिर होगा। बहरहाल, यह साफ है कि केंद्र में सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी ने सत्ता के केंद्रीकरण एवं अपने वैचारिक एजेंडे को लागू करने का जो उत्साह दिखाया है उस पर कई सियासी हलकों में विपरीत प्रतिक्रिया उभर रही है। इसलिए यह सही वक्त है, जब इस मसले को गंभीरता से लिया जाए। भाषा और एनईपी के मुद्दों पर भरोसे का माहौल बनाने की जरूरत है। परिसीमन पेचीदा सवाल है। लोकसभा में आबादी की संचरना का प्रतिनिधित्व ना हो, तो उससे सदन का लोकतांत्रिक चरित्र प्रभावित होता है। इसीलिए संविधान में राज्यसभा की कल्पना राज्यों के सदन के रूप में की गई थी। मगर राजनीतिक दलों ने इसे जनता का सामना करने के अनिच्छुक नेताओं तथा निहित स्वार्थों के प्रतिनिधियों का सदन बना दिया। अब इस सारे घटनाक्रम पर पुनर्विचार की जरूरत है। गौरतलब है कि अमेरिका में प्रतिनिधि-सभा में राज्यों को आबादी के अनुपात में, लेकिन सीनेट में हर राज्य को बराबर- दो सीटें देकर ऐसी समस्या का हल निकाला गया है। क्या वर्तमान भारतीय राजनीतिक नेतृत्व में ऐसा अभिनव समाधान निकालने की इच्छाशक्ति है? निर्विवाद है कि देश के दीर्घकालिक हित में ऐसा करना आवश्यक हो गया है।

# सब तहस नहस का अभियान

हरिशंकर व्यास

लंबे समय तक भारत की विकास गाथा महाराष्ट्र की विकास गाथा रही है। लेकिन आज जिस तरह से भारत गाथा यानी इंडिया स्टोरी दिशाहीन दिख रही है वैसे ही महाराष्ट्र की भी दिख रही है। फर्क यह है कि जहां तक भारत गाथा के दिशाहीन होने का सवाल है तो वह गलत नीतियों और नासमझी से है लेकिन महाराष्ट्र के दिशाहीन होने के पीछे एक सुविचारित योजना दिख रही है। ऐसा लग रहा है कि योजनाबद्ध तरीके से महाराष्ट्र की राजनीति, समाज व्यवस्था और अर्थव्यवस्था को अस्थिर करने का प्रयास हो रहा है। पिछले एक दशक से कुछ ज्यादा समय में महाराष्ट्र में जो कुछ भी हुआ है या हो रहा है उसकी लाभार्थी भाजपा है और पड़ोसी राज्य गुजरात है। आने वाले दिनों में भी अगर महाराष्ट्र में अस्थिरता और तनाव बना रहता है तो उसका लाभ गुजरात को ही मिलेगा।

महाराष्ट्र को किस तरह से दिशाहीन और अस्थिर किया गया है इसकी कई मिसालें हैं। शुरुआत मौजूदा सांप्रदायिक विवाद से कर सकते हैं। यह अनायास नहीं हुआ है कि समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आजमी ने औरंगजेब का मुद्दा छेड़ दिया। जिस समय उन्होंने औरंगजेब को दयालु और अच्छा शासक बताया उस समय महाराष्ट्र विधानसभा का सत्र चल रहा था। सरकार बीड के एक लोकप्रिय सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के मामले में घिरी थी। उस मामले में राज्य सरकार के तत्कालीन मंत्री धनंजय मुंडे के करीबी सहयोगियों के शामिल होने की खबरें सामने आ चुकी थीं। उस घटना के भयावह वीडियो और तस्वीरें भी सामने आईं, जिनकी वजह से मुंडे को इस्तीफा देना पड़ा।

तब कहा गया कि विधानसभा में बीड की हत्या और मुंडे के मसले पर ज्यादा विवाद न हो इसलिए औरंगजेब का मुद्दा उठवा दिया गया। औरंगजेब का मुद्दा उठने के बाद दो दिन तक सदन में उसकी चर्चा होती रही। फिर अबू आजमी पर मुकदमा हुआ और उनकी माफी हुई। इसके बाद मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस ने कहा कि औररंगजेब की कब्र हटा देनी चाहिए लेकिन अफसोस की बात है कि कांग्रेस ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण यानी एएसआई के जरिए उसे संरक्षित कर दिया है। मुख्यमंत्री के यह कहने के बाद औरंगजेब की कब्र के खिलाफ मुहिम छिड़ गई। उनके अपने चुनाव क्षेत्र नागपुर में भारी सांप्रदायिक दंगे हुए। सो महाराष्ट्र में स्थायी तनाव और उबाल बन गया है, जिससे निवेश का माहौल प्रभावित होगा। अब महाराष्ट्र निवेशकों की पसंदीदा जगह नहीं है। उन्हें महाराष्ट्र से बेहतर गुजरात में मिल रहा है, जिसके बारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले दिनों अमेरिकी पॉडकास्टर लेक्स फ्रीडमैन को कहा कि 2002 से पहले गुजरात में ढाई सौ दंगे हुए थे लेकिन उसके बाद से स्थायी शांति है। उस स्थायी शांति की वजह से निवेशक गुजरात की ओर जाएंगे।

वैसे भी पहले से ही महाराष्ट्र की बड़ी परियोजनाएं गुजरात जा रही हैं। 2022 के गुजरात विधानसभा चुनाव से पहले एक के बाद एक कई परियोजनाएं महाराष्ट्र से हटा कर गुजरात ले जाई गई, जिसमें एक सेमीकंडकर की परियोजना भी है। करीब डेढ़ लाख करोड़ रुपए के निवेश वाली सेमीकंडक्टर की परियोजना पहले गुजरात में लगने वाली थी, जिसे गुजरात शिफ्ट कर दिया गया। ताइवान की कंपनी फॉक्सकॉन के साथ वेदांता समूह की यह परियोजना है। इसी तरह टाटा और एयरबस की विमान बनाने की परियोजना को भी गुजरात ले जाया गया। यह भी कोई 60 हजार करोड़ रुपए की परियोजना है। पहले सरकारी स्तर पर प्रयास करके महाराष्ट्र की परियोजनाएं गुजरात ले जाई गईं और अब स्वाभाविक रूप से महाराष्ट्र में ऐसा माहौल बना है कि कारोबारी वहां की बजाय दूसरे राज्य का रुख करेंगे।

इसके लिए पहले राजनीतिक अस्थिरता कायम की गई। महाराष्ट्र में भाजपा और शिव सेना का परफेक्ट सद्भाव था। लेकिन शिव सेना ब्रांड के हिंदुत्व की राजनीति को खत्म करने के लिए उसे तोड़ने या कमजोर करने का प्रयास पहले दिन से शुरू हो गया। भाजपा इस सोच में काम कर रही थी कि उसके अलावा हिंदुत्व की राजनीति करने वाली कोई पार्टी या कोई ताकत न रहे। उसको पता था कि बाल ठाकरे की विरासत लेकर राजनीति करने वाली शिव सेना हमेशा उसके लिए चुनौती है। इसलिए पहले शिव सेना में विभाजन कराया गया। फिर शरद पवार की पार्टी एनसीपी में टूट कराई गई। यानी हिंदुत्व की राजनीति करने वाली ताकत और मराठा राजनीति की ताकत दोनों को कमजोर किया गया। इससे राजनीतिक अस्थिरता बनी। 2019 के विधानसभा चुनाव के बाद जो राजनीतिक अस्थिरता बनी उसमें उद्धव ठाकरे की सरकार भी ढाई साल ठीक तरीके से काम नहीं कर सकी थी। उसके बाद शिव सेना को तोड़ कर भाजपा ने एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में जो सरकार बनवाई वह भी समय काटने वाली सरकार थी। उसी सरकार के कार्यकाल में फॉक्सकॉन और वेदांता की सेमीकंडक्टर की परियोजना महाराष्ट्र से हट कर गुजरात गई।

## शब्द सामर्थ्य -362

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

**ऊपर से नीचे**

1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंक, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | 9 | | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | | 12ए | ■ | 13 | | 14 | ■ | 15 |
| | ■ | 16 | | | | 17 | | |
| 18 | 19 | | ■ | 20 | 21 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 22 | | | ■ | 23 | | | ■ | 24 |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 361 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | सं | द | ■ | सिं | हा | स | न | ■ |
| ख | ■ | म | ज | दू | र | ■ | का | म |
| वा | द | क | ■ | र | ■ | सं | ब | ल |
| ड़ | ■ | ल | ज्जा | ■ | म | स्का | ■ | य |
| ■ | बा | ■ | ■ | बि | हा | र | ■ | ■ |
| सु | धा | क | र | ■ | न | ■ | ■ | औ |
| रं | ■ | म | ■ | कि | ता | ब | ■ | स |
| ग | ■ | अ | र | सा | ■ | हु | ज्ज | त |
| ■ | श | क्ल | ■ | न | मि | त | ■ | न |

# रचनात्मकता की नई परिकल्पना

चैतन्य प्रसाद

प्रामाणिक कहानियों और रचनात्मक मनोरंजन की भूखी दुनिया में, भारत वैश्विक मीडिया परिदृश्य में क्रांति लाने के लिए पूरी तरह तैयार है। विश्व दृश्य-श्रव्य एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) महज मीडिया और मनोरंजन से जुड़ा एक हितधारक भर नहीं है - यह एक ऐसे परिवर्तनकारी दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करता है जो दुनिया भर में रचनाकारों, नीति-निर्माताओं और दर्शकों के कंटेंट के साथ जुड़ने के तौर-तरीके को नए सिरे से परिभाषित करेगा। आगामी 1-4 मई, 2025 को मुंबई में आयोजित होने वाला वेव्स, संभवतः सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा रचनाकारों के इकोसिस्टम के लिए शुरू की गई एक ऐसी बेहद दूरदर्शी पहल के रूप में उभर कर सामने आया है, जो मनोरंजन के वैश्विक मंचों के लिए एक नया स्वर्णिम मानक स्थापित करेगा। दशकों से भारत कहानी कहने की कला के क्षेत्र में एक महाशक्ति रहा है और अपनी फिल्मों, संगीत एवं डिजिटल कंटेंट के जरिए दुनिया को मंत्रमुग्ध करता रहा है। फिर भी, अपने विशुद्ध रचनात्मक सृजन के बावजूद, इस देश ने शायद ही कभी वैश्विक मनोरंजन उद्योग में भागीदारी की शर्तों को निर्धारित किया है। वेव्स उस कहानी को बदलना चाहता है। इसका नाता सिर्फ भारतीय रचनात्मकता को प्रदर्शित करने भर से नहीं है ङ्क इसका सरोकार मीडिया, मनोरंजन और प्रौद्योगिकी के इर्द-गिर्द होने वाली वैश्विक बातचीत को आकार देने से है। यदि दावोस आर्थिक नीति का केंद्र है और कान्स सिनेमा का मंदिर है, तो वेव्स का उद्देश्य नवाचार के सृजन और प्रमुख हितधारकों के सहयोग - कलात्मक प्रतिभा के संगम - के जरिए मनोरंजन के भविष्य को परिभाषित करना है। वेव्स का वास्ता सिर्फ बड़े फलक वाली रणनीति से नहीं है इसका संबंध रचनाकारों, व्यवसायों और निवेशकों के लिए वास्तविक अवसर उपलब्ध कराने से है। 'भारत पैवेलियन' भारत की कहानी कहने की विरासत का उत्सव मनाएगा। इसमें प्राचीन महाकाव्यों एवं लोककथाओं से लेकर एआई-संचालित कंटेंट और मोहित कर देने वाली डिजिटल कहानी कहने की कला तक के इसके विकास को दर्शाया जाएगा। इसके जरिए भारत द्वारा विश्व को बताया जा रहा है कि- हमारी कहानियां भले ही कालातीत हैं, लेकिन कहानी कहने की हमारी शैली अत्याधुनिक है। वहीं 'वेव्स बाज़ार', जो अपनी तरह का पहला सालोंभर खुला रहने वाला वैश्विक कंटेंट बाजार है, कंटेंट की खरीद, बिक्री और वितरण के तरीके को बदलने के लिए तैयार है। पारंपरिक समारोह-संचालित अधिग्रहण मॉडल से आगे बढ़ते हुए, यह डिजिटल-प्रथम प्लेटफॉर्म निरंतर वैश्विक लेनदेन को संभव बनाएगा। इससे भारत और अन्य देशों के रचनाकारों को हमेशा सक्रिय रहने वाले मुद्रीकरण इकोसिस्टम तक पहुंच हासिल होना यह सुनिश्चित होगा। हाल ही में ड्यून:पार्ट टू द्वारा भारत के महत्वपूर्ण वीएफएक्स योगदान के साथ सर्वश्रेष्ठ दृश्य प्रभाव के लिए 2025 का ऑस्कर जीतने जैसी सफलताओं, जो हमारी रचनात्मक क्षमता का उदाहरण है, को वेव्स वैश्विक मंच पर प्रदर्शित और पोषित करना चाहता है। लेकिन उद्योग जगत की सभी चर्चाओं से परे, जो चीज वेव्स को वास्तव में अलग बनाती है वह है इसका व्यापक दृष्टिकोण।

यह एक बार का आयोजन नहीं है - यह भारत को मनोरंजन

## सू- दोकू क्र.362

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 1 | | 5 | |
| 6 | | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | 3 | | | | 2 | | 1 | |
| | | 3 | | 9 | | 5 | | 4 |
| 5 | | | 3 | | | | 9 | |
| | | 4 | | 2 | | | | 6 |
| 4 | | | 2 | | 3 | | 6 | |
| | | 6 | | | | 8 | | 7 |
| | 2 | 9 | 7 | | 6 | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 361 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 6 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 4 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 |

## राशिफल

**मेष** अपने काम करने के तरीकों में बदलाव लाना आवश्यक है। वैवाहिक जीवन में चल रहे तनाव समाप्त होंगे। पैतृक संपत्ति से संबंधित चल रहे विवाद आपसी सामंजस्य से ही हल होंगे।

**वृषभ** जीवन में मिले धोखे आज कठोर निर्णय लेने पर मजबूर करेंगे। प्रेम प्रसंग में चल रहे तनाव बढ़ सकते हैं। दूसरों के निजी कार्यों में दखल न दें। आर्थिक स्थिति सुधरेगी, यात्रा सुखद रहेगी।

**मिथुन** अपने बल पर आगे बढ़ेंगे। अपनी निंदा से घबराएं नहीं मेहनत करें और आगे बढ़ें। धार्मिक आस्था बढ़ेगी, पेट से संबंधित पीड़ा रहेगी। कार्यस्थल पर अधिकारियों से व्यवहार मधुर होंगे।

**कर्क** आर्थिक समस्या का समाधान होगा। संपत्ति से संबंधित मामलों में सतर्क रहें, जल्द किसी पर विश्वास ना करें। करियर में उन्नति के नए मार्ग स्थापित होंगे, धार्मिक आस्था बढ़ेगी।

**सिंह** दिनचर्या में आए बदलाव से जरूरी कार्य लंबित रहेंगे, धार्मिक आयोजनों में शामिल होंगे। परिजनों से विवाद समाप्त होगा। प्रेम प्रसंग में सफलता मिलेगी। आवास निवास संबंधी समस्या का समाधान होगा।

**कन्या** व्यापार में लाभ होगा। तेल तिलहन के कार्य से जुड़े व्यापारियों के लिए समय शुभ है। नए राजनीतिक संबंध स्थापित होंगे जो लाभकारी साबित होंगे। संतान के करियर में आ रही बाधा दूर होगी।

**तुला** व्यावसायिक गतिविधियां बढेंगी। धार्मिक आस्था में वृद्धि होगी, कर्मचारियों का सहयोग आगे बढ़ने में सहायक होगा। संतान के व्यवहार से नाखुश रहेंगे। बहनों के व्यवहार से नाराज रहेंगे।

**वृश्चिक** समय रहते निजी कार्य पूरे करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें, धन संपत्ति के मामलों में सतर्क रहें। भविष्य को लेकर चिंतित रहेंगे। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। नौकरी में तबादले के योग बन रहे हैं।

**धनु** आपको अपने व्यवहार को दुरुस्त करने की आवश्यकता है। कम बोलें अच्छा बोलें, क्रोध की अधिकता से बने काम बिगड़ सकते हैं। भाइयों के व्यवहार से नाखुश रहेंगे, संपत्ति से संबंधित कानूनी विवाद आपसी समझौते से ही हल होंगे।

**मकर** मन अशांत रहेगा। पारिवारिक संपत्ति के विवाद यथावत रहेंगे, संतान के दांपत्य में चल रहे विवाद से परेशान रहेंगे। यात्रा के योग बन रहे हैं, कार्यस्थल पर लोगों के सहयोगी व्यवहार से कार्य पूरे होंगे।

**कुंभ** दिन शुभ है। रुके कार्य पूरे होंगे, पारिवारिक आपसी विवाद खत्म होंगे। स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें, मित्रों के साथ मनोरंजन में समय व्यतीत होगा। मनपसंद भोजन की प्राप्ति होगी। मांगलिक आयोजनों में शामिल होंगे।

**मीन** समय की अनुकूलता का आभास होगा। धार्मिक आस्था बढ़ेगी। वाहन सुख संभव है। कर्मचारी के सहयोग से कार्य पूरे होंगे। मकान दुकान से संबंधित समस्या का समाधान पक्ष में होगा।

(जन्मदिवसः 25 मार्च)

# सहज,सरल व्यक्तित्व के धनी मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव

( तरूण सेन-विनायक फीचर्स)

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव छात्र जीवन से सार्वजनिक जीवन में सक्रिय हैं। विद्यार्थी संगठनों से लेकर राजनैतिक क्षेत्र में उन्होंने सक्रियतापूर्वक कार्य किया है। विभिन्न वर्गों में उनकी लोकप्रियता और सहज कार्य शैली उनके मुख्यमंत्री के रूप में चयनित किए जाने का आधार भी बनी है। डॉ. यादव के जीवन पर वर्षवार निगाह डालें तो हम उनकी नेतृत्व क्षमता को समझ पाएंगे। डॉ. मोहन यादव ने 13 दिसंबर 2023 को मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री का दायित्व सम्हाला है। डॉ. यादव का जन्म 25 मार्च 1965 को उज्जैन में हुआ। शिक्षा बी.एससी., एलएल.बी., एमबीए, पीएच.डी. (राजनीतिशास्त्र) है। वर्ष 2023 में निरंतर तीसरी बार उज्जैन दक्षिण विधानसभा से निर्वाचित हुए हैं। महत्वपूर्ण दायित्वों में कैबिनेट मंत्री और पर्यटन निगम अध्यक्ष भी शामिल है। उच्च शिक्षा विभाग में जुलाई 2020 से कार्य करते हुए उच्च शिक्षा मंत्री के रूप में देश में पहली बार मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सफल क्रियान्वयन का इन्हें श्रेय है। प्रदेश में इस अवधि में 36 इन्क्यूबेशन सेंटर और 54 नए महाविद्यालय खोले गए। डॉ. यादव वर्ष 2004-2010 की अवधि में उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष (राज्य मंत्री दर्जा) बने। इसके पश्चात वर्ष 2011-2013 में मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा) बने। डॉ. मोहन यादव भा.ज.पा. की प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य वर्ष 2013-2016 तक रहे। भा.ज.पा. के अखिल भारतीय सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के सह-संयोजक रहे। डॉ. यादव वर्ष 2013 में 14वीं विधानसभा के सदस्य बने। वर्ष 2018 में वे दूसरी बार विधानसभा के सदस्य बने। डॉ. यादव 2023 में तीसरी बार विधायक निर्वाचित हुए।

## महात्मा गाँधी पुरस्कार

डॉ. यादव को उज्जैन के समग्र विकास के लिए अप्रवासी भारतीय संगठन (अमेरिका) ने महात्मा गांधी पुरस्कार दिया। इस्कॉन इंटरनेशनल फाउंडेशन द्वारा भी सम्मानित किया गया। मध्यप्रदेश में पर्यटन के निरंतर विकास के लिए डॉ. यादव को वर्ष 2011-2012 एवं वर्ष 2012-2013 में राष्ट्रपति ने पुरस्कृत किया। डॉ. यादव वर्ष 2013 में चौदहवीं विधानसभा, वर्ष 2018 में दूसरी बार पंद्रहवीं विधानसभा के सदस्य निर्वाचित हुए। डॉ. यादव दिनांक 2 जुलाई, 2020 को कैबिनेट मंत्री बने। डॉ. यादव ने 12 दिसंबर 2023 तक इस पद का निर्वहन किया। डॉ. यादव वर्ष 2023 में सोलहवीं



विधानसभा के लिए तीसरी बार सदस्य निर्वाचित हुए। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की गरिमामय उपस्थिति में डॉ. यादव ने 13 दिसंबर 2023 को भोपाल में मध्यप्रदेश के 19वें मुख्यमंत्री के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ ग्रहण की।

## विद्यार्थी परिषद में योगदान

डॉ. मोहन यादव छात्र राजनीति में लंबे सयम तक सक्रिय रहे। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में प्रदेश के विभिन्न पदों पर रहे। राष्ट्रीय महामंत्री के पद के दायित्वों का निर्वहन किया। माधव विज्ञान महाविद्यालय में वर्ष 1982 में डॉ. यादव छात्र संघ के संयुक्त सचिव तथा वर्ष 1984 में छात्रसंघ अध्यक्ष निर्वाचित हुए। सामाजिक क्षेत्र में डॉ. यादव वर्ष 2006 में भारत स्काउट और गाइड के जिलाध्यक्ष, मध्यप्रदेश ओलंपिक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष, वर्ष 2007 में अखिल भारतीय कुश्ती महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष, वर्ष 1992, वर्ष 2004 और वर्ष 2016 में सिंहस्थ (उज्जैन) केंद्रीय समिति के सदस्य रहे। इसी तरह वर्ष 2000-2003 तक विक्रम विश्वविद्यालय के कार्यपरिषद (सिंडीकेट) सदस्य रहे। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, विकलांग पुनर्वास केंद्रों में कार्य करते हुए सक्रिय भागीदारी निभाईसंघ, उज्जैन नगर के सह खंड कार्यवाह, वर्ष 1996 में खंड कार्यवाह और नगर कार्यवाह और वर्ष 1997 में भारतीय जनता युवा मोर्चा की प्रदेश कार्य समिति के सदस्य बने।

## रेलवे बोर्ड में सलाहकार

डॉ. यादव वर्ष 1998 में पश्चिम रेलवे बोर्ड की सलाहकार समिति के सदस्य बनाये गये। वर्ष 1999 में भारतीय जनता युवा मोर्चा के उज्जैन संभाग प्रभारी, वर्ष 2000-2003 में भा.ज.पा. के नगर जिला महामंत्री, वर्ष 2004 में भा.ज.पा. की प्रदेश कार्य समिति के सदस्य, वर्ष 2004 में सिंहस्थ, मध्यप्रदेश की केंद्रीय समिति के सदस्य तथा वर्ष 2008 से भारत स्काउट एंड गाइड के जिलाध्यक्ष रहे। धार्मिक क्षेत्र में भी आप गतिशील रहे हैं। विक्रमोत्सव चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर उज्जैन के सम्राट विक्रमादित्य द्वारा आरंभ विक्रम संवत् पर प्रारंभ होने वाले भारतीय नववर्ष मनाने की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए प्रतिवर्ष भव्य उत्सव शिप्रा तट पर आयोजित किया जाता है। धार्मिक आयोजनों में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए भारतीय संस्कृति, तीज, त्योहार, रीति-रिवाज के पारंपरिक आयोजनों में शामिल होकर साहित्यिक, सांस्कृतिक कला, विज्ञान, पुरातत्व, वेद ज्योतिष से जुड़ने के लिए जनमानस को अभिप्रेरित किया। साहित्य क्षेत्र में विक्रमादित्य शोधपीठ के गठन का श्रेय भी डॉ. मोहन यादव को जाता है। लेखन की चर्चा करें तो उज्जैयनी का पर्यटन, विश्वकाल गणना के केंद्र डोंगला पर आपने लिखा है। संकल्प शुभकृत, क्रोधी, विश्वावसु, पराभव आदि पुस्तकों का प्रकाशन भी किया। डॉ. यादव को विदेश यात्रा का भी अनुभव है। अमेरिका, इंग्लैंड, जर्मनी, जापान, बैंकाक, थाईलैंड, चीन, नेपाल, बर्मा, भूटान, म्यांमार, अरब देशों की यात्रा की है। अभिनय क्षेत्र की चर्चा करें तो मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित महानाट्य जाणता राजा में भी भूमिका अदा की है। अभिनय के साथ तलवारबाजी की कला का प्रदर्शन विभिन्न मंचों पर किया है। वर्ष 2024 में विश्व की प्रथम विक्रमादित्य-वैदिक घड़ी की स्थापना आपकी ही पहल है। इसी तरह वैज्ञानिकों के सहयोग से डोंगला (उज्जैन) में विश्व स्तरीय वेधशाला के निर्माण में सहभागिता की है। देश के पहले शोध आधारित आईआईटी, इंदौर के सैटेलाइट कैंपस की उज्जैन में स्थापना की है।

# गहरे संकट में पाकिस्तान, देश की अखंडता के साथ-साथ चीन की दोस्ती खोने का डर

**इस्लामाबाद ,एजेंसी।** बलूचिस्तान पाकिस्तान के लिए न सुलझने वाली गुत्थी बनता जा रहा है। प्रांत में अलगववादी चरमपंथियों की कार्रवाईयों ने सरकार को हिला कर रख दिया है। इस प्रदेश में बढ़ती हिंसा न सिर्फ सुरक्षा के नजरिए से बल्कि आर्थिक दृष्टि से भी पाकिस्तान को बड़ा जख्म दे सकती है। चीन ने यहां बड़े पैमाने पर निवेश किया है लेकिन सबसे अहम सवाल यह है कि हाल की हिंसक घटनाओं के बाद क्या बीजिंग अपने कदम पीछे खींच सकता है।

पाकिस्तान के भूमि क्षेत्र का लगभग 44त्न हिस्सा बलूचिस्तान का है। यह अफगानिस्तान और ईरान के साथ अंतरराष्ट्रीय सीमा भी साझा करता है। इस प्रांत में केवल 5त्न कृषि योग्य जमीन है। यह अत्यंत शुष्क रेगिस्तानी जलवायु के लिए जाना जाता है लेकिन इसे प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर माना जाता है। इसके बावजूद विकास की दौड़ में सबसे पीछे रह गया है। इस प्रांत में तांबा, सोना, कोयला और प्राकृतिक गैस के विशाल भंडार हैं, जो पाकिस्तान की खनिज संपदा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। मध्य पूर्व, दक्षिण एशिया और मध्य एशिया को जोड़ने वाली अपनी रणनीतिक स्थिति के कारण, बलूचिस्तान एक भू-राजनीतिक दृष्टि से बेहद अहमियत रखता है।

बलूचिस्तान की भू-रणनीतिक अहमियत के कारण चीन की मत्वकांक्षी परियोजना चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) का एक बड़ा हिस्सा इसी प्रांत में है। सीपीईसी चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की 'बेल्ट एंड रोड' पहल का हिस्सा है और ग्वादर शहर का बंदरगाह इस प्रोजेक्ट के लिए बेहद अहम मान जाता है। यह एक परिवर्तनकारी बुनियादी ढांचा परियोजना है जिसका उद्देश्य पाकिस्तान के अरब सागर तट के माध्यम से चीन को अंतरराष्ट्रीय बाजारों से जोड़ना है।

अरब सागर पर स्थित ग्वादर बंदरगाह इस क्षेत्र के लिए एक प्रमुख व्यापार द्वार साबित हो सकता है। हालांकि बड़ी संख्या में बलूच लोग यह मानते हैं कि ये निवेश बाहरी शोषण का एक रूप है। पाकिस्तानी सरकार सीपीईसी को गेम-चेंजर के रूप में पेश करती है लेकिन स्थानीय लोगों की दलील है कि इन विशाल परियोजनाओं से बहुत कम लाभ होता है।

चीनी कंपनियों और श्रमिकों की आमद ने स्थानीय लोगों की नाराजगी को और गहरा कर दिया है क्योंकि वे बेरोजगारी और अपर्याप्त सामाजिक सेवाओं से जूझ रहे हैं।

वैसे बलूचिस्तान के शोषण का मुद्दा काफी पुराना है। स्थानीय लोग दशकों से आरोप लगाते रहे हैं कि प्रांतीय और केंद्र सरकारें यहां के प्राकृतिक संसाधनों को दोहन कर भारी मुनाफा कमाती रही हैं लेकिन इलाके में विकास को पूरी तरह उपेक्षा की जाती रही है। प्रांत में बलूच राष्ट्रवादियों ने आजादी के लिए 1948-50, 1958-60, 1962-63 और 1973-1977 में विद्रोह किए हैं।

बलूचिस्तान में कई अलगाववादी समूह सक्रिए हैं जिनमें से बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) सबसे बड़ी चुनौती बन कर उभरा है। पिछले दिनों जाफर एक्सप्रेस को किडनैप कर इस समूह ने अपनी ताकत जता दी है।

चीन के लिए, सीपीईसी की कामयाबी बलूचिस्तान में स्थिरता पर निर्भर करती है। हालांकि, अलगाववादी समूहों का निरंतर प्रतिरोध इसके निवेश के लिए एक गंभीर चुनौती है। यदि संघर्ष आगे बढ़ता है, तो यह क्षेत्र में बीजिंग की महत्वकांक्षाओं को खतरे में डाल सकता है।

पाकिस्तान में सीपीईसी परियोजनाओं में वर्तमान में लगभग 30,000 चीनी नागरिक काम कर रहे हैं। बीजिंग के लिए अपने नगारिकों की सुरक्षा सबसे बड़ा सवाल है खासतौर से बलूचिस्तान में। बलूच विद्रोही पाकिस्तान से आजादी की मांग करने के अलावा, इस क्षेत्र में चीनी परियोजनाओं का भी मुखर विरोध करते रहे हैं। कुछ मीडिया रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि चीन प्रांत में अपनी सेना तैनात करने की मंशा रखता है हालांकि पाकिस्तान इसके लिए तैयार होगा यह अभी नहीं कहा जा सकता है। लेकिन इन अटकलों ने इतना तो बता दिया है कि चीन और पाकिस्तान के बीच अविश्वास की दरारें गहरी होती जा रही है। अगर पाकिस्तान ने चीन की सुरक्षा चिंताओं को दूर नहीं किया तो उसे बड़ा खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

# बांग्लादेश : ढाका में सड़कों पर उतरे हजारों मजदूर, हाईवे किया जाम

**ढाका ,एजेंसी।** बांग्लादेश की राजधानी में शनिवार को हजारों मजदूरों ने प्रदर्शन किया और हाईवे जाम कर दिया। उन्होंने कारखाने को दोबारा खोलने, वार्षिक अवकाश, बकाया अवकाश भुगतान और बोनस की मांग की। मजदूरों ने दो घंटे तक ढाका-मैमनसिंह राजमार्ग को जाम रखा, जिससे यातायात बाधित रहा और स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। ढाका संभाग के गाजीपुर जिले में जायंट निट गारमेंट फैक्ट्री के मजदूरों ने सुबह फैक्ट्री बंद होने का नोटिस देखने के बाद विरोध प्रदर्शन शुरू किया। गाजीपुर औद्योगिक पुलिस उपनिरीक्षक (एसआई) फारुक हुसैन ने बताया कि श्रमिकों ने छुट्टी और बोनस भुगतान को लेकर गुरुवार को विरोध प्रदर्शन किया था। बांग्लादेश के प्रमुख दैनिक इसके जवाब में फैक्ट्री के अधिकारियों ने फैक्ट्री बंद करने का नोटिस जारी कर दिया। छुट्टी और बोनस के बारे में अधिकारियों से बातचीत करने के कई कोशिशों के बावजूद, श्रमिकों की समस्याओं का समाधान नहीं हो सका। एक प्रदर्शनकारी कर्मचारी ने कहा, हम अपने परिवारों के साथ जीवित रहने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। ईद करीब आ रही है, फिर भी हमारी छुट्टियों के भुगतान और बोनस की कोई7 गारंटी नहीं है। फैक्ट्री को फिरमनी से खोलना चाहिए और हमारे बकाए का तुरंत भुगतान किया जाना चाहिए। इस सप्ताह की शुरुआत में सैकड़ों श्रमिकों ने वेतन न मिलने के मुद्दे पर गाजीपुर के भोगरा बाईपास चौराहे पर ढाका-तंगैल और ढाका-मैमनसिंह हाईवे को जाम कर दिया था। विरोध प्रदर्शन के कारण पहले से ही भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में यातायात जाम की स्थिति पैदा हो गई। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि 300 से अधिक मजदूरों को उनका वेतन नहीं मिला। अधिकारी बिना कोई वैध कारण बताए उनके वेतन में देरी कर रहे हैं। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले सप्ताह गाजीपुर के कलियाकोइर में कम से कम 15 कपड़ा कारखानों के मजदूरों ने एक कारखाने के बंद होने और श्रमिकों पर कथित हमले के विरोध में ढाका-तंगैल हाईवे को ब्लॉक कर दिया था।

नवंबर 2024 में जारी अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की एक रिपोर्ट के अनुसार, श्रीलंका और भूटान के बाद बांग्लादेश में दक्षिण एशियाई देशों में कम वेतन वाले मजदूरों का तीसरा सबसे बड़ा प्रतिशत है। अर्थशास्त्रियों का कहना है कि इस बढ़ती असमानता ने कम आय वाले और अकुशल श्रमिकों को भोजन की खपत कम करने के लिए मजबूर किया है। अगस्त 2024 में मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के सत्ता में आने के बाद से ही बकाया भुगतान न मिलने और काम करने की बिगड़ती परिस्थितियों को लेकर पूरे देश में श्रमिकों के विरोध और हड़तालों ने अपनी पकड़ बना ली है। कई रिपोर्टों से पता चला है कि मजदूरों के लगातार विरोध प्रदर्शन के कारण कई फैक्ट्रियां बंद हो गई हैं, जबकि विरोध मार्च के दौरान कई श्रमिकों की जान भी चली गई या वे गंभीर रूप से घायल हो गए।

# यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस के साथ हमेशा खड़ा रहेगा उत्तर कोरिया : किम जोंग उन

**सोल ,एजेंसी।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन ने यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध का हमेशा समर्थन करने की बात कही। एक शीर्ष रूसी सुरक्षा अधिकारी के साथ बैठक के दौरान उन्होंने अपने यह विचार प्रकट किए। प्योंगयांग के सरकारी मीडिया ने शनिवार को यह जानकारी दी। किम ने एक दिन पहले प्योंगयांग में रूसी सुरक्षा परिषद के सचिव सर्गेई शोइगु के साथ महत्वपूर्ण और उपयोगी चर्चा की। पूर्व रूसी रक्षा मंत्री वार्ता से कुछ घंटे पहले उत्तर कोरिया पहुंचे थे। कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) के हवाले से योनहाप ने बताया कि बैठक में दोनों देशों के सुरक्षा हितों की रक्षा के साथ-साथ क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। रिपोर्ट के मुताबिक किम ने यह भी कहा कि यह डीपीआरके सरकार का दृढ़ विकल्प और दृढ़ इच्छा है कि वह भविष्य में राष्ट्रीय संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और सुरक्षा हितों की रक्षा के लिए रूस के संघर्ष में उसका हमेशा समर्थन करे।

बता दें डीपीआरके का मतलब डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया है, जो उत्तर कोरिया का आधिकारिक नाम है। केसीएनए ने ब्यौरा दिए बिना कहा कि शोइगू ने किम को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का एक महत्वपूर्ण हस्ताक्षरित पत्र सौंपा है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि शोइगु संभवतः यूक्रेन युद्ध में संघर्ष विराम पर रूस के रुख को समझाने के लिए उत्तर कोरिया गए थे। वह यह भी जानना चाहते थे कि रूस में उत्तर कोरिया की सेना की तैनाती के बदले में मॉस्को को प्योंगयांग को क्या देना होगा? बता दें इस सप्ताह फोन पर बातचीत के दौरान पुतिन ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ युद्ध में आंशिक युद्ध विराम के तहत यूक्रेन के ऊर्जा ढांचे पर हमलों को अस्थायी रूप से रोकने पर सहमति जताई। शोइगु की यात्रा ऐसे समय में हुई है जब ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि किम रूस की यात्रा कर सकते हैं, संभवतः मई में रूस के विजय दिवस की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर।

# पत्नी संग बेल्जियम में दिखा भगोड़ा मेहुल चोकसी, अब स्विट्ज़रलैंड जाने की प्लानिंग

**बेल्जियम ,एजेंसी।** बेल्जियम में रह रहे भगोड़ा मेहुल चोकसी अब स्विट्जरलैंड जाने की प्लानिंग कर रहा है। पहले यह माना जा रहा था कि वह एंटीगुआ और बारबुडा में रह रहे थे, लेकिन अब एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, 'एफ रेजीडेंसी कार्ड' मिलने के बाद वह अपनी पत्नी प्रीति चोकसी के साथ बेल्जियम के एंटवर्प में रह रहा है। बता दें कि भगोड़ा कारोबारी मेहुल चोकसी भारत में 13,500 करोड़ रुपये के बैंक लोन घोटाले में कथित रूप से शामिल रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत सरकार ने अब बेल्जियम से चोकसी के प्रत्यर्पण की मांग की है। हालांकि, भारतीय अधिकारियों ने अभी तक इस रिपोर्ट की पुष्टि नहीं की है। रिपोर्ट के अनुसार, मेहुल चोकसी ने बेल्जियम में एफ रेजीडेंसी कार्ड प्राप्त करने के लिए फर्जी दस्तावेजों और गलत जानकारी का इस्तेमाल किया, ताकि वह भारत प्रत्यर्पित होने से बच सके। वह अपनी भारतीय और एंटीगुआ नागरिकता को छिपाते हुए बेल्जियम सरकार से यह कार्ड प्राप्त करने में सफल रहा। एफ रेजीडेंसी कार्ड मिलने के बाद उसे बेल्जियम में रहने और यूरोप में घूमने की छूट मिल गई है। रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया कि चोकसी स्विट्जरलैंड के एक फेमस कैंसर अस्पताल में इलाज के लिए जाने की योजना बना रहा हैं। मेहुल चोकसी और उसके भतीजे नीरव मोदी पर आरोप है कि दोनों ने पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) से धोखाधड़ी के जरिए 13,500 करोड़ रुपये का घोटाला किया है। उल्लेखनीय है कि नीरव मोदी इस समय लंदन की जेल में बंद हैं और भारत को प्रत्यर्पित करने के खिलाफ अदालत में मुकदमा दायर किया है। दिसंबर 2024 में मुंबई की एक विशेष अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से 2018 से जब्त की गई चोकसी की संपत्तियों की बिक्री की अनुमति दी थी। इन संपत्तियों की कुल कीमत 2,565.9 करोड़ रुपये है, जो पंजाब नेशनल बैंक और आईसीआईसीआई बैंक के समर्थन से अदालत के आदेश पर जब्त की गई थीं। इन संपत्तियों की बिक्री शुरू हो चुकी है, जिसमें 125 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की संपत्तियां-मुंबई में फ्लैट्स और एसईईपीजेड, अंधेरी में दो कारखाने गितांजलि जेम्स लिमिटेड के लिक्विडेटर को सौंप दी गई हैं।

# कलयुगी मां की करतूत : 11 साल के बेटे को घुमाने के बहाने डिज्नीलैंड लेकर गई, फिर गला रेत की हत्या

**न्यूयॉर्क ,एजेंसी।** भारतीय मूल की कलियुगी मां की करतूत जानकर आपके रोंगटे खड़े हो जाएंगे। एक मां अपने 11 साल के बेटे को अमेरिकी के डिज्नीलैंड में घुमाने के बहाने ले गई। मगर वहां होटल में उसकी गला रेतकर हत्या कर दी। डिज्नीलैंड कैलिफोर्निया के एनाहिम में स्थित एक 'थीम पार्क' है। बताया जा रहा है कि यह महिला 'डिज्नीलैंड' में पहले तीन दिन छुट्टियां मनाती रही। उसके बाद अपने 11 वर्षीय बेटे की गला रेतकर हत्या कर दी।कैलिफोर्निया में ऑरेंज काउंटी के जिला अटॉर्नी कार्यालय की ओर से शुक्रवार को जारी एक बयान में बताया गया कि आरोपी महिला का नाम सरिता रामाराजू (48) है। सरिता 2018 में अपने पति से तलाक लेने के बाद कैलिफोर्निया से चली गई थी। तलाक के बाद सरिता के बेटे का संरक्षण उसके पास नहीं था, लेकिन उसे अपने बेटे से मिलने की अनुमति थी। घटना से पहले सरिता अपने बेटे के साथ सांता एना के एक मोटल में ठहरी थी। उसने अपने और अपने बेटे के लिए डिज्नीलैंड के तीन दिवसीय पास खरीदे थे। सरिता को 19 मार्च को जिस दिन होटल से जाना था और अपने बेटे को उसके पिता को सौंपना था, उसने उसी दिन सुबह 9 बजकर 12 मिनट पर पुलिस को फोन करके बताया कि उसने अपने बेटे की हत्या कर दी है और आत्महत्या करने के लिए गोलियां खा ली हैं।

पुलिस जब पहुंची तो उसने देखा कि बच्चा बिस्तर पर मृत पड़ा था। पुलिस ने बताया कि कमरे के अंदर एक चाकू मिला जिसे एक दिन पहले खरीदा गया था। आशंका है कि इसी चाकू से महिला ने अपने बेटे का बेहरहमी से गला काट दिया। बेटे की हत्या के बाद महिला ने आत्महत्या का प्रयास करने की जानकारी दी। इसके बाद महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया था और उसे बृहस्पतिवार को छुट्टी दे दी गई। उसे अपने बेटे की हत्या करने के संदेह में गिरफ्तार कर लिया गया।

## खेल/व्यापार

## समाचार

### भारत की जीडीपी 10 वर्षों में हुई दोगुनी, 2027 तक जापान और जर्मनी से निकलेगी आगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की जीडीपी बीते 10 वर्षों में दोगुनी हो गई है। देश की अर्थव्यवस्था 2025 में बढ़कर 4.3 ट्रिलियन डॉलर होने का अनुमान है, जो कि 2015 में 2.1 ट्रिलियन डॉलर थी। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) द्वारा जारी किए गए डेटा में यह जानकारी दी गई। अर्थव्यवस्था के तेज गति से बढ़ने के कारण भारत की जीडीपी 2025 में जापान और 2027 में जर्मनी से बड़ी हो जाएगी। आईएमएफ के डेटा में बताया गया कि भारत दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना हुआ है और इसकी वजह नीतिगत सुधार और मजबूत आर्थिक वृद्धि है। बीजेपी नेता अमित मालवीय द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर की गई पोस्ट में कहा गया कि विकास की यह गति भारत को एक वैश्विक आर्थिक महाशक्ति के रूप में स्थापित करती है, जो 2025 तक जापान और 2027 तक जर्मनी को पीछे छोड़ देगी। मालवीय ने आगे कहा कि यह असाधारण उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और उनकी सरकार के अथक प्रयासों का प्रमाण है। सक्रिय आर्थिक नीतियों, साहसिक संरचनात्मक सुधारों और व्यापार करने में आसानी पर निरंतर फोकस के माध्यम से मोदी सरकार ने भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना दिया है। साथ ही कहा कि यह एक ऐसी उपलब्धि जो आजादी के बाद से किसी भी पिछली सरकार को हासिल नहीं हुई थी। इस महीने की शुरुआत में, भारत की विवेकपूर्ण नीतियों की सराहना करते हुए आईएमएफ के कार्यकारी बोर्ड ने कहा है कि देश का मजबूत आर्थिक प्रदर्शन 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था बनने के लिए महत्वपूर्ण सुधारों को अपनाने में मदद कर सकता है। आईएमएफ के कार्यकारी बोर्ड ने कहा कि संरचनात्मक सुधार देश में उच्च-गुणवत्ता की नौकरियां पैदा करने और निवेश के लिए काफी जरूरी हैं। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि भारत को लेबर मार्केट सुधारों को लागू करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए और महिला भागीदारी को लेबर फोर्स में बढ़ाना चाहिए।

### बिक गई ट्विटर की नीली चिड़िया, जानें कितने रुपए में हुआ सौदा?

**सैन फ्रांसिस्को ,एजेंसी।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर, जिसे अब एक्स के नाम से जाना जाता है, के सैन फ्रांसिस्को स्थित मुख्यालय पर लगा प्रतिष्ठित नीली चिड़िया का लोगो आखिरकार नीलाम हो गया है। नीलामी में इस आइकॉनिक लोगो को 34 हजार 375 डॉलर, यानी करीब 30 लाख रुपये में खरीदा गया है। नीलामी कंपनी के एक प्रवक्ता के अनुसार, नीली चिड़िया का यह विशालकाय लोगो, जिसका वजन लगभग 254 किलोग्राम है और जो 12 फीट लंबा और 9 फीट चौड़ा है, उसे अज्ञात खरीदार ने हासिल किया है। इस नीलामी में सिर्फ नीली चिड़िया ही आकर्षण का केंद्र नहीं थी। इसके साथ ही कई अन्य दुर्लभ और ऐतिहासिक वस्तुएं भी नीलाम हुईं। इनमें एक एपल-1 कंप्यूटर 3.75 लाख डॉलर (करीब 3.22 करोड़ रुपये) में बिका, जबकि स्टीव जॉब्स द्वारा हस्ताक्षरित एपल का एक चेक 1,12,054 डॉलर (करीब 96.3 लाख रुपये) में नीलाम हुआ। इसके अतिरिक्त, पहली पीढ़ी का सील्ड पैक 4त्नक्चआईफोन 87 हजार 514 डॉलर में बेचा गया। गौरतलब है कि एलन मस्क के 2022 में ट्विटर का अधिग्रहण करने और बाद में इसका नाम बदलकर एक्स करने के बाद से ही इस नीली चिड़िया के लोगो का भविष्य अनिश्चित था। भले ही अब यह लोगो माइक्रोब्लॉगिंग वेबसाइट एक्स का हिस्सा नहीं है, लेकिन सोशल मीडिया जगत में इसकी पहचान एप्पल या नाइकी जैसी ही मजबूत बनी हुई है। एलन मस्क ने ट्विटर को लगभग 44 बिलियन डॉलर (करीब 3368 अरब रुपये) में खरीदा था। अधिग्रहण के समय मस्क ने कहा था कि लोकतंत्र को बनाए रखने के लिए स्वतंत्र अभिव्यक्ति आवश्यक है। उनका लक्ष्य ट्विटर को नए फीचर्स और बेहतर सुविधाओं के साथ एक बेहतरीन मंच बनाना था, जिसके तहत उन्होंने इस प्लेटफॉर्म पर कई बड़े बदलाव भी किए हैं।

# आईपीएल 2025 : एक बार फिर रहाणे पर भारी पड़े कुणाल, बड़ी जीत के मामले में आरसीबी ने बनाया रिकॉर्ड



**नई दिल्ली ,एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे की शुरुआत मिली-जुली रही। उन्होंने जहां अपनी शानदार बल्लेबाजी से दर्शकों के मन को मोहित किया, तो कप्तानी में उनके हाथ निराशा लगी। आईपीएल 2025 के सीजन ओपनर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम निर्मम थी, जिन्होंने विस्फोटक बल्लेबाजी का नजारा पेश किया और केकेआर को आसानी से हराते हुए सीजन में धमाकेदार आगाज किया।

इस मुकाबले में केकेआर को टॉस हारने के बाद पहले बैटिंग करनी पड़ी थी। क्विंटन डिकॉक का विकेट सस्ते में गिरने के बाद रहाणे नंबर तीन पर आए और 31 गेंदों पर 56 रनों की पारी खेली। 181 के स्ट्राइक रेट से खेली गई इस पारी में रहाणे ने अपना अनुभव और दमखम दोनों दिखाया। उनको क्रुणाल पांड्या ने आउट किया। क्रुणाल ने न केवल रहाणे का शो स्टॉप किया बल्कि बाएं हाथ का यह स्पिनर पूरे मैच में लय में नजर आया और 4 ओवर में 29 रन देकर 3 विकेट हासिल किए।

क्रुणाल को प्लेयर ऑफ द मैच भी दिया गया। रहाणे और क्रुणाल का भी आईपीएल में एक दिलचस्प मुकाबला चलता है, जहां बाजी हर बार गेंदबाज के हाथ लगी है। रहाणे ने आईपीएल में क्रुणाल की 53 गेंदों का सामना किया है और इन पर वह 61 रन बनाकर चार बार आउट हुए हैं। क्रुणाल के खिलाफ रहाणे का औसत केवल 15.25 का रहा है। लेटेस्ट मैच में एक बार फिर क्रुणाल पांड्या ने रहाणे के खिलाफ सफलता हासिल की।

सिर्फ क्रुणाल ही नहीं, बाएं हाथ के एक और आरसीबी गेंदबाज के आंकड़े दिलचस्प हैं। यह हैं पेसर यश दयाल जिन्होंने तीन ओवर में 25 रन देकर एक विकेट लिया। यश दयाल इससे पहले गुजरात टाइटंस के लिए खेल चुके हैं, जहां उनकी डेथ ओवर गेंदबाजी प्रभावशाली नहीं रही थी। जीटी की ओर से खेलते हुए 16-20 ओवर में दयाल की गेंदबाजी औसत 44.66 और इकोनॉमी रेट 11.16 की रही। लेकिन आरसीबी में आकर उनके प्रदर्शन में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। यश दयाल ने आरसीबी के लिए खेलते हुए 16-20 ओवर के दौरान 15.5 की शानदार औसत और 9.58 की इकॉनमी रेट से बॉलिंग की है। फ्रेंचाइजी बदलने के बाद यह किसी खिलाड़ी के प्रदर्शन में आए सुधार का एक और उल्लेखनीय उदाहरण है।

जहां तक मैच की बात है, पूरे मुकाबले में आरसीबी छाई रही। उन्होंने आईपीएल इतिहास में पावरप्ले में अपना दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाया। पावरप्ले में आरसीबी ने बिना कोई विकेट खोए 80 रन बनाए। इसका कारण फिलिप साल्ट और विराट कोहली के तेज अर्धशतक रहे। आरसीबी का टॉप पावरप्ले स्कोर आईपीएल 2024 में आया था, जब उन्होंने अपने घरेलू मैदान पर गुजरात टाइटंस के खिलाफ 1 विकेट खोकर 92 रन बनाए थे। शनिवार के मुकाबले में रजत पाटीदार ने 16 गेंदों पर 34 रन बनाए और लियाम लिविंगस्टोन ने भी 5 गेंदों पर 15 रनों की पारी खेली। इसके चलते आरसीबी 16.2 ओवर में जीत गई। यह गेंद शेष रहने के मामले में आरसीबी की आईपीएल इतिहास (कम से कम 175 या उससे बड़े टारगेट के मामले में) में दूसरी सबसे बड़ी जीत थी। आरसीबी की सबसे बड़ी जीत सीजन 2024 में आई थी, जब उन्होंने गुजरात टाइटंस के खिलाफ 201 रनों के टारगेट का सफल पीछा करते हुए 24 गेंद शेष रहते हुए जीत दर्ज की थी।

# आईपीएल 2025 : एलएसजी ने चोटिल मोहसिन खान की जगह शार्दुल ठाकुर को टीम में शामिल किया

**विशाखापत्तनम ,एजेंसी।** लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) ने भारत के ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर को बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मोहसिन खान की जगह टीम में शामिल किया है। मोहसिन चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 से बाहर हो गए हैं। शार्दुल पिछले साल हुई मेगा नीलामी में नहीं बिके थे। वह अब तक आईपीएल में पांच टीमों ङ्क चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके), दिल्ली कैपिटल्स (डीसी), किंग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स, पीबीकेएस), कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और राइजिंग पुणे सुपरजायंट (अब नहीं है) के लिए 95 मैच खेल चुके हैं। उन्होंने 67 विकेट लिए हैं और उनका इकॉनमी रेट 8.89 है। आईपीएल के बयान के अनुसार, अनुभवी ऑलराउंडर ठाकुर को रजिस्टर्ड उपलब्ध खिलाड़ी लिस्ट (आरएपीपी) से उनके आधार मूल्य 2 करोड़ रुपये में शामिल किया गया है। वह भारत के लिए तीनों फॉर्मेट में अच्छा प्रदर्शन कर चुके हैं और आईपीएल में भी उनका अनुभव बहुमूल्य रहेगा। मोहसिन को पिछले साल दिसंबर में विजय हजारे ट्रॉफी के दौरान घुटने की गंभीर चोट (एसीएल टीयर) लगी थी। वह एलएसजी के प्री-सीजन कैंप में शामिल हुए थे, लेकिन नेट्स में गेंदबाजी करते समय उनकी पिंडली में चोट लग गई, जिसके कारण उन्हें टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा। 33 वर्षीय शार्दुल, जो नीलामी में नहीं बिके थे, ने 2025 सत्र की शुरुआत में इंग्लैंड की एसेक्स टीम के लिए सात मैचों का काउंटी चैंपियनशिप करार किया था। हालांकि, अब उन्हें आईपीएल में खेलने के लिए एलएसजी के साथ रहना होगा, जिससे यह करार रद्द हो सकता है। शार्दुल 2018 और 2021 में चेन्नई सुपर किंग्स के साथ दो बार आईपीएल जीत चुके हैं। वह इस समय विशाखापट्टनम में एलएसजी टीम के साथ हैं, जहां एलएसजी टीम सोमवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल 2025 में अपना पहला मैच खेलेगी। लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम- ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), डेविड मिलर, एडन मार्करम, आर्यन जुयाल, हिम्मत सिंह, मैथ्यू ब्रीट्जके, निकोलस पूरन, मिशेल मार्श, अब्दुल समद, शाहबाज अहमद, युवराज चौधरी, राजवर्धन हंगरगेकर, अश्विनी कुलकर्णी, आयुष बडोनी, आवेश खान, आकाशदीप, एम सिद्धार्थ, शमार जोसेफ, प्रिंस यादव, मयंक यादव, दिग्वेश सिंह, आकाश सिंह, मोहसिन खान, रवि बिश्नोई

# यूपीआई इस्तेमाल करने वालों के लिए जरूरी खबर, 1 अप्रैल से इन मोबाइल नंबर्स पर बंद हो जाएगी सेवा

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) का उपयोग करने वाले करोड़ों लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण खबर सामने आई है। यदि आपका बैंक खाते से जुड़ा मोबाइल नंबर लंबे समय से निष्क्रिय है, तो उसे तुरंत सक्रिय करा लें, अन्यथा आप 1 अप्रैल से यूपीआई सेवाओं का इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे। दरअसल, डिजिटल धोखाधड़ी को रोकने के उद्देश्य से 1 अप्रैल से यूपीआई भुगतान प्रणाली में एक नया नियम लागू होने जा रहा है। इस नए नियम के तहत, सभी बैंकों और भुगतान सेवा प्रदाताओं (पीएसपी) को 31 मार्च से पहले अपने डेटाबेस को अपडेट करना होगा। इस अपडेट के माध्यम से निष्क्रिय या बदले हुए मोबाइल नंबरों को सिस्टम से हटाया जाएगा। बैंकों को इस प्रक्रिया के तहत 31 मार्च तक निष्क्रिय मोबाइल नंबरों को अपने डेटाबेस से अनिवार्य रूप से हटाना होगा। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने धोखाधड़ी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए डिजिटल इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म (डीआईपी) पर उपलब्ध मोबाइल नंबर रिवोकेशन लिस्ट (एमएनआरएल) का उपयोग करने का सख्त निर्देश दिया है। इस प्रक्रिया के पूरा होने के बाद, निष्क्रिय मोबाइल नंबरों से जुड़े सभी यूपीआई खाते स्वतः ही बंद हो जाएंगे। एनपीसीआई ने इस संबंध में बैंकों और गूगल पे, फोन पे जैसे प्रमुख यूपीआई ऐप के लिए सप्ताह में कम से कम एक बार मोबाइल नंबर रिकॉर्ड को अपडेट करना अनिवार्य कर दिया है। यूपीआई सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनियों को संदिग्ध गतिविधियों की पहचान करने और उन्हें सिस्टम से हटाने के लिए एमएनआरएल या डिजिटल इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म (डीआईपी) का नियमित रूप से उपयोग करना होगा।

**किन लोगों की यूपीआई सेवा हो सकती है बंद?**

ऐसे उपयोगकर्ता जिन्होंने अपना मोबाइल नंबर बदल लिया है, लेकिन इसे अपने बैंक खाते के साथ अपडेट नहीं कराया है। वे लोग जिन्होंने अपने मोबाइल नंबर को निष्क्रिय कर दिया है और बैंक में इसकी सूचना नहीं दी है। जिन निष्क्रिय मोबाइल नंबरों का उपयोग कॉल, एसएमएस जैसी सामान्य सेवाओं के लिए भी नहीं किया जा रहा है, उन्हें यूपीआई नेटवर्क से हटा दिया जाएगा।

**यूपीआई सेवा बंद होने से कैसे बचें?**

यह सुनिश्चित करें कि आपके बैंक खाते से जुड़ा मोबाइल नंबर सक्रिय है और नियमित रूप से उपयोग किया जा रहा है। यदि यह निष्क्रिय है, तो इसे जल्द से जल्द रिचार्ज कराकर सक्रिय करें। यदि आपने अपना मोबाइल नंबर बदल लिया है, तो तुरंत अपने बैंक में जाकर इसे अपडेट कराएं। यदि आपकी यूपीआई आईडी किसी ऐसे मोबाइल नंबर से जुड़ी है जो निष्क्रिय है, तो 1 अप्रैल से पहले सेवा बंद होने से बचने के लिए आप एक नया सक्रिय मोबाइल नंबर प्राप्त कर सकते हैं और उसे अपने बैंक खाते और यूपीआई आईडी से लिंक कर सकते हैं। यह नया नियम यूपीआई उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा को बढ़ाने और डिजिटल धोखाधड़ी को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# लोहिया वाहिनी ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

**स्वतंत्रता सेनानी और समाजवादी विचारक डा.राममनोहर लोहिया जयंती के उपलक्ष्य में युवाओं ने किया रक्तदान**



**ललितपुर।** रविवार को समाजवादी लोहिया वाहिनी द्वारा स्वतंत्रता सेनानी और समाजवादी चिंतक डा.राममनोहर लोहिया की जयंती पर रक्तदान शिविर का आयोजन जिला अस्पताल में किया गया। इस मौके पर युवाओं ने रक्तदान महादान किया। बताते चलें कि डा.राममनोहर लोहिया एक स्वतंत्रता सेनानी और समाजवादी विचारक थे। उनका जन्म 23 मार्च सन 1910 को उत्तर प्रदेश के जनपद फैजाबाद (वर्तमान में अंबेडकर नगर) में हुआ था। उनके द्वारा स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भूमिका के साथ अनेकों सामाजिक और मानवतावादी काम किय गए। वह एक समाजवादी चिंतक थे। उनकी जयंती के मौके पर समाजवादी पार्टी के नेता, कार्यकर्ताओं द्वारा देश भर में जगह जगह अनेकों मानवतावादी कार्यक्रम कर उन्हें याद किया गया। इसी क्रम में जनपद ललितपुर की सपा लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष परवेज पठान द्वारा जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें युवाओं द्वारा रक्तदान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया गया। रक्तदान शिविर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सपा पूर्व जिलाध्यक्ष ज्योति सिंह लोधी रहीं। सर्वप्रथम उनके द्वारा डा.राममनोहर लोहिया के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित किए गए और उनके द्वारा कार्यक्रम में कहा गया कि लोहियाजी एक सच्चे समाजवादी चिंतक थे जिनके द्वारा अनेकों सामाजिक कार्य किए गए। आज हम सब उनकी जयंती मना रहे हैं। लोहियाजी ने कहा था कि व्यक्ति को हमेशा संघर्ष करना चाहिए। जिंदा कौमें पांच साल इंतजार नहीं करती। कार्यक्रम में सपा लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष परवेज पठान द्वारा भी अपनी बात रखते हुए कहा गया कि लोहियाजी ज्ञान और विचारों के समंदर थे। हर एक समाजवादी को उनके द्वारा लिखी गई पुस्तके पढ़कर सीखना चाहिए। रक्तदान महादान है। जयंती के उपलक्ष्य में आधा दर्जन लोगों ने रक्तदान किया यह रक्तदान लोगों की जान बचाने के मानवतावादी काम में आएगा। रक्तदान कार्यक्रम में अशोक अहिरवार, शत्रुघन यादव, रमानसिंह यादव, सचिन सोलंकी, वीरसिंह कुशवाहा, प्रदीप यादव, आसिफ मंसूरी, मनीष साहू, राज खान, शाकिब अली, गौरव सिंह, अजय प्रजापति आदि उपस्थित थे। आभार नगर अध्यक्ष बलराम अहिरवार ने व्यक्त किया।

# भगवान विश्वकर्मा के नाम से कराया जाये द्वार का निर्माण

**सदर विधायक को ज्ञापन देकर की गई मांग**




**ललितपुर।** अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के सदस्यों ने रविवार को विधायक रामरतन कुशवाहा को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में विधानसभा क्षेत्र में भगवान विश्वकर्मा के नाम से द्वारा बनाने की मांग की गई। विधानसभा क्षेत्र मे भगवान विश्वकर्मा के नाम से अभी तक कोई भी द्वार या सार्वजानिक स्थान नहीं है जबकि सदर विधानसभा क्षेत्र में काफी संख्या में विश्वकर्मा समाज के लोग हैं। सदर विधानसभा क्षेत्र ललितपुर में धार्मिक और महापुरुषों के नाम पर बहुत से द्वार व सार्वजनिक स्थान बनाये गए हैं लेकिन विश्व के निर्माण करता एवं प्रथम इंजीनियर भगवान विश्वकर्मा के नाम पर सदर विधानसभा क्षेत्र ललितपुर मे अभी तक किसी भी सार्वजनिक स्थान या द्वार का निर्माण नहीं कराया गया। मांग की गई की सदर विधानसभा क्षेत्र मे भगवान विश्वकर्मा के नाम से द्वार का निर्माण किया जाये, जिससे समस्त विश्वकर्मा समाज हर्षित होगा। ज्ञापन मे जिलाध्यक्ष महेंद्र झा, राहुल झा बाबा, नरेन्द्र, श्रीराम दाऊ, राजेश झा, गौरव विश्वकर्मा, अशोक विश्वकर्मा, डा.देवेंद्र झा, बृजेंद्र झा, सत्यम झा, शिवांक सोनी, पवन झा, विनोद झा, दयाराम झा, सौरभ झा, राकेश झा, आलोक झा, रवि झा के हस्ताक्षर थे।

# विश्व शांति की कामना हेतु किया भक्ताम्मरजी का पाठ



**ललितपुर।** दिवाकर हाऊस में जैन मिलन अरिहन्त शाखा की विशेष बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें विश्वशाँति हेतु भक्ताम्मरजी का पाठ किया गया। इसके उपस्थित महिलाओं नले फूलों और गुलाल से होली खेलकर खुशहाली और नारी सशक्तीकरण का संदेश दिया। क्लब की सदस्याओं ने तय किया कि आगामी वर्षा ऋतु में इस बार बड़ी संख्या में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का कार्य किया जायेगा। जरूरत मंदों की मदद का भी संकल्प लिया गया। मधु खजुरिया ने कहा कि दया और धर्म से ही सबका कल्याण होगा। सरोज दिवाकर ने बताया कि पर्यावरण प्रिय रंगों और फूलों की होली से मन प्रसन्न होता है और आपस में एकजुटता और खुशहाली आती है। दोपहर बाद ललितपुर जैन मिलन अरिहन्त शाखा की पदाधिकारी और सदस्यायें व सहयोगी पूर्व घोषित एजेण्डा के अनुसार दिवाकर हाऊस पर एकत्रित हुयीं। अंजना अलया ने सभी को होली की शुभकामनाऐं देते हुये विभिन्न प्रकार के रंगों के संयोजन और इनसे होली खेलने के प्रभाव की जानकारी दी। संध्या टडैया ने आगामी कार्यक्रमों की योजना बनाकर प्रस्तुत की। शोभा सुट्टा ने बताया कि वृक्षारोपण कैसे पर्यावरण संरक्षण के हित में होगा। उमाकिरन ने कार्यक्रम का बहुत अच्छा संयोजन किया। सुधा बीके फूलों की होली का आध्यात्मिक महत्व बताया। मंत्री मीना जैन ने सभी क्लब सदस्याओं के लिये दिये गये होली के टाईटिल शानदार तरीके से पढ़कर सुनाये, जिस पर देर तक तालियाँ बजती रहीं। कोषाध्यक्ष श्वेता जैन ने सबको एकजुट रहने का आह्वान किया। इस दौरान क्लब अध्यक्ष मधु खजुरिया के साथ अन्य पदाधिकारीगण ज्योती जैन कामरा, किरन जैन, रेखा जैन, संध्या टड़ैया, शोभा जैन, श्रद्धा जैन, सुधा जैन, सुमन सतभैया, कोषाध्यक्ष श्वेता जैन, अंकिता जैन, अर्चना जैन, जयंती अलया, मायारानी जैन, मीना जैन, पिंकी जैन, अनीता जैन, अंजना अलया, रेखा टाईपिस्ट, संध्या नायक, उमाकिरन जैन, साधना जैन आदि मौजूद रहीं। कार्यक्रम के बाद नीता दिवाकर, सोमप्रभा चौधरी, शिखा सिंघई, स्वाती जैन एंजिल, प्रतिभा जैन, सुनिधि चौधरी, मीठी, गुल्लो, सुमन जैन, वंदना नायक, सुमन मोदी, रश्मी जैन, शुचिता सुधीर, मोना जैन, जसजोत सिंह बक्शी, डा.सौम्या कश्तवार, सेवानिवृत्त सीएमओ डा.जेएस बक्शी, डा.एके दिवाकर, स्वतंत्र मोदी, रवीन्द्र दिवाकर, सजल दिवाकर, शुभ्रम दिवाकर, नीलेन्द्र नायक, अनुराग मोदी, विनोद गोस्वामी, जाकिर राज चौहान, महेन्द्र यादव, कमलेश प्रजापति, पवन प्रजापति, बल्देव सिंह दांगी, रामस्वरूप पाठक, जाहरसिंह, प्रिंस जैन, सत्यम नायक, स्वर्णिम मोदी आदि ने भी आयोजित सहभोज का आनंद लिया। सरोज दिवाकर ने सबका आभार जताया।

# आधी रात के बाद चार निरीक्षक के कार्यक्षेत्र भी बदले

**एसपी ने छह सीओ समेत ढ़ाई दर्जन पुलिस कर्मियों का किया स्थानान्तरण**

**ललितपुर।** जिले में कानून सुरक्षा व्यवस्था को और दुरुस्त बनाये रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने शनिवार की देर शाम आदेश जारी करते हुये छह सर्किल ऑफीसरों समेत आधा दर्जन उप निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया था। वहीं आधी रात के बाद पौने तीन बजे जारी एक और आदेश में चार निरीक्षक, दो उप निरीक्षक समेत दर्जन भर से अधिक पुलिस कर्मियों के कार्यक्षेत्रों को बदला गया है।

पुलिस विभाग के सोशल मीडिया सेल से जारी सूची के अनुसार एसपी मो.मुश्ताक ने देर रात आदेश जारी करते हुये निरीक्षक जीवाराम को शिकायत प्रकोष्ठ से प्रभारी पैरवी सेल, निरीक्षक यंशवत सिंह को प्रभारी पैरवी सेल से थाना कोतवाली ललितपुर, निरीक्षक मुनेश भारती को थाना तालबेहट से थाना कोतवाली ललितपुर, निरीक्षक घनश्याम को थाना पुलिस लाइन से थाना तालबेहट भेजा है।

वहीं उप निरीक्षक मनोज कुमार सिंह को थाना महरौनी से थाना बानपुर, उप निरीक्षक रामनरेश यादव को थाना नाराहट से थाना बानपुर के अलावा मुख्य आरक्षी दिनेश अवस्थी को थाना कोतवाली से थाना बानपुर, महिला का.आ. मोहिनी को थाना सौजना से थाना मदनपुर, आरक्षी विवेक राठौर को थाना सौजना से थाना कोतवाली, मुख्य आरक्षी परमसुख को थाना कोतवाली से हे.मु.थाना महरौनी, मुख्य आरक्षी बृजभान सिंह सेंगर को थाना बानपुर से अभियोजन कार्यालय, मुख्य आरक्षी विपिन अवस्थी को अभियोजन कार्यालय से थाना महरौनी, म.का. गोमती को क्षेत्राधिकारी कार्यालय तालबेहट से थाना पूराकलां, हे.का.क्षेत्रपाल सिंह को पुलिस लाइन से न्यायिक सम्मन सेल, आ.शिवा मौर्या को थाना कोतवाली से सम्मन सेल, आ. प्रशांत को थाना मदनपुर से गोपनीय कार्यालय, मु.आ. अनिल कुमार को थाना गिरार से थाना सौजना भेजा गया है। इसके पूर्व शनिवार देर शाम जारी हुयी सूची के अनुसार क्षेत्राधिकारी सदर रहे अभय नारायण राय को सीओ तालबेहट भेजा गया है। उनके स्थान पर तालबेहट के क्षेत्राधिकारी अजय कुमार को सदर का नया प्रभारी बनाया गया है। जिले में स्थानांतरित होकर आए सुनील भारद्वाज को पाली का क्षेत्राधिकारी नियुक्त किया गया है। पाली के मौजूदा क्षेत्राधिकारी कृष्ण कुमार मिश्रा को यातायात विभाग का प्रभार सौंपा गया है। सीओ रक्षपाल सिंह को सीओ महरौनी व राजेश कुमार श्रीवास्तव को सीओ मड़ावरा नियुक्त किया गया है।

उप निरीक्षक स्तर पर भी कई बदलाव किए गए हैं। थाना बार में तैनात अर्जुन सिंह को राजघाट चौकी का प्रभारी बनाया गया है। नई बस्ती चौकी के इंचार्ज प्रशांत राणा को हटाकर कोतवाली सदर भेजा गया है। सर्विलांस सेल प्रभारी आलोक कुमार को नई बस्ती चौकी का नया प्रभारी नियुक्त किया गया है। कैलागुवां चौकी के प्रभारी महाराज सिंह को हटाकर थाना बानपुर भेजा गया है। बानपुर थाने में तैनात संतकिशोर शुक्ला को कैलागुवां चौकी का नया प्रभारी बनाया गया है। पुलिस लाइन में तैनात उप निरीक्षक संजय कुमार दुबे को थाना बानपुर में नई जिम्मेदारी दी गई है।

# जरूरतमंदों की सेवा हर इन्सान का कर्तव्य : जाकिर राज चौहान

**गरीबों को बाँटा एक-एक माह का राशन**

**मानव कल्याण चैरिटी सेवा संस्थान रजि.ने की जनसेवा**



**ललितपुर।** मानव कल्याण चैरिटी सेवा संस्थान रजि.की ओर से गरीब और जरूरतमंद महिलाओं को बिना भेदभाव के एक-एक माह का राशन निःशुल्क बाँटा गया। इस कार्य में मो.शमीम खान ने गरीबों का चयन करने में मदद की। संस्था का उद्देश्य उस जरूरमंद तक मदद पहुंचाना है।

संस्थान की ओर से दो दर्जन से अधिक गरीब महिलाओं को चिन्हित कर उनको आटा, दाल, चावल, तेल, नमक, बिस्किट, सब्जी, नाश्ता की वस्तुऐं, न्यूट्रीनगेट्स आदि विविधि सामग्री का वितरण किया गया। ताकि जरूरतमंदों को त्योहारों पर उदास न रहना पड़े। लाभान्ति होने वालों में ज्यादातर मजदूर परिवार शामिल रहे। क्लब के सदस्य जावेद किरमानी के सहयोग से जरूरतमंदों को चिन्हित कर मोहल्ला घुसयाना में आमंत्रित किया गया और तीन बड़े पैकेट्स में उपरोक्त सामग्री रखकर प्रत्येक को बाँटी गयी।

इस दौरान दो दर्जन से अधिक गरीब परिवारों को लाभान्वित किया गया। समाजसेवा के इस मौके पर संरक्षक जाकिर राज चौहान ने बताया कि मानव कल्याण चैरिटी सेवा संस्थान रजि.पिछले एक साल से लगातार ऐसे ही जनसेवा कर रहा है। कभी कपड़े, ता कभी राशन और कापी-किताबें बाँटकर जरूरतमंदों की सेवा की जाती रही है। उन्होंने कहा कि यह हर मनुष्य का कर्तव्य है कि वह आसपास के जरूरतमंदों की मदद करे। संस्थान के पदाधिकारी पत्रकार रवीन्द्र दिवाकर ने कहा कि यह सेवा लगातार जारी रहेगी। इस दौरान मिर्जा नाजिर बेग, शिशुपाल अहिरवार, जावेद किरमानी, फहीम बख्श मो.आसिफ खाँ एडवोकेट, अनवर खान, सूर्यप्रताप सिंह, हसीब खां वकील, आमिर खान, केहर सिंह बुन्देला, चैनू मामू, राजाराम यादव, कलीम खान, इसरार खान, बृजेश, मैडम नाजिश बेगम, रजिया बेगम, शहनाज बेग, असमत जहां आदि मौजूद रहे। संचालन शमीम खान ने किया।

# पालना झुलाकर तीर्थंकर भगवान आदिनाथ का जन्मकल्याणक मनाया

**श्रीअभिनन्दनोदय तीर्थ में हुआ भक्ताम्मरजी का पाठ और महाआरती**



**ललितपुर।** जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर असि-मसि-कृषि के सिद्धान्त के प्रणेता आदियोगी भगवान ऋषभदेव आदिनाथ का जन्म कल्याणक श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। मुख्य पूजा नरेन्द्र जैन और पं.अन्नु भैया ने आयोजित करायी, जिसमें प्रिंस जैन का सहयोग रहा। मुख्य आयोजन श्रीअभिनन्दनोदय तीर्थ क्षेत्रपाल मंदिर में आयोजित किये गये। यहां चल रहे अखंड श्रीभक्ताम्मरजी के पाठ का विशेष आयोजन किया गया जिसमें 6 परिवारों ने पाठ का पुण्यार्जन किया। प्रथम पालना झुलाने का सौभाग्य सुनील कुमार प्रांजल चौधरी परिवार को मिला। संगीतमय भक्तिपाठ के दौरान श्रद्धालु देर तक झूमते रहे। दिनभर विशेष आयोजनों का दौर चलता रहा। शाम को महाआरती में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी। एक-एक थाल में 48 दीप सजाये गये। ऐसे दर्जनों थालों दीप प्रज्ज्वलित कर महा आरती की गयी। पुण्यार्जक परिवारों ने अपनी श्रद्धानुसार दान पुण्य किये।

श्रीदिगंबर जैन अटा मदिर के बाहर हुयी विशेष महाआरती

ललितपुर जैन समाज समिति के अध्यक्ष डॉ.अक्षय टड़ैया के नेतृत्व में देर शाम श्रीदिगंबर जैन अटा मदिर के बाहर विशेष महाआरती का आयोजन किया गया। इस दौरान हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान की आरती का पुण्यलाभ लिया। श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण भी किया गया। इस दौरान जैन समाज महामंत्री आकाश जैन के साथ सैकड़ों गणमान्यजन मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### परचून का सामान लेने जा रहे युवक से मारपीट

**ललितपुर।** चौकी नेहरू नगर अंतर्गत पाराशर कालोनी में रहने वाले राजेश रजक पुत्र कालीचरन ने पुलिस अधीक्षक को तहरीर दी है। बताया कि बीती 14 मार्च की शाम करीब 5 बजे वह घर से बाजार की ओर परचून की दुकान का सामान लेने जा रहा था। वह घर से निकला ही था कि हड्डी मील के पास रहने वाले देवेन्द्र पुत्र गोटी उर्फ हरकिशन, आकाश पुत्र नारायन ने अपने चार अज्ञात साथियों के साथ उसे रोक लिया और गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित करते हुये लोहे के पाइप और डण्डे से मारपीट कर दी। शोरगुल सुनकर उसकी मां अनीता बचाने आयी तो उसके साथ भी मारपीट कर दी। मोहल्ले के लोगों ने बीच-बचाव करते हुये उन्हें बचाया और अस्पताल पहुंचाया। पीड़ित की तहरीर व पुलिस अधीक्षक के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191 (2), 352, 115 (2) व एससीएसटी एक्ट की धारा 3(1)(द), 3(1)(ध) और 3(2)(व्ही.ए.) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### एक परिवार को फिर से मिलाया

**ललितपुर।** स्थानीय पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में, क्षेत्रधिकारी रिजर्व पुलिस लाइन सुनील भारद्वाज की उपस्थिति में प्रोजेक्ट नई किरण का आयोजन किया गया, जिसमें नई किरण के सभी सदस्यों द्वारा समझाने के बाद 01 परिवार में आपसी सुलह के आधार पर समझौता कराया गया, जिसमें एक परिवार खुशी-खुशी साथ-साथ रहने को तैयार हो गये वहीं एक मामले को अग्रिम तिथि दी गयी। इस दौरान अजय बरया, डा.दीपक चौबे, डा.संजीव कुमार शर्मा, डा.सुभाष जैन, डा.जनक किशोरी शर्मा, एड.अरमान कुरैशी, महिला थानाध्यक्ष स्वाति शुक्ला, महिला आरक्षी नीलम आदि मौजूद रहे।

### बाइक की जोरदार टक्कर से युवक घायल, मामला दर्ज

**ललितपुर।** महरौनी क्षेत्र के ग्राम पचौड़ा में रहने वाले रविन्द्र कुमार पुत्र रमेश नाथ ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीते शुक्रवार की शाम करीब साढ़े सात बजे उसका छोटा भाई राघवेन्द्र अपनी मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 ए13 7041 से महरौनी आ रहा था। उसका भाई पचौड़ा रोड स्थित जगन्नाथ पेट्रोल पम्प के पास पहुंचा ही था कि तभी सामने से आ रही मोटर साइकिल संख्या एम.पी.36 एम.ई. 3840 के चालक ग्राम पठाविजैपुरा निवासी देशराज पुत्र किशन ने तेजी व लापरवाही से गाड़ी चलाते हुये उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से उसके भाई राघवेन्द्र को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र महरौनी में उपचार के लिए भर्ती कराया गया, जहां हालत नाजुक होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां अब उसका उपचार चल रहा है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर बाइक चालक देशराज के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (ए) व 125 (बी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जाने का मामला दर्ज

**ललितपुर।** कोतवाली महरौनी के एक गांव में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को शिकायती पत्र सौंपा है। बताया कि बीते शुक्रवार को वह बाजार करने के लिए आया ललितपुर आया हुआ था। सुबह करीब 11 बजे उसके छोटे भाई का उसके पास फोन आया कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री घर पर नहीं है। सूचना मिलने पर वह तत्काल घर पहुंचा और आसपास व गांव में खोजबीन की, लेकिन उसका पता नहीं चला। बाद में जानकारी मिली कि गांव में रहने वाला नीलेश पुत्र वंशी उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। पीड़ित ने बताया कि वह नीलेश के घर पहुंचा और उसके पिता से विरोध किया तो उसके पिता ने मामले को यहीं दबाने की बात कही। पीड़ित ने अगले दिन उसके लड़के से जानकारी की तो वह उसके साथ विवाद करने लगा और कानूनी कार्यवाही करने पर धमकाया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 137 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## अलग-अलग क्षेत्र से तीन दोपहिया वाहन पार

**रायपुर, कासं.।** अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने तीन दोपहिया वाहन पार कर दिया। तीनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले मामले में रामकुंड आजाद चौक निवासी दीपक पुरोहित 39 वर्ष ने कोतवाली थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 ए 2833 को सुभाष स्टेडियम मैदान के बाहर खड़ी किया था। तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले में चौबे कालोनी नाथ एवेयू निवासी ओजस साहू 19 वर्ष ने सरस्वतीनगर थाना में शिकायत की, कि वह अपनी सुजूकी एक्सेस क्रमांक सीजी 04 एनडी 1099 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए सुजूकी एक्सेस की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं तीसरे मामले में भाठागांव पुरानी बस्ती निवासी देवनाथ सोनकर 41 वर्ष ने पुरानी बस्ती थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एनबी 3102 को भाठागांव खुड़मुड़ा सर्विस रोड के सामने खड़ी किया था, जिसे अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। तीनों ही मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## सूने कार्यालय से 79 हजार से अधिक रकम पार

**रायपुर, एजेंसी।** ग्राम पचेड़ा स्थित प्राथमिक कृषि सहकारी समिति के सूने कार्यालय का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी 79,859 पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी हीराचंद गिलहरे 36 वर्ष ग्राम चटौद का रहने वाला है। प्रार्थी ने विधानसभा थाना में शिकायत किया कि ग्राम पचेड़ा स्थित प्राथमिक कृषि सहकारी समिति के सूने कार्यालय का ताला तोड़कर अज्ञात चोर आलमारी में रखे नकदी 79,859 रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# अपनी जिंदगी की एक किताब जरूर लिखनी चाहिए : विनोद कुमार शुक्ल

**रायपुर, कासं.।** साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल को भारतीय साहित्य के सर्वोच्च पुरस्कार 'ज्ञानपीठ पुरस्कार' से सम्मानित किया जाएगा. इस घोषणा के बाद उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि पुरस्कार से मुझे बहुत खुशी हुई है. उन्होंने कहा कि पुरस्कार की जिम्मेदारी को मैंने महसूस किया. जितना मुझे लिखना चाहिए था, उतना मैं लिख नहीं पाया. मैं कोशिश करूंगा कि जो शेष रह गया, उसे आगे बढ़ाऊं. जो अभी मैं सोच रहा हूं, उसको लिख सकूं, ऐसा मेरे मन में आता है। अपनी जिंदगी की एक किताब जरूर लिखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बहुत अच्छा लगता है, खुश होता हूं, बड़ी उथल-पुथल है कि यह पुरस्कार कैसा लगा, बहुत बढ़िया लगाज मेरे पास शब्द नहीं है कहने के लिये एक जिम्मेदारी सी महसूस होती है. परिवारिक कारणों और आस-पास के माहौल में भी लिखना बहुत मुश्किल है, लेकिन कोशिश करनी चाहिए. अपनी जिंदगी की एक किताब जरूर लिखनी चाहिए. ताकि आप दुनिया के बारे में क्या सोचते हैं लोग जान सके. बता दें, हिंदी के प्रख्यात कवि और कथाकार विनोद कुमार शुक्ल को साहित्यिक सम्मान ज्ञानपीठ पुरस्कार से नवाजा जाएगा. ज्ञानपीठ समिति ने नई दिल्ली में इसकी घोषणा की. यह सम्मान पाने वाले छत्तीसगढ़ के वह पहले साहित्यकार होंगे. प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उन्हें बधाई दी है. उन्होंने कहा कि यह छत्तीसगढ़ के लिये गौरव की बात है।

# नकबजनी के 05 प्रकरणों में 03 आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर, कासं.।** थाना खमतराई क्षेत्र में लगातार सेंधमारी की घटनाओं को अंजाम देने वाले 03 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ये आरोपी विभिन्न स्थानों पर चोरी कर कबाड़ी को बेचने का काम कर रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी किए गए माल कीमती 20,000 रुपये का सामान बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार पकड़े गए आरोपियों में मनीष उपराड़े 30 वर्ष निवासी रामेश्वर नगर खमतराई, बबलू गाड़ा 45 वर्ष निवासी बिलासपुर व शिवफुल यादव 30 वर्ष निवासी उत्तरप्रदेश को गिरफ्तार किया है।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि 14 नवम्बर 2024 को गोंदवारा रायपुर के एक निर्माण स्थल से लोहे का प्लेट, सरिया, एंगल और गाटर चोरी कर 20,000 रुपये की कीमत का सामान बेचा। फिर 29 जनवरी 2025 को बंसत विहार कॉलोनी से निर्माणधीन मकान से कापर पाइप और इलेक्ट्रॉनिक केनल चोरी की गई, जिसकी कीमत 15,000 रुपये बताई गई। 17 फरवरी 2025 को दुर्गा ट्रांसपोर्ट गोदाम से नट बोल्ट और पीतल की स्टर्ड राड चोरी कर 10,000 रुपये का सामान चुराया गया। 22 फरवरी 2025 को पेंट इंडस्ट्रीज उरकुरा से एल्युमिनियम के गोल्ड होल्डर और प्लेट चोरी की गई, जिसका मूल्य लगभग 40,000 रुपये था। 8 मार्च 2025 कसे सराक ब्रदर्स गोदाम से एल्युमिनियम स्टीक, कॉपर रॉड और अन्य सामान चोरी किया गया, जिसकी कीमत 40,000 रुपये बताई गई। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है और मामले की गहन जांच जारी है।

# पुस्तक मेले में दूसरे दिन बड़ी संख्या में अभिभावक व बच्चे पहुँचे, जमकर की खरीददारी

## एक ही परिसर में सामग्री मिल जाने से गदगद नजर आए अभिभावक मुख्यमंत्री डॉ. यादव व जिला प्रशासन के प्रति जताया आभार



**ग्वालियर।** रविवार की छुट्टी होने की वजह से दूसरे दिन पुस्तक मेले में अच्छी-खासी संख्या में अभिभावक अपने बच्चों के साथ पहुँचे। जाहिर है उन्होंने विशेष छूट प्राप्त कर किताबों, यूनीफॉर्म व स्टेशनरी की जमकर खरीददारी की, साथ ही मेले के फूड स्टॉल में लजीज चाट-पकौड़ों, सॉफ्टी व आइसक्रीम का लुत्फ भी उठाया। एक ही परिसर में सुविधाजनक तरीके से पाठ्य सामग्री व स्कूल ड्रेस मिल जाने से बच्चे व उनके अभिभावक गदगद नजर आए और खरीददारी के बाद पुस्तक मेला लगाने के लिये मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व जिला प्रशासन के प्रति धन्यवाद व्यक्त करते हुए अपने घर लौटे। पुस्तक मेले से तीसरी कक्षा में अध्ययनरत अपने बेटे प्रणव को पुस्तकें दिलाकर घर जा रहे श्री महेन्द्र जोशी बोले कि यहाँ पर डिस्काउंट पर किताबों के साथ मेले का आनंद भी मिल रहा है। जब बाजार में खरीदने जाते थे तो पार्किंग से लेकर तमाम असुविधाओं का सामना करना पड़ता था। पुस्तक मेला लगाकर जिला प्रशासन ने सराहनीय पहल की है। इसी तरह कार्मल कॉन्वेंट सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल में पढ़ रही अपनी बिटिया के लिये पुस्तक खरीदने आए श्री भूपेश माहौर का कहना था कि एक ही जगह पर पाठ्य सामग्री व यूनीफॉर्म दिलाने की पहल सराहनीय है। इसके लिये हम मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के विशेष तौर पर आभारी हैं, जिनके निर्देश पर जिला प्रशासन ने यह पुस्तक मेला लगाया है। लिटिल एंजल स्कूल में पढ़ रही अपनी बेटियों अवंतिका सिंह व अलंकृति सिंह के लिये पुस्तकें खरीदने आए डॉ. अनुराग सिंह सकरवार भी काफी खुश नजर आए। उनका कहना था कि एक ही प्लेटफॉर्म पर सभी तरह की पठन-पाठन सामग्री दिलाने की पहल हर दृष्टि से सराहनीय है। इसके लिये हम मुख्यमंत्री के प्रति धन्यवाद व्यक्त करते हैं। ज्ञात हो आकाशवाणी - मेला रोड पर सूर्य नमस्कार तिराहे के समीप स्थित शिल्प बाजार में सात दिवसीय पुस्तक मेला लगाया गया है। यह मेला 29 मार्च तक जारी रहेगा। पुस्तक मेले में किताबें, ड्रेस व स्टेशनरी की खरीदी पर दुकानदारों द्वारा सभी तरह के डिस्काउंट के अलावा अतिरिक्त छूट दी जा रही है।

**जरूरतमंद बच्चों के लिये लाइन में लगकर पुस्तकें दान कर रहे हैं अभिभावक**

शिल्प बाजार में लगे पुस्तक मेले में प्रवेश करते ही दांई ओर बुक बैंक सेक्टर बनाया गया है। यहाँ पर सुकूनदायी एवं प्रेरणादायी दृश्य दिल को छू रहे हैं।

शहरवासी यहाँ कक्षावार बने काउण्टर पर अपने बच्चों की पिछली कक्षाओं की पुस्तकें लाइन में लगकर दान कर रहे हैं। बुक बैंक में जमा हो रहीं पुस्तकें जिला प्रशासन द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को उपलब्ध कराई जायेंगीं।

# पर्यावरण संरक्षण और सेहतमंद जीवन का संदेश देने ऊर्जा मंत्री ने चलाई साइकिल

## कांच मिल से इंटक मैदान सब्जी मंडी तक साइकिल चलाकर पहुँचे



**ग्वालियर।** उपनगर ग्वालियर के वाशिंदों को पर्यावरण संरक्षण और सेहतमंद जीवन बनाने का संदेश देने के लिए ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने रविवार की सुबह साइकिल चलाकर अपने कामकाज का निर्वहन किया। श्री तोमर कांच मिल न्यू कॉलोनी स्थित अपने निवास से हजीरा इंटक मैदान सब्जी मंडी तक साइकिल से पहुँचे। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने इस दौरान सब्जी विक्रेताओं की समस्याओं को सुना और ताज़ी सब्ज़ी ख़रीदी। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने इस अवसर पर समाज को एक सकारात्मक संदेश दिया। उन्होंने स्वच्छ हवा, स्वस्थ जीवनशैली और हरियाली को अपनाने का आवाह्न करते हुए कहा कि प्राकृतिक संसाधनों का जिम्मेदारी से उपयोग करें ताकि प्रदूषण को कम हो और पर्यावरण संतुलन बना रहे। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वस्थ और सुरक्षित पर्यावरण सुनिश्चित करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। हम सभी को अपने जीवन में छोटी-छोटी आदतों से बड़े बदलाव लाने का प्रयास करना चाहिए।

**बच्चों के साथ खेली क्रिकेट**

इस दौरान ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने इंटक मैदान में बच्चों के साथ क्रिकेट खेली। उन्होंने बच्चों को बेहतर खिलाड़ी बनकर देश का नाम रोशन करने के लिये प्रोत्साहित किया और कहा कि आप सबको जल्द ही क्रिकेट खेलने के लिए सुसज्जित किट उपलब्ध करा दी जायेगी।

# कलेक्टर श्रीमती चौहान ने एबीसी सेंटर एवं प्रस्तावित डॉग सेंटर का किया अवलोकन

## शहर भर में श्वानों के टीकाकरण के लिये विशेष अभियान चलाने के निर्देश



**ग्वालियर।** ग्वालियर शहर में आवारा श्वानों के वैक्सीनेशन के लिये संचालित एबीसी सेंटर अपनी पूरी क्षमता के साथ कार्य करे। इसके साथ ही नगर निगम विशेष दल गठित कर शहर भर में आवारा श्वानों के टीकाकरण का विशेष अभियान चलाएँ। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने रविवार को ग्वालियर नगर निगम द्वारा बिरलानगर पुल के नीचे संचालित एबीसी सेंटर का अवलोकन कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय, अपर आयुक्त श्री मुनीष सिकरवार, एबीसी सेंटर के संचालन में लगी एजेंसी के पदाधिकारी एवं निगम के अधिकारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने कहा कि ग्वालियर शहर में श्वानों के काटने की कई घटनायें सामने आई हैं। इनको देखते हुए एबीसी सेंटर अपनी पूरी क्षमता के साथ कार्य करे। सेंटर में प्रतिदिन क्षमता के अनुरूप श्वानों को लाकर उनके वैक्सीनेशन एवं अन्य कार्य को किया जाए। सेंटर में आने वाले सभी श्वानों को मेडीकल उपचार के साथ-साथ निर्धारित रोस्टर के अनुरूप भोजन भी उपलब्ध कराया जाए। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने कहा है कि एबीसी सेंटर के साथ-साथ शहर भर में आवारा श्वानों के टीकाकरण के लिये निगम विशेष अभियान चलाए। इसके लिये टीमों की संख्या बढ़ाकर शहर के सभी क्षेत्रों में वैक्सीनेशन का कार्य किया जाए। वैक्सीनेशन के कार्य को ट्रेंड स्टाफ के माध्यम से ही किया जाए, यह भी सुनिश्चित हो। एबीसी सेंटर के कर्मचारियों के साथ-साथ निगम का अमला भी इस कार्य में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान एवं नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने अधिकारियों के साथ लक्ष्मीगंज मुक्तिधाम के आगे बनने वाले नए डॉग वैक्सीनेशन सेंटर का भी अवलोकन किया। कलेक्टर ने सेंटर को तत्परता से प्रारंभ करने के लिये सभी आवश्यक कार्रवाई समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान को बताया कि श्वानों के वैक्सीनेशन के लिये एबीसी सेंटर की गाड़ी के साथ-साथ निगम के माध्यम से भी तीन गाड़ियां संचालित की जा रही हैं। इन गाड़ियों के माध्यम से भी श्वानों को पकड़कर केन्द्र पर भेजा जा रहा है, जहाँ उनका टीकाकरण एवं अन्य उपचार हो रहा है। वैक्सीनेशन के संबंध में भी जो दिशा-निर्देश दिए गए हैं, उस पर निगम के माध्यम से शीघ्र कार्रवाई प्रारंभ हो जायेगी।

# फार्मर आईडी कार्य में लापरवाही पर 14 पटवारियों को नोटिस

**ग्वालियर।** फार्मर आईडी के कार्य में लापरवाही बरत रहे पटवारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने जिले के सभी एसडीएम को दिए हैं। इस क्रम में 14 लापरवाह पटवारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिये कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। जिन पटवारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं उनमें भितरवार व चीनौर तहसील के 5, सिटी सेंटर, डबरा, ग्वालियर ग्रामीण व मुरार के 2 ङ्क 2 एवं तानसेन तहसील का एक पटवारी शामिल है।

# निगम ने वित्तीय वर्ष में पहली बार वसूला 100 करोड़ संपत्तिकर

**ग्वालियर।** नगर निगम ग्वालियर द्वारा वित्तीय वर्ष में संपत्ति कर वसूली में पिछले 5 वर्षों की अपेक्षा सर्वाधिक 100 करोड रिकार्ड सम्पत्तिकर वसूली कर म.प्र. के 4 नगरीय निकायों के 100 करोड के क्लब में शामिल हुआ है। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि है। नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने बताया कि लक्ष्य के अनुरूप संपत्तिकर वसूली के लिए अभियान चलाया जा रहा है। उसी का परिणाम है कि वित्तीय वर्ष में 100 करोड़ से ऊपर अभी तक संपत्तिकर वसूला जा सका है। इस वर्ष हमें 110 करोड का लक्ष्य हासिल करना है। अभी 9 दिवस शेष है हम प्रति दिवस 1.12 करोड का लक्ष्य निर्धारित कर वसूली कर रहे है। उन्होंने बताया कि लक्ष्य के अनुरूप संपत्तिकर वसूली के लिए व्रहद स्तर पर व्यवस्था की है, जिसमें एक टीम वार्ड पर बैठकर वसूली करेगी, एक टीम कालौनी में कैम्प लगाकर वसूली करेगी। एक टीम सहायक सम्पत्तिकर अधिकारी की है वह वार्ड के बड़े बकायेदारों को उनके पास उपलब्ध सूची अनुसार चिन्हित कर उन पर कार्यवाही कर वसूली करेगी जिसमें भवन अधिकारी, क्षेत्राधिकारी, मदाखलत सहयोग करेंगे। ऐसे बकायेदार जो कई वर्षों से कर जमा नहीं कर रहे हैं उनकी सम्पत्ति को अटैच कर, ढोल आदि बजाकर बकाया वसूली की कार्यवाही की जायेगी। एक टीम उपायुक्त की है जो केन्द्र एवं राज्य शासन की सम्पत्तियों पर जाकर आवश्यक कार्यवाही करेगी । मुख्यालय स्तर पर मानीटरिंग एवं समन्वय हेतु कन्ट्रोल रूम है जिससे वसूली में आने वाली परेशानी का त्वरित आवश्यक नियमों एवं तकनीकी समन्वय से फ़ील्ड में तैनात अमले का सहयोग किया जाता है साथ ही केन्द्र एवं राज्य शासन की सम्पत्तियों पर बकाये वसूली के लिये पत्राचार किया जा रहा है एवं प्रति दिवस फ़ील्ड में करने वाले कर संग्राहकों, ए.पी.टी.ओ. के कार्य की समीक्षा हेतु एम.आई.एस. तैयार कर रिपोर्ट की जाती है। म.प्र.शासन द्वारा ई नगर पालिका पोर्टल शुरु किया गया है जिसपर नागरिक घर बैठे यू.पी.आई., डेबिट/क्रेडिट कार्ट/आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. द्वारा भी सम्पत्तिकर भुगतान ई नगर पालिका पोर्टल जाकर आनलाइन जमा कर सकते है। वर्तमान वर्ष में भी करीब 10 हजार नागरिकों द्वारा 6 करोड से अधिक राशि आनलाईन जमा कराया गया है। आगामी वर्ष में हमारे द्वारा नवाचार के तहत सार्वजनिक स्थानों जैसे कलेक्ट्रेट, संभागायुक्त कार्यालय, स्टेशन, एयरपोर्ट, नवीन बस स्टेण्ड, माल, बडे बैंकों में भी आनलाईन कियोस्क जिसमें व्यक्ति अपनी आई.डी. भरकर आनलाईन टैक्स जमा कर सके और रसीद उसके व्हाट्सप न./ईमैल पर डाऊनलोड हो जाये, इस हेतु बैंक या अन्य संस्थाओं से बात कर प्लानिंग की जा रही है। आगामी वर्ष में हमारा लक्ष्य सम्पत्तिकर वसूली को 150 करोड करने पर रहेगा इस हेतु हमने प्लानिंग कर ली है जिसमें मैदानी अमले को सर्व साधन सम्पन्न किया जायेगा एवं अधिक कर जमा करने वाले वार्डों में अच्छी वसूली करने वाले कर संग्राहक एवं ए.पी.टी.ओ. को तैनात किया जायेगा इसके अलावा यह प्रयास रहेगा कि करदाता घर बैठे ही आनलाईन कर जमा करे इसका व्यापक प्रचार प्रसार भी किया जावेगा। एक प्लान यह भी है कि हर वार्ड में 200-300 करदाता पर 1 कर्मचारी सम्पत्तिकर एवं जलकर वसूली हेतु तैनात किया जायेगा। गत वर्षों की तुलना में वर्तमान वर्ष 2024 -25 में संपत्तिकर वसूली रिकॉर्ड होने का तुलनात्मक अध्ययन करे तो वर्ष 2020- 21 में 59.98 करोड़, वर्ष 2021- 22 में 81.10 करोड़, वर्ष 2022-23 में 97.47 करोड़, वर्ष 2023-24 में 92.41 करोड़ एवं वर्ष 2024 - 25 में दिनांक 22 मार्च 2025 तक 100 करोड़ रुपए संपत्तिकार वसूला गया।

# ईआरओ, डीईओ, सीईओ स्तर पर राजनीतिक दलों के साथ जमीनी स्तर की बैठकें जारी

## बैठकों में राजनीतिक दलों की सक्रिय भागीदारी

**रीवा।** देश भर में 4,123 ईआरओ अपने-अपने विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों (एसी) में मतदान केंद्र स्तर पर लंबित किसी भी मुद्दे का समाधान करने के लिए सर्वदलीय बैठकें कर रहे हैं। इसी तरह, सभी 28 राज्यों और 8 संघ राज्य-क्षेत्रों के सभी 788 जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीईओ) और 36 सीईओ को जिला और राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र स्तर पर ऐसी बैठकों का आयोजन करने तथा लंबित मुद्दों का समाधान लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम 1960, निर्वाचनों का संचालन नियम 1961 में निर्धारित कानूनी ढांचे और आयोग द्वारा समय-समय पर जारी मैनुअल, दिशा-निर्देशों और अनुदेशों के भीतर करने का निर्देश दिया गया है। राष्ट्रीय/राज्यीय राजनीतिक दलों की सक्रिय भागीदारी के साथ ये बैठकें पहले ही शुरू हो चुकी हैं। ऐसी सभी बैठकें पूरे देश में प्रत्येक विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र, जिले और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में 31 मार्च 2025 तक पूरी कर ली जाएंगी।

यह कदम आयोग द्वारा 4 मार्च, 2025 को आईआईआईडीईएम, नई दिल्ली में आयोजित सभी राज्यों/संघ राज्य-क्षेत्रों के सीईओ और प्रत्येक राज्य से एक डीईओ और ईआरओ की भागीदारी वाले सम्मेलन के दौरान मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में तथा निर्वाचन आयुक्तों डॉ. सुखबीर सिंह संधु और डॉ. विवेक जोशी की उपस्थिति में दिए गए निदेशों के अनुरूप है।

राजनीतिक दलों और उनके अधिकृत प्रतिनिधियों जैसे बूथ लेवल एजेंटों (बीएलए), पोलिंग एजेंटों, काउंटिंग एजेंटों और चुनाव एजेंटों की चुनाव संचालन सहित विभिन्न चुनावी प्रक्रियाओं में विशिष्ट भूमिकाएं होती हैं।

विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों, जिलों और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में आयोजित बैठकों में सक्रिय रूप से और उत्साहपूर्वक भाग लेकर राजनीतिक दलों द्वारा जमीनी स्तर पर उनकी इस प्रकार की भागीदारी का स्वागत किया गया है। आयोग सभी राष्ट्रीय/राज्यीय राजनीतिक दलों से अपील करता है कि वे किसी भी लंबित मुद्दे को समयबद्ध तरीके से हल करने के लिए चुनाव अधिकारियों के साथ अपनी इस जमीनी स्तर की भागीदारी का सक्रियतापूर्वक लाभ उठाएं। राष्ट्रव्यापी स्तर पर आयोजित राजनीतिक दलों की इन बैठकों की तस्वीरें आयोग के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल एट द रेट ईसीआई स्वीप पर देखी जा सकती हैं।

# केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया 24 मार्च को जिले में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे

**ग्वालियर।** केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया 24 मार्च को ग्वालियर जिले के प्रवास पर रहेंगे। श्री सिंधिया इस दिन विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया 24 मार्च को प्रातः 10.30 बजे विजयाराजे शासकीय कन्या महाविद्यालय मुरार के वार्षिकोत्सव में शामिल होंगे और विद्यार्थियों के साथ संवाद करेंगे। इसके बाद सड़क मार्ग से कल्याणी ङ्क छीमक होते हुए अपरान्ह 1.15 बजे भितरवार पहुँचेंगे और वहाँ पर भितरवार व डबरा क्षेत्र के विद्युत उपकेन्द्र और अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे। श्री सिंधिया इस कार्यक्रम के बाद सड़क मार्ग द्वारा ग्वालियर में कोटेश्वर पैलेस गार्डन पहुँचकर होली मिलन समारोह में शामिल होंगे। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया 24 मार्च को ग्वालियर में रात्रि विश्राम करेंगे और 25 मार्च को दोपहर 12.20 बजे राजमाता विजयाराजे सिंधिया एयर टर्मिनल से वायुमार्ग द्वारा नई दिल्ली के लिये प्रस्थान करेंगे।

# केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया 24 मार्च को विजयाराजे शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव का शुभारंभ करेंगे

## महाविद्यालय में विभिन्न भवनों का लोकार्पण भी होगा

**ग्वालियर।** केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया 24 मार्च को विजयाराजे शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय मुरार के वार्षिकोत्सव 2024-25 का शुभारम्भ करेंगे। इस दिन प्रातः लगभग 10 बजे यह कार्यक्रम आयोजित होगा। श्री सिंधिया विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरूस्कार भी वितरित करेंगे। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी जायेगी। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया द्वारा विजयाराजे शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नवनिर्मित ललितकला संकाय भवन, पुस्तकालय भवन व विज्ञान भवन प्रथम तल का लोकार्पण भी करेंगे। विश्व बैंक परियोजना के अंतर्गत राज्य शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई लगभग 8 करोड़ रूपये की धनराशि से इन भवनों का निर्माण हुआ है। लोकार्पण एवं वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, उद्यानिकी, खाद्य प्रसंस्करण, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री राकेश शुक्ला, सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह, क्षेत्रीय विधायक डॉ. सतीश सिकरवार व पूर्व विधायक श्री मुन्नालाल गोयल को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है।

# विशाल नि:शुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर सम्पन्न




**मुरैना, कांस।** अग्रवाल महासभा मुरैना के तत्वावधान में स्व. श्रीमती उर्मिला देवी पत्नी स्व. श्री रामबाबू बंसल (बूरे वाले) की पावन स्मृति पर विशाल नि:शुल्क नेत्र एवं स्वास्थय चिकित्सा शिविर का आयोजन द्रोपदी देवी पब्लिक स्कूल रेल्वे अण्डर ब्रिज के बगल से, फाटक बाहर मुरैना पर दिनांक 23 मार्च रविवार को किया गया। इस शिविर में डॉ. जतिन गर्ग नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ. नवीन गर्ग दन्त एवं त्वचा रोग विशेषज्ञ, डॉ. नितिन मित्तल नाक कान गला रोग विशेषज्ञ, डॉ. पुष्पक गोयल सांस एवं फेंफडा रोग विशेषज्ञ, डॉ. अंशु अग्रवाल स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ. उमेश शर्मा फिजीशियन द्वारा अपनी सेवाएं प्रदान की गई। शिविर का शुभारंभ अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष श्री मोहन बंसल एवं महामंत्री श्री ताराचंद मंगल कार्यकम संयोजक श्री अंशू सिंघल, अग्रवाल महसभा संरक्षक गिर्राज सिंघल, महेशचंद अग्रवाल, श्रीमती शशि अग्रवाल, श्रीमती माधुरी मित्तल एवं सभी डॉक्टरों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। शिविर के संयोजक श्री अंशू सिंघल ने बताया कि इस चिकित्सा शिविर में कुल 955 पंजीयन किये गये जिसमें से आंखो के 335 मरीज थे उनमें से 47 मरीजों को ऑपरेशन के लिए ले जाया गया। करीब 350 मरीजों की शुगर की जांच की गई एवं 565 मरीजों का बी.पी. चैक किया गया। शिविर में उपस्थित सभी मरीजों को अग्रवाल महासभा द्वारा नि:शुल्क दवाईयां उपलब्ध कराई गईं। इस शिविर में नगर निगम के कर्मचारीयों के द्वारा सरकारी योजनाओं की जानकारी भी उपस्थित लोगों को उपलब्ध कराई गई। महिला मण्डल द्वारा सभी मरीजों को तौलीया एवं साफी नि:शुल्क वितरित की गई। अमित मंगल, नितिन मंगल एवं मनोज मंगल ने दवाईयों के वितरण में अपना सहयोग प्रदान किया। शिविर के अंत में सभी डॉक्टरों का शॉल, शील्ड एवं श्रीफल देकर सम्मान किया गया। इस शिविर में द्रोपदी देवी पब्लिक स्कूल के संचालक श्री रौनक गुप्ता जी के द्वारा विशेष सहयोग प्रदान किया जिसके लिए अग्रवाल महासभा इनका धन्यवाद ज्ञापित करती है। इस कैम्प में मुख्य रूप से अग्रवाल महासभा के संरक्षक श्री गिर्राज सिंघल, श्री महेशचंद अग्रवाल, गिरीश अग्रवाल, हरीनारायण गुप्ता, मुन्नालाल मित्तल, सुधीर गोयल, शिवकुमार गर्ग, मनोज सिंघल, रवि गर्ग, हिमांशू टिंकल, श्रीमती शशि अग्रवाल, श्रीमती माधुरी मित्तल, खेमचंद मित्तल, आदि लोग उपस्थित थे।

# हिंदू संस्कृति और हिंदू मान दंडों की रक्षार्थ गौ रक्षा एवं सेवा हेतु समाज जागरण की नितांत आवश्यकता




**मुरैना, कांस।** मुरैना में रेल्वे स्टेशन के पीछे ब्रह्म विद्यालय, सरस्वती शिशु मंदिर के परिसर में विश्व हिंदू परिषद की विभाग बैठक का आयोजन किया गया। इस विभाग बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित अथितियों में प्रांतीय उपाध्यक्ष नबल सिंह भदौरिया एवं प्रान्त सह गौ रक्षा प्रमुख बालकृष्ण शर्मा तथा मध्य भारत प्रांत की दुर्गा वाहिनी सह संयोजिका श्रीमती रचना चौहान उपस्थित रहे। इस विभाग बैठक में सर्वप्रथम मंचासीन अतिथियों के द्वारा प्रभु श्रीराम के दरवार की पूजा अर्चना कर माल्या अर्पण कर की गयी। विभाग बैठक का संचालन मुरैना विभाग के विभाग मंत्री राम सिंह मीणा ने किया। बैठक में कमल दुबे धर्मेंद्र शर्मा और श्रीमती रेनू शिवहरे के द्वारा मंच पर आसीन अतिथियों का तिलक लगा फल देकर सम्मान किया गया। बैठक में आगामी 30 मार्च से 12 अप्रैल मे होने वाले कार्यक्रम रामनबमी तथा 05 मई से 12 मई तक सीता नवमी कार्यक्रमो की जानकारी हेतु उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को मुख्य अतिथितियों का मार्गदर्शन भी प्राप्त हुआ। बैठक में आगे संगठन के कार्य विस्तार समिति गठन की जानकारी लेते हुए बालकृष्ण भाई साहब ने देशी गौ माता की सेवा को विशेष महत्व दिया। इस बैठक में विभाग में निवासरत प्रांत के समस्त अधिकारी,विभाग और जिलों की समस्त कार्यकारिणी तथा प्रखंड अध्यक्ष,उपाध्यक्ष, मंत्री, सह मंत्री, संयोजक और सह संयोजक तथा मात्र शक्ति एवं दुर्गा वाहिनी की बहनें उपस्थिरही पूर्णता मंत्र के बाद विभाग बैठक का समापन किया गया।

# शहीदे आजम भगत सिंह का शहादत दिवस मनाया।

**मुरैना, कांस।** जिले में विभिन्न स्थानों पर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी , मध्य प्रदेश किसान सभा तथा जनवादी नौजवान सभा की ओर से शहीदे आजम भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु का शहादत दिवस मनाया गया। 23 मार्च 1931 को देश की आजादी की जंग में 23 साल की उम्र में शहीदे आजम भगत सिंह को उनके साथियों सुखदेव और राजगुरु के साथ फांसी के फंदे पर लटकाया गया। उन्होंने हंसते-हंसते फांसी के फंदे को चुम्मा और ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ जोरदार संघर्ष का आगाज किया। उसके बाद देश में जो क्रांति की ज्वाला उठी, उसने ब्रिटिश साम्राज्य को उखाड़ कर फेंक दिया। आज देश भर में उनका शहादत दिवस मनाया गया। इसी अनुक्रम में मुरैना में बिस्मिल पार्क में , कैलारस में निरारा , बस्तौली आदि स्थानों पर सबलगढ़ में पुरानी सब्जी मंडी तिराहे पर इसके अलावा विभिन्न मोहल्ले और गांवों में भी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनका शहादत दिवस धूमधाम से मनाया गया।

# निष्काम कर्म भक्ति एवं वेदों का सार : दशरथ दास



**मुरैना, कांस।** मेजर रामकुमार शर्मा परमार्थ न्यास में प्रभु श्री सीताराम जी की पूजा अर्चना, रामचरित मानस का पाठ, एवं विनय पत्रिका एवं भक्तमाल की कथा हुई इसके साथ ही 266 मरीजो ने अपना परीक्षण करा के उपचार कराया, विषय बार मरीजो की संख्या इस प्रकार रही -दन्त रोग 89 स्व॰ जगदीश प्रसाद गुप्ता मेडिसिन कक्ष में 73, नाक कान गला 47, सर्जरी 42, अस्थि रोग 45, नैत्र रोग 25, अन्य उक्त शिविर में विशेष रूप से निम्न कार्य सम्पादित किये गए -दांतों के सेट0, ब्लड प्रेसर की जाँच 42, ई.सी.जी 1, इंडियन डेंटल एसोसिएशन के तहत तम्बाखू, बीड़ी, सिगरेट, शराब से ग्रसित मरीज 32, नशा छोड़ने का संकल्प लिया 19, फिजियोथेरेपी मशीन से उपचार 32, एम्स में पंजीयन0 इसके अलावा स्व. अंकित जैन स्मृति दन्त चिकित्सा कक्ष मे- दांत शल्य क्रिया59, अल्ट्रासोनिक मशीन से पायिरिया का इलाज22, परमार्थ न्यास में आँखों की डिजिटल जांच की सुविधा स्व. प्रकाश शर्मा स्मृति कक्ष मे प्रारंभ हुई जिसमेङ्क आँखों की जाँच 16 एवं इलेक्ट्रिकल लैंप के माध्यम से चश्मे का नंबर प्रदान किये, निष्काम भाव से सेवको ने सेवा की। डॉ एस.के.शर्मा, डॉ बी.एल. राजपूत, प्रदीप शर्मा, सुषमा शर्मा, गुड्डी, लक्ष्मी, कस्तूरी, सलोनी, ममता, बबीता, सरिता, मुन्नी, ओमवती, मनीराम, हाकिम, होतम, श्याम शर्मा, भगवान शर्मा, दीपू तोमर, मयूर, प्रकाश, गौरव, अभिषेक, रामचरण, पुरुषोत्तम, जितेंद्र, महावीर, रामसिंह, रामवीर, पवन ने नि॰शुल्क सेवाए प्रदान की। प्रत्येक रविवार की तरह सभी समाजसेवियो ने अपनी सेवाये परमार्थ न्यास में यथावत प्रदान की। भगवान स्वरूप में पधारे हुये सभी मरीजों ने अपना ईलाज कराया।

# रोटरी मेडिकल मिशन की तैयारी युद्ध स्तर पर जारी, 26 मार्च से 2 अप्रैल तक लगेगा मेगा शिविर

## देश के नामचीन चिकित्सक करेंगे शिरकत

**मुरैना,कांस।** स्व. श्रीमती मोहन प्यारी माहेश्वरी जी की स्मृति में रोटरी रीजनल मेडिकल मिशन राहत 2 जो 26 मार्च से 02 अप्रैल 2025 तक विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह तोमर की अध्यक्षता एवं राज्यसभा सदस्य श्री विवेक तन्खा के मार्गदर्शन एवं मध्य प्रदेश सरकार द्वारा एस.ए फ़ पुलिस परेड ग्राउंड मुरैना में लगाया जा रहा है। जिसकी तैयारी युद्ध स्तर पर जारी है।



एस.ए फ़ परेड ग्राउंड में टेंट सिटी बनाई जा रही है, जिसमें तीन बड़े डोम एक डोम वातानुकूलित जो चिकित्सकों की ओपीडी के लिए रहेगा। साथ ही एक डोम में सांस्कृतिक आयोजन हेतु तथा एक और अन्य डोम में सभी खून की जांच, बी.पी, शुगर ई सी जी आदि एवं दवा वितरण की व्यवस्था रखी गई है।

विशिष्ट अतिथियों के लिए वीआईपी लॉन्च की व्यवस्था अलग से रखी गई है, जो मरीज इस मेगा शिविर में रजिस्ट्रेशन कराने से वंचित रह गए हैं। वह 26 मार्च से 2 अप्रैल तक एस.ए.फ ग्राउंड में अपना स्पॉट रजिस्ट्रेशन करा कर भी डॉक्टर से परामर्श ले सकते हैं। मेगा शिविर में देश के प्रमुख संस्थानों जैसे एम्स, मेदांता, जीबी पंत, मानिपाल, रेनबो, राजीव गांधी, अपोलो, मैक्स, गंगाराम, श्रॉफ, हमदर्द, नेशनल हार्ट, आर्टिमिस, राम मनोहर लोहिया, महाराजा अग्रसेन हॉस्पिटल आदि के वरिष्ठ चिकित्सक गण शामिल होंगे। आमजन से अपील है कि बाहर से आए हुए डॉक्टर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपना स्पॉट पंजीयन कराकर डॉक्टर से परामर्श प्राप्त करे।

# एमआईटीएस के सात दिवसीय रासेयो शिविर का हुआ शुभारंभ

**ग्वालियर,नसं.।** एमआईटीएस सम विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर का शुभारंभ गालव ऋषि आईटीआई कॉलेज बड़ागांव में किया। शिविर के उद्घाटन समारोह में सम विश्वविद्यालय के डीन एडमिनिस्ट्रेशन डॉ. आर एस जादौन मुख्य अतिथि एवं गालव ऋषि आईटीआई कॉलेज के संचालक श्री मुनेंद्र सिंह चौहान विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उद्घाटन समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना से हुई।



तत्पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. दीप किशोर परसेड़िया ने अतिथियों का स्वागत करते हुए साथ दिवसीय विशेष शिविर की रूपरेखा बताई। उन्होंने बताया कि शिविर के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक अलग-अलग गतिविधियां करेंगे जिनमें मुख्यता प्रभात फेरी, श्रमदान, ध्यान एवं योग, रैली और विभिन्न जागरूकता अभियान शामिल होंगे। शिविर में प्रतिदिन दो से तीन बौद्धिक सत्र का आयोजन किया जाएगा जिनके माध्यम से स्वयंसेवक सामाजिक कल्याण में सामूहिक योगदान करना सीखेंगे। उद्घाटन सत्र में एम आई टी एस सम विश्वविद्यालय के डीन एडमिनिस्ट्रेशन डॉ. जादौन ने छात्रों को राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत सामूहिक योगदान के लिए मार्गदर्शन किया। उन्होंने बताया की राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से स्वयंसेवक अपने व्यक्तित्व का विकास अच्छी तरह से कर सकता है। तत्पश्चात आईटीआई कॉलेज के संचालक श्री भदौरिया जी ने छात्रों को सामाजिक कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। उद्घाटन सत्र के अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुरेंद्र कुमार चौरसिया ने सभी का आभार व्यक्त किया। उद्घाटन सत्र के उपरांत सभी स्वयंसेवकों ने श्रमदान करके बेटी बचाओ पढ़ाओ बेटी के शीर्षक पर रैली निकालकर बड़ा गांव क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाया।

# राजा मानसिंह तोमर संगीत कला विश्वविद्यालय के छात्र विकास गोयल मुरैना ने हासिल किया तृतीय स्थान

**मुरैना,कांस।** हाल ही में एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज़ की ओर से एमिटी यूनिवर्सिटी नोएडा दिल्ली में आयोजित 38 वे राष्ट्रीय युवा उत्सव में राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय ग्वालियर के छात्र छात्राओं ने उत्कर्ष प्रदर्शन किया उनका मुकाबला देश भर के 142 विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं से था।



यह युवा उत्सव प्रतियोगिता 3 मार्च से 7 मार्च 2025 तक अमिटी यूनिवर्सिटी नोएडा दिल्ली में आयोजित की गई दल का नेतृत्व छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ .हिमांशु द्विवेदी ने किया जिसमें मुरैना शहर के विकास सिंह गोयल ने स्किट विद्या में संगतकार की अहम भूमिका निभाई और उसमें तृतीय स्थान प्राप्त कर शहर का नाम रोशन किया जिसमें उन्होंने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता एकांकी विद्या में संगतकार की भूमिका निभाई और द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं सेंट्रल जोनल स्तरीय प्रतियोगिता में एकांकी विद्या में प्रथम स्थान प्राप्त किया और स्किट विद्या में द्वितीय स्थान प्राप्त किया बुधवार को दल के विश्वविद्यालय लौटने पर छात्र-छात्राओं को मेडल वह ट्रॉफी से सम्मान किया गया इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. स्मिता सहस्त्रबुद्धे और डॉ.हिमांशु द्विवेदी विभाग अध्यक्ष नाट्य एवं रंगमंच संकाय, सहित अन्य शिक्षक व छात्र गण मौजूद रहे इसका आयोजन राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय ग्वालियर में हुआ।

# कलेक्टर ने नगर निगम आयुक्त के साथ शीतला माता मंदिर पहुंचकर मेले की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

## मंदिर पहुँच मार्ग पर नगर निगम एवं जिला पंचायत के माध्यम से की जायेगी प्रकाश व्यवस्था, मेले के दौरान सुरक्षा के पुख्ता प्रबंधन रहेंगे

**ग्वालियर,नसं.।** नवदुर्गा के अवसर पर शीतला माता मंदिर पर लगने वाले भव्य मेले की व्यवस्थाओं का कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय एवं विभागीय अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने कहा है कि नवरात्रि के अवसर पर शीतला माता मंदिर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण माता के दर्शन के लिये आते हैं। दर्शन के लिये आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो, इसके लिये सभी प्रबंधन समय रहते पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि नवरात्रि के दौरान देर रात तक श्रद्धालु मंदिर पहुँचते हैं। मंदिर पहुँचने के मार्ग पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था हो, इसके लिये नगर निगम अपने क्षेत्र में एवं पंचायत अपने क्षेत्र में प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करें। इसके साथ ही मंदिर परिसर में भी आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसका भी विशेष ध्यान दिया जाए। कलेक्टर श्रीमती चौहान एवं नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने शीतला माता मंदिर पहुँचकर माता के दर्शन किए और आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने मंदिर प्रबंधकों से भी चर्चा कर मेले की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली और कहा कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की दिक्कत न हो, इसके लिये मंदिर प्रशासन भी हर संभव उपाय करे। उन्होंने यह भी कहा कि मंदिर परिसर के आस-पास श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये शौचालय आदि की व्यवस्था को भी समय रहते पूर्ण कर लिया जाए।



कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने कहा कि मेले के दौरान सुरक्षा के भी पुख्ता प्रबंध किए जायेंगे। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, यह सुनिश्चित किया जायेगा। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त नगर निगम श्री मुनीष सिकरवार सहित निगम के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# थानों के कोर्ट मुंषी एक टीम के रूप में कार्य करके अधिक से अधिक लंबित चालानों का करें निराकरण: एसएसपी ग्वालियर

## बैठक में एसएसपी ग्वालियर ने लंबित चालान पेष करने में आने वाली समस्याओं को जाना और निराकरण के निर्देष दिये, एससी/एसटी एवं महिला संबंधी अपराधों के चालान किसी भी स्थिति में लंबित नही रहना चाहिए।

**ग्वालियर।** पुलिस कंट्रोल रूम ग्वालियर सभागार में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री धर्मवीर सिंह(भापुसे) द्वारा कोर्ट मुंषियों की बैठक ली गई। बैठक में ग्वालियर जिले के समस्त थानों में पदस्थ सभी कोर्ट मुंषी उपस्थित रहे। जिसमें वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर द्वारा कोर्ट मुंषियों के कार्यो की समीक्षा सहित पेंडिंग चालान, एससी/एसटी एक्ट के लंबित चालान, महिला अपराधों के लंबित चालान के संबंध में मीटिंग ली जाकर कार्य में गतिषीलता लाने के निर्देष दिये गये। इस अवसर पर बैठक में अति. पुलिस अधीक्षक(पूर्व/यातायात/अपराध) श्री कृष्ण लालचंदानी(भापुसे), अति. पुलिस अधीक्षक(मध्य) श्रीमती सुमन गुर्जर, अति. पुलिस अधीक्षक(पष्चिम) श्री गजेन्द्र वर्धमान, अति. पुलिस अधीक्षक(ग्रामीण) श्री निरंजन शर्मा सहित समस्त सीएसपी, एसडीओपी एवं जिले के थानों के कोर्ट मुंषी उपस्थित रहे। इस अवसर पर एसएसपी ग्वालियर द्वारा वर्ष 2024 से पूर्व के सभी लंबित चालानों की विस्तार से थानावार समीक्षा की गई तथा उनके निराकरण के संबंध में आवष्यक दिषा निर्देष दिये गये। उन्होने कहा कि चालान माननीय न्यायालय में पेष करते समय अनावेदक को आवष्यक रूप से उपस्थित रखा जाए और एससी/एसटी एवं महिला संबंधी अपराधों के चालान किसी भी स्थिति में पेंडिग नही रहना चाहिए। बैठक में एसएसपी ग्वालियर ने कोर्ट मुंषियों को निर्देष दिये कि वह प्रतिदिन अधिक से अधिक चालान माननीय न्यायालय में पेष करें और अनवाष्यक चालान लंबित न रखे जाएं। बैठक में एसएसपी ग्वालियर ने सभी राजपत्रित अधिकारियों को निर्देष दिए कि वह अपने अधीनस्थ थानों में वर्ष 2024 से पूर्व के लंबित चालानों की प्रतिदिन समीक्षा कर उनके यथाशीघ्र निराकरण के प्रयास किये जावे।



उन्होने कहा कि आप सभी एक टीम के रूप में कार्य करेंगे तभी अधिक से अधिक लंबित चालानों का निराकरण किया जा सकेगा, साथ ही चालान पेष करने में आने वाली समस्या को अपने सीएसपी एवं एसडीओपी को बताकर उसका निराकरण कराऐं। जिन थानों की वर्ष 2024 से पूर्व के चालान की पेडेंसी निल पाई गई उनके कोर्ट मुंषियों को एसएसपी ग्वालियर द्वारा इनाम भी दिया गया।

बैठक में एसएसपी ग्वालियर ने कहा कि कोर्ट मुंषी के कार्य की समीक्षा हेतु नियमित बैठक ली जानी चाहिए, जिससे कोर्ट मुंषी की कार्यप्रणाली में सुधार आयेगा और जिसके सकारात्मक परिणाम भी प्राप्त होंगे क्योंकि कोर्ट मुंषी-पुलिस व न्यायालय के बीच की महत्वपूर्ण कड़ी है और कोर्ट मुंषी का मुख्य कार्य न्यायालय तथा पुलिस थानों के मध्य सेतु के रूप में कार्य करना है।

# जल संसाधन के समुचित प्रबंधन से सिंचाई रकबे में निरंतर वृद्धि : मंत्री श्री सिलावट

## मोहनपुरा-कुंडालिया को 'सर्वश्रेष्ठ समन्वित जल संसाधन प्रबंधन' पुरस्कार मिलने पर दी बधाई

**भोपाल,ब्यूरो।** जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में नवीन सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण और जल संसाधन के समुचित प्रबंधन से सिंचाई रकबे में निरंतर वृद्धि हो रही है। हर खेत तक पानी पहुंचाना प्रदेश सरकार का संकल्प है। मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि यह प्रसन्नता और गौरव का विषय है कि राजगढ़ जिले की मोहनपुरा-कुंडालिया सिंचाई परियोजना को जल संसाधनों के कुशल उपयोग, जल संरक्षण और कृषि क्षेत्र में सुधार के लिए सीबीआईपी (सेंट्रल बोर्ड ऑफ इरिगेशन एंड पॉवर) अवॉर्ड्स-2024 में 'सर्वश्रेष्ठ समन्वित जल संसाधन प्रबंधन' (बेस्ट आईडब्लूआरएम) पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इसके लिए विभागीय अमला तथा क्षेत्र के किसान बधाई के पात्र हैं।




पुरस्कार नई दिल्ली में सेंट्रल बोर्ड ऑफ इरीगेशन एंड पॉवर के ज्यूरी सदस्य श्री ए.के. दिनकर, श्री घनश्याम प्रसाद एवं डॉ. एम.के. सिन्हा द्वारा गत दिवस दिया गया है। इसे मुख्य अभियंता एवं परियोजना निदेशक श्री जीपी सिलावट, अधीक्षण यंत्री एवं परियोजना प्रशासक श्री विकास राजोरिया, परियोजना निदेशक श्री शुभंकर बिस्वास ने प्राप्त किया।

मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि यह पुरस्कार मध्यप्रदेश की अभिनव जल प्रबंधन प्रणाली और सतत कृषि विकास में योगदान को मान्यता प्रदान करता है। यह सम्मान राज्य सरकार की दूरदर्शी जल प्रबंधन नीतियों और कुशल कार्यान्वयन का परिणाम है। पुरस्कार जल संरक्षण और आधुनिक सिंचाई प्रणालियों के विस्तार को प्रोत्साहित करेगा। उन्होंने बताया कि मोहनपुरा-कुंडालिया सिंचाई परियोजना की सबसे बड़ी खासियत 'रिजर्वायर से सीधे खेत तक' (रिजर्वायर टू फॉर्म) पानी पहुंचाने की नवीनतम तकनीक है। इस तकनीक में पारंपरिक नहरों के बजाय प्रेशराइज्ड पाइप लाइन नेटवर्क का उपयोग किया जाता है, जिससे पानी बिना किसी रिसाव और वाष्पीकरण के सीधे खेतों तक पहुँचता है। पाइप लाइन आधारित सिंचाई प्रणाली से जलाशय से निकलने वाला पानी बिना खुली नहरों के सीधे किसानों तक पाइपों के माध्यम से पहुँचाया जाता है, जिससे पानी का अपव्यय न के बराबर होता है। मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि भू-जल स्तर संतुलन, पर्यावरणीय संतुलन, जलभराव, मिट्टी कटाव और जैव विविधता संरक्षण के साथ ही जल प्रबंधन में यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। मोहनपुरा-कुंडालिया सिंचाई परियोजना ने मध्यप्रदेश को जल प्रबंधन के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बना दिया है। इस पुरस्कार से यह सिद्ध होता है कि नवीनतम तकनीकों और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ जल संसाधनों का उपयोग किया जाए, तो जल संरक्षण और सतत कृषि विकास को बढ़ावा दिया जा सकता है। यह परियोजना अन्य राज्यों के लिए भी एक प्रेरणादायक मॉडल बनेगी और जल संसाधन प्रबंधन में मध्यप्रदेश की भूमिका को और सशक्त बनाएगी।

### वे नवाचार जिनके चलते मिला पुरस्कार

ऊर्जा दक्षता - पानी को खेतों तक पहुँचाने के लिए प्राकृतिक ढलान और पम्पिंग सिस्टम का उपयोग किया, इससे कम ऊर्जा खपत के साथ किसानों को सिंचाई में अतिरिक्त लागत नहीं लगती। ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई का समावेश - खेतों में ड्रिप और स्प्रिंकलर तकनीक को बढ़ावा दिया, जिससे किसान कम पानी में अधिक उत्पादन कर सकते हैं। जलभराव और मिट्टी कटाव रोकथाम - पारंपरिक नहरों में होने वाले जलभराव और मिट्टी के कटाव की समस्या इस प्रणाली में समाप्त हो गई, जिससे पर्यावरणीय संतुलन बना रहता। हर मौसम में जल उपलब्धता - यह प्रणाली रबी और खरीफ दोनों सीजन में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करती है, जिससे किसान अधिक आत्मनिर्भर बनते हैं।

### आईडब्लूआरएम सिद्धांतों का सफल क्रियान्वयन

परियोजना में जल संसाधनों के समुचित और समग्र प्रबंधन का एक उदाहरण प्रस्तुत किया है। आईडब्लूआरएम के तहत जल की उपलब्धता, कुशल उपयोग और पर्यावरणीय स्थिरता सुनिश्चित की गई है।

पारंपरिक नहरों की जगह प्रेशराइज्ड पाइप लाइनों से जल सप्लाई की। सभी जल उपभोक्ताओं को परियोजना से कृषि, पीने के पानी का समान वितरण किया। साथ ही उद्योगों के लिए भी जल आरक्षित किया गया। किसानों को आधुनिक कृषि और जल प्रबंधन तकनीकों की जानकारी दी गई, ताकि वे जल का बेहतर उपयोग कर अधिक उत्पादकता हासिल कर सकें।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वरिष्ठ साहित्यकार श्री विनोद कुमार शुक्ल को ज्ञानपीठ पुरस्कार के लिए चयन पर दी बधाई

**भोपाल,ब्यूरो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रायपुर निवासी वरिष्ठ साहित्यकार श्री विनोद कुमार शुक्ल को 59वां ज्ञानपीठ पुरस्कार दिए जाने की घोषणा पर उन्हें बधाई दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस पुरस्कार के लिए श्री शुक्ल का चयन उनकी सृजनात्मक शक्ति और प्रतिभा के सम्मान के साथ ही हिन्दी साहित्य जगत का भी सम्मान है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हिंदी साहित्य जगत के यशस्वी कवि एवं साहित्यकार श्री विनोद कुमार शुक्ल छत्तीसगढ़ राज्य के प्रथम और हिन्दी भाषा के 12वें साहित्यकार हैं, जिन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि श्री शुक्ल ने प्रयोगधर्मी लेखन और सरल भाषा शैली के माध्यम से वृहद पाठक वर्ग को साहित्य से जोड़ने में सफलता प्राप्त की है। श्री शुक्ल का साहित्य सृजन मानवीय संवेदनाओं से ओतप्रोत थे। वे सरल और जीवन से जुड़ी हिन्दी में लेखन करते हैं। श्री शुक्ल को मिल रहा ज्ञानपीठ पुरस्कार उनती कृतियों का ही सम्मान नहीं बल्कि यह साहित्य जगत से जुड़ी युवा पीढ़ी के लिए प्रेरक भी है।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक, रामविलास शर्मा द्वारा पहल प्रिंटर्स प्लाट नं. 27 बांके सैंथिया टाउन मौजा ककुआ आगरा, उत्तरप्रदेश से मुद्रित व 192,मानस नगर शाहगंज बोदला रोड आगरा (उत्तरप्रदेश) से प्रकाशित। संपादक- रामविलास शर्मा मोबा.-9329077393
स्थानीय संपादक- संतोष शर्मा मो.97202 02708, email-sandhyapahal@yahoo.com आर.एन.आई.पंजीयन क्रमांक UPHIN/2008/25338 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र मुरैना ही रहेगा।